मीरपुर
टेस्ट में भारत को पहली पारी में मिली 87 रन की बढ़त
पेज 10 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● पौष शुक्ल पक्ष 01 ● विक्रम संवत 2079 ● शनिवार, 24 दिसम्बर 2022 ● वर्ष-23 ● अंक-318 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50



# अब नाक में कुछ बूंदें डालकर शरीर की कोरोना प्रतिरोधक क्षमता बढ़ायी जायेगी

### भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड कंपनी की बनायी नाक में डालनेवाली कोरोना दवा का नाम है इनकोवैक (बीबीवी154)

### इसे पहले खुराक व बूस्टर खुराक दोनों के रूप में देने की मिली है मंजूरी

**- ब्यूरो। नयी दिल्ली**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने गुरुवार 22 दिसम्बर को संसद के दोनों सदनों में बताया कि विशेषज्ञ समिति ने कोरोना वायरस के लिए नाक से दी जानेवाली दवा नेजल वैक्सीन की मंजूरी दे दी है। इससे यह होगा कि जो सुई नहीं लगवाना चाहते वह नाक में कुछ बूंद डालने वाली कोरोना दवा ले सकता है। वैसे तो सीरम कंपनी का बनाया कोरोना का इंजेक्शन काफी मात्रा में अभी भी होने की बात कही जा रही है। जिसके कारण कई राजनीतिक आपसी बातचीत में कह रहे हैं कि



लगता है अब सिरम कंपनी का पूरा स्टॉक खत्म होने का माहौल बन रहा है। जहां तक नाक से दी जानेवाली कोरोना दवा की बात है तो इसे भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड ने बनाया है। उस कंपनी ने 28 नवम्बर को कहा था कि उसकी नाक से दी जानेवाली कोरोना वैक्सीन इनकोवैक (बीबीवी154) को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) से अनुमति मिल गयी है। ये नाक से दी जानेवाली कोरोना दवा 18 साल या उससे ज्यादा उम्र के लोगों को आपात स्थिति में उपयोग की जा सकेगी। नाक से दी जानेवाली कोरोना दवा का नाम इनकोवैक है। जो विश्व का पहला ऐसा टीका है जिसे प्राथमिक सीरीज ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## टेस्टिंग-ट्रीटमेंट-ट्रेसिंग

### राज्यों के लिए केंद्र ने जारी की गाइडलाइन

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

चीन, जापान और अमेरिका सहित कई देशों में बढ़ते कोरोना केस को देखते हुए भारत सरकार भी सर्तक है। चाइना में हाल के ज्यादातर कोविड मामले के सब वेरिएंट बीएफ.7 के हैं। भारत में भी बीएफ.7 के चार केस आ चुके हैं।



इसको देखते हुए केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने तैयारी शुरू कर दी है। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कोविड-19 की रोकथाम की तैयारियों को लेकर राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बैठक की। मीटिंग के बाद शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गाइडलाइन जारी की। इसमें केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने राज्यों को चिट्ठी लिखकर कहा है कि आनेवाले दिनों में त्योहार आ रहे हैं, इसलिए खास ध्यान दें। इसके साथ ही ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### वन रैंक वन पेंशन योजना में रिवीजन, 25 लाख लोगों को होगा लाभ

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए वन रैंक वन पेंशन योजना को रिवाइज कर दिया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि वन रैंक वन पेंशन का रिवीजन किया गया है। इस योजना में पहले 20.60 लाख पेंशनरों को लाभ मिलता था, लेकिन अब रिवीजन के बाद 25 लाख लोगों को फायदा होगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इससे सरकार पर 8500 करोड़ का भार आयेगा। इसका लाभ परिवार पेंशनधारकों के साथ युद्ध में शहीद होनेवाले जवानों की विधवाओं एवं दिव्यांग पेंशनधारकों को भी मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इसके तहत जुलाई 2019 से जून 2022 तक की अवधि का एरियर या बकाया भी दिया जायेगा, जिसमें 23,638.07 करोड़ रुपये की राशि बनती है।

### पूर्व सांसद फुरकान अंसारी वाहन दुर्घटना में घायल



**रांची।** पूर्व सांसद और जामताड़ा के वर्तमान कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के पिता फुरकान अंसारी शुक्रवार को वाहन दुर्घटना में झारखंड विधानसभा परिसर में गंभीर रूप से घायल हो गये। झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन विधायक इरफान अंसारी के पिता भी विधानसभा पहुंचे थे। विधानसभा में जैसे ही उनकी फॉर्च्यूनर गाड़ी आगे बढ़ी सीएम की सुरक्षा में जा रही कारकेड से टकरा गयी। फिलहाल उन्हें बेहतर इलाज के लिए नजदीक के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# नरम गरम सदन

झारखंड विधानसभा के पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में सभी दिन नरम गरम सदन का माहौल रहा। मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने सदन में विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास किया, तो वहीं सरकार ने सभी प्रश्नों का जवाब दिया। सदन के पांचवे व अंतिम दिन शुक्रवार को सरकार ने राजभवन से वापस तीन विधेयकों को सदन से पारित करा लिया, तो दूसरी ओर विपक्ष के विधायक सदन के बाहर बांग्लादेशी घुसपैठिये सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते नजर आये।

## राजभवन से वापस किये गये तीन विधेयक पारित



### माले और आजसू विधायक ने विधेयक को प्रवर समिति में भेजने का किया आग्रह

### माले विधायक ने कहा- विधेयक पर 30 दिनों में मांगी जाये रिपोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शीतकालीन सत्र के आखरी दिन राज्य सरकार ने राजभवन से वापस किये गये तीन विधेयकों को सदन पर चर्चा के बाद पारित करा लिया। इन विधेयकों में झारखंड वित्त विधेयक 2022, झारखंड कराधान अधिनियमों की बकाया राशि का समाधान विधेयक 2022 व झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन एवं सुविधा) विधेयक 2022 शामिल है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में राज्यपाल ने इन विधेयकों को वापस कर दिया था। जिसके बाद इन विधेयक को सदन से वापस लिया गया और दोबारा सदन में लाया गया। वित्त विधेयक 2022 पर चर्चा के दौरान माले विधायक विनोद सिंह और आजसू विधायक लंबोदर महतो ने इस विधेयक को प्रवर समिति में भेजने का आग्रह किया। विनोद सिंह ने कहा कि विधेयक पर 30 दिनों में रिपोर्ट मांगी जाये। उन्होंने कहा कि सदस्यों को विधेयक की कॉपी एक दिन पहले दी गयी, जबकि इस विधेयक में 64 बिंदु हैं। उन्होंने कहा कि नियमावली में इस बात का जिक्र है कि सदस्यों को विधेयक की कॉपी सात दिन पहले मिले। ऐसे में बिना अध्ययन किये फिर यह विधेयक पारित हो ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## स्थानीय नीति सदन से पारित करा कर राज्यपाल को भेजी

### सदन में चर्चा की मांग को लेकर भाजपा विधायकों ने किया हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पांचवें और अंतिम दिन शुक्रवार को संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति सदन से पारित कर 9वीं अनुसूचि में डालने का प्रस्ताव पास कराकर राज्यपाल को भेज दिया गया है। आलम ने भाजपा के अमित मंडल के प्रश्न के जवाब में कहा कि विधि विभाग की जो भी शंका थी, उसे दूर करके ही राज्यपाल के पास भेजा गया है। अब जो करना है, केंद्र सरकार को करना है। विधि विभाग ने कहा है कि पार्लियामेंट के पास अधिकार है। लोक नियोजन में समानता का जो अधिकार है, उसमें संसद ही कुछ कर सकती है। 9वीं अनुसूची में शामिल होने के बाद राज्य में लागू हो जायेगा। तमिलनाडु में 69 प्रतिशत आरक्षण देने के मामले को 9वीं अनुसूची में शामिल किया गया है। इस पर भाजपा के विधायक सवाल पूछना चाह रहे



थे और सदन में चर्चा चाह रहे थे, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने कहा कि सरकार की ओर से जवाब दे दिया गया है। इसके बाद भाजपा के विधायक वेल में जाकर हंगामा करने लगे।

दो दिन पहले सदन में भाजपा विधायक अमित मंडल ने पूछा था कि मीडिया के माध्यम से पता चला है कि विधि विभाग ने 1932 पर आपत्ति जतायी है। इसके बाद भी सदन से ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



## सेना का ट्रक दुर्घटनाग्रस्त जेसीओ सहित 16 शहीद

### तीन वाहनों के काफिले में शामिल था दुर्घटनाग्रस्त वाहन

### जेमा के रास्ते में एक तीखे मोड़ पर खड़ी ढलान पर फिसल गया

**एजेंसी। जेमा (सिक्किम)**

उत्तरी सिक्किम के जेमा में शुक्रवार को सेना का एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दर्दनाक सड़क हादसे में भारतीय सेना के 16 जवान शहीद हो गये। दुर्घटनाग्रस्त वाहन तीन वाहनों के काफिले में शामिल था। काफिला चटन से सुबह थंगू की ओर बढ़ा था। जेमा के रास्ते में वाहन एक तीखे मोड़ पर खड़ी ढलान पर फिसल गया। हादसे के बाद तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया और चार घायल सैनिकों को हवाई मार्ग से निकाला गया। हादसे में तीन जूनियर कमीशंड अधिकारियों और 13 सैनिक शहीद हो गये। भारतीय सेना की ओर से शहीद जवानों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गयी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुर्घटना में जवानों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट किया : उत्तरी सिक्किम में एक सड़क दुर्घटना के कारण भारतीय सेना के जवानों की मौच से गहरा दुख हुआ। राष्ट्र उनकी सेवा और प्रतिबद्धता के लिए हृदय से आभारी है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। जो लोग घायल हुए हैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।

## सीएम का आदेश : एई के विरुद्ध चलेगा अभियोजन

### मामले में उप मुखिया समेत अन्य पर भी वित्तीय अनियमितता का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल थाना कांड संख्या-47/2019 के अभियुक्त सुरेश राम, तत्कालीन पुनर्वास पदाधिकारी, वर्तमान सहायक अभियंता विशेष प्रमंडल, गुमला के विरूद्ध अभियोजन स्वीकृत्यादेश दिया है। इस मामले में सहायक अभियंता के अलावा ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री ने आर्चबिशप से मिल 'क्रिसमस' की दी बधाई



**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन शुक्रवार को पुरुलिया रोड स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंचकर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो से मुलाकात कर 'क्रिसमस' पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आर्चबिशप हाउस परिसर में बालक प्रभु यीशु के दर्शन किये। मौके पर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 'क्रिसमस' पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आर्चबिशप हाउस परिसर में कहा कि 'क्रिसमस' का पर्व हमसभी के लिए बहुत उत्साह, उमंग और खुशी का दिन होता है। मैं 'क्रिसमस' के मौके पर पूरे झारखंडवासियों को बधाई व शुभकामनाएं देता हूं।

## दो टूक

## सोनिया गांधी ने संसद से बाहर बेहद अशोभनीय बयान दिया : धनखड़

# न्यायपालिका को अवैध कहना मौत की घंटी के समान

### सोनिया ने कहा था - सुधार के बहाने न्यायपालिका को कमजोर करने की कोशिश कर रही सरकार

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी की न्यायपालिका को अमान्य करनेवाली टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी है। राज्यसभा के पदेन सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि अगर उन्होंने इस मामले में कुछ नहीं कहा होता, तो यह उनके द्वारा ली गयी संविधान की शपथ को खारिज करना होता। साथ ही वह अपने संवैधानिक दायित्वों को निभाने में विफल हो जाते। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने सदन में इस मुद्दे को उठाया और उनके वरिष्ठ सहयोगी और विपक्ष





के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने मांग की कि अगर एक लोकसभा सदस्य (सोनिया गांधी) बाहर बात करती है, तो राज्यसभा में इस पर चर्चा नहीं की जानी चाहिए। सोनिया गांधी ने कहा था कि सरकार न्यायिक सुधार के बहाने न्यायपालिका को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। इस पर आपत्ति जताते हुए धनखड़ ने न्यायपालिका को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी को अशोभनीय करार दिया था।

राज्यसभा में धनखड़ ने कहा कि न्यायपालिका को लेकर सोनिया गांधी का बयान उनकी समझ और सोच से परे है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी पूरी तरह अनुचित है, जो लोकतंत्र में विश्वास की कमी का संकेत देती है। यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी का बयान मेरी समझ से परे है। न्यायपालिका को कमजोर करना मेरे विचारों से बिल्कुल भिन्न है। यह लोकतंत्र का स्तंभ है। मैं नेताओं से आग्रह करता हूं और अपेक्षा करता हूं कि वे उच्च संवैधानिक पदों पर पक्षपात का आरोप न लगायें। न्यायपालिका को अवैध और अमान्य कहने का मतलब लोकतंत्र की मौत की घंटी है। इस पक्षपातपूर्ण लड़ाई को आपस में सुलझाना होगा। उन्होंने प्रतिक्रिया नहीं दी होती तो इसका अपमानजनक परिणाम होता। मैंने इस विषय को जानने वाले सभी लोगों के साथ बड़े पैमाने पर होमवर्क किया।

वहीं, केंद्रीय मंत्री और सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### संसद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, छाया रहा चीन का मुद्दा

**नयी दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। सत्र के दौरान दोनों सदनों लोकसभा एवं राज्यसभा में सीमा पर चीन के अतिक्रमण का मुद्दा छाया रहा और कांग्रेस के सदस्यों ने इसको लेकर कई बार बहिर्गमन किया। लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने सत्र के अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने की अलग-अलग घोषणा की। संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसम्बर से शुरू हुआ था।

## आवश्यकता

ईश्वर में हमारा विश्वास

### राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**विगत 28 वर्षों से निरंतर डालटनगंज से प्रकाशित होने वाले हिंदी समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल को इसके रांची और डालटनगंज संस्करणों में निम्न पदों पर योग्य लोगों की आवश्यकता है : -**

| पद | संख्या | योग्यता | अनुभव | वेतन |
|---|---|---|---|---|
| उप संपादक | 05 | क्वार्क पर पेज बनाना<br>खबरें संपादित कर लेना | 02 साल | योग्यतानुसार |
| संवाददाता | 04 | अपराध, राजनीति की खबरें<br>लिख लेने की क्षमता | 02 साल | योग्यतानुसार |
| प्रशिक्षु | 04 | फील्ड में घूमने की ललक<br>ठीक-ठाक हिंदी<br>न्यूज सेंस हो | शून्य | योग्यतानुसार |


राष्ट्रीय नवीन मेल
ओमिक्रान बीएफ.7 क्या है? क्या हैं इसके लक्षण और बचाव के उपाय?

**अपना बायोडाटा और एक कवरिग लेटर हमें मोबाइल नंबर 7307071539 पर वाट्सएप्प करें।**

## NEWS इन ब्रीफ

### मानकीडीह में हाथी ने कई घरों को किया क्षतिग्रस्त, फसलें रौंदी

**रांची।** प्रखंड के मानकीडीह और गाड़ाडीह गांव में गुरुवार की देर रात एक बूढ़ा हाथी गांव में घुसकर जमकर उत्पात मचाया। हाथी के झुंड ने कई घरों को तोड़ा और फसलों को भी नुकसान पहुंचाया। गांव के जीतू महतो, भीमसेन महतो के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। किसान अलचंद्र महतो, सहदेव महतो, राहुल महतो आदि की सब्जी हाथी खा गए। शुक्रवार की सुबह गांव में नुकसान की सूचना मिलने पर हाथी मित्र तापस कर्मकार गांव पहुंचकर किसानों से मुलाकात कर मुआवजा प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी और वन विभाग से तत्काल मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

### सहोवती देवी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद सह क्रिसमस गैदरिंग

**रांची।** सहोवती देवी पब्लिक स्कूल चिलदाग में शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद सह क्रिसमस गैदरिंग समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विजय पांडेय ने कहा कि बच्चों का उत्साहवर्धन कर हम उन्हें प्रेरित कर सकते हैं। जेटीयू के कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी ने कहा कि सफलता के लिए कड़ी मेहनत और लगन जरूरी है। मौके पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर डॉ कुमुदकला मेहता, प्रिंसिपल एडवर्ड लुगुंग, मनोज कुमार चौधरी, अजय कुमार महतो, रामनाथ महतो, सीताराम केसरी, ब्रजेश कुमार, सखीचंद महतो, विजय चौधरी आदि मौजूद थे। इधर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में भी क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया।

### स्वास्थ्य, योग और पर्यावरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**रांची।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय मासू में स्वास्थ्य एवं योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आरोग्य भारती के राष्ट्रीय पर्यावरण प्रमुख प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि योग और पर्यावरण संरक्षण भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। योग को आज पूरा विश्व मान्यता दे रहा है। पर्यावरण संरक्षण और योग आज की जरूरत है। मधुमेह प्रबंधन और योग प्रमुख स्वामी मुक्तिरथ ने कहा कि योग न केवल रोग भगाता है बल्कि शरीर को स्वस्थ रखता है। उषा मार्टिन फाउंडेशन के सचिव मयंक मुरारी ने सीएसआर के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। शालिनी अस्पताल के प्रबंधक राणा विकास ने स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में बताया। उषा मार्टिन फाउंडेशन और शालिनी अस्पताल के संयुक्त प्रयास से सुदूरवर्ती जनजातीय ग्रामों में स्वास्थ्य और योग प्रशिक्षण अभियान लगातार दो माह चलेगा।

### संत की पहचान ईश्वर दर्शन से होती है : यादवेंद्रानंद

**रांची।** स्वामी यादवेंद्रानंद महाराज ने कहा कि संत की पहचान ईश्वर दर्शन से होती है। धर्म ग्रंथों के मुताबिक पूर्ण संत की पहचान उनकी बाहरी वेशभूषा से नहीं, बल्कि उनके ज्ञान से की जानी चाहिए। स्वामी यादवेंद्रानंद महाराज शुक्रवार को दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से पुंदाग में आयोजित श्री हरि कथा के पांचवें दिन प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा, जो अपने पास आए जिज्ञासा को उसके घट भीतर ही दिव्य दृष्टि खोलकर अंतर घट में ही ईश्वर का दर्शन करा दें, वास्तव में वे ही पूर्ण संत हैं। हर इंसान को जरूरत है कि जब भी वह किसी संत के पास जाए तो उनसे पूछे कि क्या आपने ईश्वर का दर्शन किया है और क्या मुझे भी करा सकते हैं। जब तक कोई यह न कहे कि हां मैंने ईश्वर को देखा है और तुम्हें भी ईश्वर दर्शन करा सकता हूं।

### संक्रमण की आशंका को लेकर डीडीसी ने की बैठक

# कोविड-19 स्क्रीनिंग की होगी व्यवस्था



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कोविड-19 के संक्रमण की आशंका के मद्देनजर रांची जिला प्रशासन अभी से ही तैयारियों में जुट गया है। उपायुक्त, रांची के निदेशानुसार शुक्रवार को उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में कोविड-19 से संबंधित तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्त्ता रांची, निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सिविल सर्जन रांची, एसीएमओ, एमओआईसी पीएमएवाई कोऑर्डिनेटर एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री दिनेश कुमार यादव द्वारा कोविड-19 के संक्रमण के रोकथाम एवं इलाज से संबंधित तैयारियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने उपस्थित पदाधिकारियों से कोविड-19 के पिछले फेज के दौरान की गई तैयारियों और चुनौतियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कहा कि कोविड-19 संक्रमण के पिछले फेज में हमें जो अनुभव मिले हैं वह काफी महत्वपूर्ण हैं, समय रहते सारी तैयारियां पूरी कर लेनी है ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे। कोविड-19 संक्रमण के बढ़ने की आशंका को देखते हुए एयरपोर्ट, बस स्टैंड इत्यादि जगहों पर को स्क्रीनिंग की व्यवस्था की बात उप विकास आयुक्त ने कहीं संबंधित पदाधिकारियों को उप विकास आयुक्त ने इस संबंध में तैयारी पूरी रखने का निर्देश दिया है। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त श्री दिनेश कुमार यादव ने सदर अस्पताल सहित जिले में एंबुलेंस और ऑक्सीजन की उपलब्धता के संबंध में सिविल सर्जन से विस्तार से जानकारी ली। सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि जिले में पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस है। साथ ही सदर अस्पताल में ऑक्सीजन की भी पर्याप्त उपलब्धता है। सदर अस्पताल में पीएसए प्लांट, एलमोओ टैंक, जंबो सिलेंडर इत्यादि की विस्तार से जानकारी देते हुए सिविल सर्जन ने बताया कि पिछले लहर से ही अस्पताल में ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि जिले में जितने भी प्राइमरी हेल्थ सेंटर और सीएचसी हैं, वहां भी ऑक्सीजन की पर्याप्त व्यवस्था है। उप विकास आयुक्त ने इसके लिए मेंटेनेंस सर्विसिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मेडिकल इक्विपमेंट्स भी पर्याप्त मात्रा में होनी चाहिए। रेगुलेटर, फ्लोमीटर इत्यादि की कमी नहीं होनी चाहिए। उप विकास आयुक्त द्वारा क्वारेंटाइन सेंटर और मैन पावर से संबंधित जानकारी भी ली गयी। उप विकास आयुक्त द्वारा जिले में चल रहे हैं वैक्सीनेशन कार्य के बारे में भी संबंधित पदाधिकारी से पूरी जानकारी ली गई।

**डीडीसी ने एंबुलेंस, ऑक्सीजन और बेड की उपलब्धता की ली जानकारी**

**जो अनुभव मिले हैं, वह काफी महत्वपूर्ण हैं**

# बस ने दो लोगों को कुचला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार की शाम रांची - टाटा मार्ग पर हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों को दर्दनाक मौत हो गई।

घटना नामकुम थाना क्षेत्र के एन एच - 33 के रामपुर का है।

मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार दो युवक रामपुर की तरफ जा रहे थे तभी एक तेज रफ्तार बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी ,टक्कर लगने की वजह से दोनो युवक सड़क पर ही गिर पड़े ,उसी दौरान बस नहीं दोनों को कुचल डाला। बस की चपेट में आने की वजह से दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान रामपुर पंचायत के सिंजुसोरेंन्ग गाँव के रहने वाले अजय लकड़ा और चिंटू लोहरा के रूप में हुई है। दोनों युवकों को कुचलने के बाद बस चालक मौके से काफी तेज गति से फरार होने लगा लेकिन हाईवे पेट्रोल की टीम में एक किलोमीटर दौड़ आकर बस को पकड़ लिया , नामकुम पुलिस ने बस को जप्त कर लिया है वहीं ड्राइवर और खलासी को हिरासत में ले लिया गया है।सड़क हादसे में दो युवकों की मौत के बाद आक्रोशित लोग बस के ड्राइवर और खलासी को अपने हवाले कर देने की मांग कर रहे थे हालांकि पुलिस ने समझा-बुझाकर लोगों को वापस भेजा ,वही दोनों मृतकों के शव एंबुलेंस से पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया।

**बस को एक किलोमीटर दूर दौड़ा कर पुलिस ने पकड़ा**

**पोस्टमार्टम के लिए शवों को रिम्स भेजा गया**

**मृतकों की पहचान रामपुर पंचायत के सिंजुसोरेंन्ग गाँव के रहने वाले अजय लकड़ा और चिंटू लोहरा के रूप में हुई है**

## सरला बिरला में नेशनल मैथमेटिक्स डे मनाया गया




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में श्री निवास रामानुजन की जयंती को नेशनल मैथमेटिक्स डे के रूप में मनाया गया। बच्चों को श्रीनिवास रामानुजन के गणित में योगदान पर एक चलचित्र दिखाकर इस दिन के महत्व को समझाया गया। छात्रों ने पूरे सप्ताह, विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया जिसमें गिनती, पहेलियां, सुडोकु, कोलाज मेकिंग, मैथ्स क्विज आदि सम्मिलित थे। छात्र-छात्राओं ने बड़े जोश और उत्साह के साथ गतिविधियों में भाग लिया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन करने के लिए स्कूल द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि इस प्रकार की प्रतिस्पधाएं छात्रों में उनकी योग्यता, कौशल और एकाग्रता में वृद्धि करती हैं।

## कांग्रेस का हाथ जोड़ो जनसंपर्क अभियान 26 जनवरी से

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की सफलता के लिए आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव राज्य प्रभारी, सभी प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस विधायक दल के नेता की बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित हुए। बैठक के संबंध में प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि आज की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भारत जोड़ो यात्रा के सफल अभियान के विस्तार के रूप में एक व्यापक जनसंपर्क अभियान की शुरूआत झारखंड में 26 जनवरी 2023 से प्रारंभ होकर दो महीने तक चलेगा।

## मुआवजा भुगतान किए बिना हो रहा है सड़क का निर्माण : लंबोदर महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पांचवे दिन शुक्रवार को अपने गोमिया विधानसभा क्षेत्र में मुआवजा भुगतान किए बिना पथ निर्माण कराने के विरोध में और ग्राम खुदीबेड़ा में घरों को टूटने से बचाने के लिए सड़क का एलाइनमेंट बदलने को लेकर आवाज उठाई। उन्होंने शून्यकाल में सदन के अंदर यह बात उठाई कि बोकारो जिले के नेमरा (गोला प्रखंड) से बंगाल सिमाना जरीडीह प्रखंड तक पथ निर्माण कार्य में विभाग द्वारा 25 करोड़ रुपए उपलब्ध कराने के बावजूद जिन रैयतों की जमीन पथ में अधिग्रहित किया गया है, उनके मुआवजा का भुगतान किए बिना संवेदक के द्वारा पथ निर्माण का



कार्य किया जा रहा है। यही नहीं बल्कि इस योजना के तहत कसमार प्रखंड के खुदीबेड़ा में 140 घरों को तोड़ने का प्रयास पथ निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है, इसको लेकर वहां के ग्रामीणों और रैयतों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि खुदीबेड़ा के 140 घरों को सड़क का एलाइनमेंट बदलकर बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसको देखते हुए हमारी सदन के माध्यम से राज्य सरकार से यह मांग है कि जिन रैयतों की जमीन को अधिग्रहित किया गया है उनका मुआवजा भुगतान तत्काल किया जाए और ग्राम खुदीबेड़ा में सड़क का एलाइनमेंट बदलकर 140 मकानों को टूटने से बचाया जाए। अगर इनके घरों को तोड़ दिये जायेंगे तो वह उनलोगों का रहना मुश्किल हो जायेगा। सरकार इनलोगों को देखते हुए कदम को उठाये और उन्हें राहत देने वाली बात करे।

**विधायक ने विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले लोगों के घरों को बचाने व उनको तत्काल मुआवजा देने के लिए सरकार मांग की है**

## मल्लिकार्जुन ने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर प्रशंसा की

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव राज्य प्रभारी, सभी प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस विधायक दल के नेता की बैठक शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित हुए। बैठक के दौरान झारखंड में आयोजित भारत जोड़ो यात्रा के सफल आयोजन के लिए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की पूरी टीम की प्रशंसा की गयी। झारखंड के साथ-साथ असम की भी सफल रूप से भारत जोड़ो यात्रा के सफल आयोजन के लिए प्रशंसा की गयी। बैठक के उपरांत प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिल कर राज्य के सभी जिलों में संपन्न हुए भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के विषय में अवगत कराया।

## नौकरी के लिए सरकार अनुच्छेद 16-4 का करें प्रयोग : राजेन्द्र प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हाई कोर्ट के द्वारा नियोजन नीति को रद्द करने के बाद झारखंड राज्य के छात्रों में गुस्सा और अपने भविष्य के प्रति चिंतित होना लाजमी है। उक्त बातें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कही है। प्रसाद ने कहा कि तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरी राज्य के लोगों को ही मिले इसके लिए अनुच्छेद 16 -4 स्पेशल प्रोटेक्शन के लिए सरकार को अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्र सरकार को स्पेशल प्रोटेक्शन देने के लिए तुरंत अपना अनुशंसा भेजे। प्रसाद ने कहा कि राज्य की पिछड़ेपन को देखते हुए ही झारखंड राज्य का गठन किया गया था। इस बात का भी जिक्र झारखंड सरकार से अपने अनुशंसा में करने की बात कही है। प्रसाद ने कहा कि कानूनी प्रावधानों को पूरा करना होगा।



इसके लिए ओबीसी का जातीय जनगणना और उनके आर्थिक राजनीतिक, शैक्षणिक, सामाजिक स्थिति की सर्वेक्षण कराना होगा। प्रसाद ने यह भी कहा कि कानूनी अड़चन को दूर करने के लिए 1932 का खतियान को लागू करने और ओबीसी को 27% आरक्षण देने के लिए भी यह आवश्यक होगा। प्रसाद ने यह भी कहा कि अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति का आंकड़ा उपलब्ध है, लेकिन सरकार के पास पिछड़ी जातियों और मूलवासी सदान से आने वाले सवर्णों का आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। ऐसे में अच्छा होगा कि सभी समुदायों का सर्वेक्षण और जनगणना सरकार को करवाना चाहिए। अनुच्छेद 243 टी, समाज के हर वर्ग को राजनीतिक भागीदारी व प्रतिनिधित्व मिले इसका अधिकार देता है। इसको बदलने या इसके साथ छेड़छाड़ करने का अधिकार किसी भी राज्य सरकार को नहीं है इसके बावजूद झारखण्ड सरकार ने जनसंख्या को आधार मानकर मेयर के पद असंवैधानिक तरीके से आरक्षित कर दिया है। उन्होंने कहा कि यदि जनसंख्या को आधार के पर मेयर के पद को आरक्षित किया गया तो फिर आबादी के आधार पर मेयर का पद ओबीसी के लिए आरक्षित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ओबीसी आबादी सबसे ज्यादा झारखण्ड में है।

## ठंड से बचाव के लिए अलाव की करें व्यवस्था : डिप्टी मेयर

**रांची।** शुक्रवार को रांची शहर के अन्तर्गत विभिन्न चर्च में क्रिसमस मनाने को लेकर महिला सभा की बैठक हुई. जिसमें डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने क्रिसमस त्योहार को कैसे हर्षोउल्लास से मनाया जा सके इसकी समीक्षा की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों की महिला सभा के ने 24 तारीख की रात्रि को अलाव जलाने की व्यवस्था करने का आग्रह उनसे किया। डिप्टी मेयर ने रांची नगर निगम के संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि उन सभी स्थलों पर अलाव की व्यवस्था करें। साथ ही उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि ठंड को देखते हुए रांची नगर निगम और जिला प्रशासन के सहयोग से अलाव की व्यवस्था शहर के विभिन्न स्थलों पर की जा रही है। जहां भी अलाव की जरूरत हो तो आप रांची नगर निगम, आवासीय कार्यालय और नगर निगम के संबंधित विभाग में पूरे पता के साथ सूचित करें।

## कड़ी परिश्रम करने वाले छात्र ही हमारे देश के मुस्तकबिल हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बीएड सत्र 2021-23 के प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम प्रकाशन के साथ ही एन एन घोष सनातन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय जमुआरी, कांके के छात्रों का बेहतर रिजल्ट और कॉलेज के अन्य कार्यों में बेहतर प्रदर्शन पर कॉलेज के प्राचार्य डा. एसएन पाठक ने छात्रों को सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी और उनको प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने ने अपने हाथों से प्रशिक्षुओं को पुरस्कार से सम्मानित किया। आगे उन्होने ने कहा के इन छात्रों में ऐसे गुण समायोजित हैं जिनसे न केवल उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी, बल्कि उनकी सफलता से हमारे कॉलेज का नाम भी रोशन होगा। वो कहते हैं की यह हमारे लिए गर्व का विषय



है की संस्थान के शत- प्रतिशत छात्रों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की है एवं हमारे महाविद्यालय के छात्र उज्ज्वल कुमार ओहदार, आशीष रंजन, श्री विद्या ने क्रमशः 1,2,3 स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा की कड़ी परिश्रम करने वाले छात्र ही हमारे मुल्क के मुस्तकबिल हैं। साथ ही कॉलेज के छात्र-छात्राएं 1 उज्ज्वल कुमार ओहदार, 2 आशीष रंजन, 3 श्री विद्या, 4 अलका एका, 4 प्रियंका ज्योति, 5 नरगिश शेहला, 6 शिखा सोनी, 6 शोभा कुमारी, 7 सोमंती मिंज, 8 अनुपमा 8 प्रशांत कुमार, 9 विनीता कुमारी, 10 सुमति कुमारी और यशोदा कुमारी 10 वां रैंक लाकर टॉप-10 मे जगह बनाए।बाकी सभी प्रशिक्षुओं का परीक्षा परिणाम भी सर्वोत्तम रहा है. महाविद्यालय के शिक्षिकाओं ने सभी छात्रों को भविष्य में सफलता के साथ साथ समाज में एक उत्कृष्ट शिक्षक बन कर अपनी भूमिका का निर्वाहन करने की प्रेरणा दी।

**गिरफ्तार** | **मेकअप आर्टिस्ट के साथ किया गया दुष्कर्म का प्रयास, गिरफ्तार**

# विरोध पर शराब की बोतल से फोड़ा सिर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के सदर इलाके में मेकअप आर्टिस्ट के तौर पर काम करने वाली एक युवती के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करने और विफल होने पर शराब की बोतल से युवती को मार कर घायल करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**क्या है पूरा मामला :** सदर थाना क्षेत्र के कोकर की रहने वाली पीड़िता ने थाने में दिए आवेदन में बताया है कि वह रांची में किराये के मकान में रह कर शादी विवाह और दूसरे कार्यकमों में मेकअप आर्टिस्ट के तौर पर काम करती है।22 दिसम्बर की रात वह अपने कोकर स्थित किराये के मकान में काम से लौट कर फ्रेस हो रही थी



,उसी समय पड़ोस में रहने वाले एमआर गौरव वहां पहुच गया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा ,विरोध करने और शोर मचाने पर मकानमालिक और आस पास के लोग इकट्ठा हो गए जिसके बाद गौरव वहां से भाग गया।

**आधी रात आया माचिस मांगने :** मामला शांत होने के बाद युवती अपने कमरे में सोने चली गई ,इसी बीच रात के करीब 12 बजे गौरव एक बार फिर युवती के कमरे के बाहर आकर दरवाजा खटखटाने लगा ,इस दौरान गौरव ने युवती को यह कह कर दरवाजा खुलवाया की उसे माचिस लेना है ,माचिस लेकर वह चला जायेगा ,युवती गौरव के झांसे में आ गई और दरवाजा खोल कर उसे माचिस देने लगी ।इसी बीच गौरव ने युवती का हाथ पकड़ जबरदस्ती उसे अपने कमरे तक खींच ले गया और कमरे का दरवाजा बंद कर उसके साथ जबरदस्ती करने लगा ,युवती का आरोपी है कि नशे में धुत गौरव ने उसके कपड़े फाड़ दिया और जमीन पर गिरा उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की ,लेकिन युवती ने उसका कड़ा विरोध किया और गौरव को अपने से दूर धकेल दिया ।युवती के विरोध से नाराज होकर,गौरव ने अचानक कमरे में रखे शराब की बोतल से युवती के सिर और गले पर कई वार कर दिए ,इस हमले में युवती बुरी तरह आए घायल हो गई ।युवती के सिर से खून निकलता देख गौरव मौके से फरार हो गया।

**आरोपी गिरफ्तार ,युवती रिम्स में भर्ती :** वही युवती के मकानमालिक के द्वारा रात में ही पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी गई ,जिसके बाद आनन फानन में सदर थाने की टीम मौके पर पहुची और सबसे पहले घायल युवती को अस्पताल पहुचाया ,शुक्रवार की शाम जब युवती को होश आया तब उसका बयान पुलिस ने दर्ज किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए देर शाम आरोपी गौरव को गिरफ्तार कर लिया।

**विरोध करने और शोर मचाने पर मकानमालिक और आस पास के लोग इकट्ठा हो गए जिसके बाद गौरव वहां से भाग गया**

## रांची के मोरहाबादी मैदान में महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 28 दिसम्बर से राज्य के बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2022-23 का शुभारंभ होना है जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर है ।युद्ध स्तर पर हैंगर तैयार किए जा रहे है। झारखण्ड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के सीईओ श्री राखाल चंद्र बेसरा, ने बताया स्टाल्स की बुकिंग जारी है,देश के अलग अलग राज्यों से लोग सम्पर्क कर रहे है। उन्होंने बताया ये महोत्सव देश भर के बुनकर, कारीगर, हस्तशिल्पकार, खादी और सरस से जुड़ी दीदियों को फिर से अर्थिक रूप से सबल बनाने में सहयोग देगा। मेले में देश के अलग-अलग राज्यों के खादी और सरस के विभिन्न उत्पादों और कलाकृतियां को देखने और खरीदने का मौका भी मिलेगा। श्री बेसरा ने बताया कि महोत्सव में सुबह लोग 10 बजे से प्रवेश कर पाएंगे । प्रत्येक दिन यहाँ विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों द्वारा आम जनों के लिए लगातार रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत होते रहेंगे। साथ ही उन्होंने बताया इस बार जितने भी हैंगर बनाए जा रहे हैं वो झारखंड के पर्वों और नृत्यों पर आधारित होंगे जिससे अलग-अलग राज्यों से आए लोगों को झारखंड को और नजदीक से जानने का मौका मिलेगा और लोग यहां की संस्कृति से जुड़ पाएंगे। श्री बेसरा ने बताया कि जहाँ राज्य के अलग अलग प्रांतों से आए कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे वहीं झारखंड के कलाकार भी अपनी नृत्य और गायन से राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव की शोभा बढ़ाएंगे।

**महोत्सव देश भर के बुनकर, कारीगर और सरस से जुड़ी दीदियों को फिर से अर्थिक रूप से सबल बनाने में सहयोग देगा**

**NEWS इन ब्रीफ**

## काथलिक युवाओं ने मरिजों के बीच केक एवं फल वितरण किये




सिमडेगाःइंडियन काथलिक यूथ मूवमेंट सिमडेगा धर्मप्रान्त के युवाओं ने सदर अस्पताल में मरिजों के बीच केक एवं फल वितरण करते हुए क्रिसमस शुभकामनाएं दी। मौके पर युवा निदेशक फादर देवस्वरूप राजन मिंज ने कहा कि ईसा मसीह सबों के बीच प्रेम और भाईचारे का संदेश देने इस पृथ्वी पर आये, इसलिए हम भी इस कार्यक्रम के द्वारा आप सबों प्रेम और भाईचारे संदेश देने आए हैं इंडियन काथलिक यूथ मूवमेंट सिमडेगा धर्मप्रान्त के अध्यक्ष अजय एक्का ने बताया कि मौके पर सिस्टर रोस प्रतिमा डुंगडुंग, अनुप्रिया लकड़ा, आरती बाड़ा, कुलदीप इंदवार, अमृत चिराग तिर्की सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिप सदस्य ने किया कंबल का वितरण

**बेड़ो।** बढ़ती ठंड की देखते हुए पंचायत में शुक्रवार को जिला परिषद सदस्य पार्वती कुमारी के द्वारा बुजुर्ग असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। जिप सदस्य ने बुजुर्गो से उनके समस्या भी सुने। उन्होने उनके समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि ठंड के मौसम में खान पान और ठंड से बचने में ध्यान रखें। ये जो कंबल दिया जा रहा है उसका आप लाभ लें और किसी भी तरह का कोई समस्या हो तो मुझसे संपर्क करें। मुझसे जो हो पाएगा, मदद करूंगी। मौके पर जगरनाथ भगत दीपिका भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

## डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में मना क्रिसमस उत्सव

**बेड़ो।** बेड़ो के विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को क्रिसमस उत्सव मनाया गया। जिसमें रवि, सुनील और आदित्य ने सांता क्लॉज बनकर बच्चों के बीच टॉफियां और उपहार देकर खुशियां बंटी। इस मौके पर विद्यालय में बच्चों द्वारा क्रिसमस गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और केक काटा गया। वहीं मौके पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार शिक्षक श्रवण कुमार , कौशिक गोस्वामी, आरती, निर्मला, अनीता, नितेश, रवि सिंह, सोमी खाखा, सीमा, प्रिस्का, अंजलिना सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## दो दिवसीय डबल खस्सी फुटबॉल प्रतियोगिता 25 को

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के लोटा स्कूल मैदान में शहीद निर्मल महतो जयंती के शुभ अवसर पर मिलन फुटबॉल क्लब लोटा की ओर से दो दिवसीय डबल खस्सी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसका उद्घाटन 25 दिसंबर को किया जाएगा। उक्त जानकारी राधिका महतो ने दी।

## खलिहान में लगी आग, पुआल जल कर राख

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के टेरो पाकलमेड़ी गांव स्थित खलियान में शुक्रवार को लगभग 12 बजे दिन में आग लगने से किसान राजदीप महतो और मनीष महतो की पुआल का गांज जलकर राख हो गया। पुआल के गांज में लगी आग को ग्रामीणों ने आपसी सहयोग और भारी मशक्कत के बाद काबू में पाया। इधर किसान ने बताया कि मवेशियों को खिलाने के लिए पुआल जमा करके खलियान में जमा कर गांज बना कर रखा था। आग से हजारों रुपये का पुआल जल कर राख हो गये हैं। मवेशियों को खिलाने के लिए अब कुछ नहीं बचा। वहीं आग लगने के कारणों का अबतक पता नहीं चल पाया है।

### सड़क सुरक्षा संबंधी स्कूलों में चलाया गया जागरूकता अभियान

# सड़क पर ट्रैफिक नियमों का पालन करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला विजय सिंह बिरूवा के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सुरसुरिया गुमला एवम प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, गुमला में संयुक्त रूप से विद्यार्थियों एवं शिक्षको को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।



### सड़क सुरक्षा के नियमों की दी गयी जानकारी

सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा के टीम द्वारा विद्यार्थियों को आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दुसरों को बचाया जाये। इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। सड़क दुर्घटनाओं को किस प्रकार कम किया जाए इस पर भी विद्यार्थियों से विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु एवं दुर्घटना बाइक से हो रही है, इससे पता चलता है कि बाइक के गतिसीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने और लापरवाही से वाहन चलाने के अतिरिक्त बिना हेलमेट/सीट बेल्ट आदि सुरक्षा उपकरण के इस्तेमाल के बिना गाड़ी ड्राइव करने से एवं अल्कोहल सेवन करने से तथा ट्रिपल राइड करने से दुर्घटना होती है, इसलिए बाइक एवं कार आदि वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट एवं सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करना अत्यंत ही आवश्यक है। साथ ही सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने उपस्थित विद्यार्थियों से अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करें और ना ही किसी को करने दें, शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं पीकर चलाने भी ना दें। उन्होंने बताया थोड़ी सी चूक सड़क दुर्घटना का कारण होती है। सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने तथा करवाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा ऐसी गलती न करें और कड़ा रुख अपना कर अपने परिवार को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ाये। साथ ही उन्हें भविष्य में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा इन सबको देखते हुए सभी तरह के नियमों का पालन नियमित रूप से किया जाएं तो भविष्य उज्जवल हो सकती है जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी, रोड एनालिस्ट प्रणय कांशी, शिक्षक शामिल थे।

## लोहरदगा ने गुमला को 8 रन से हराया

लातेहार । अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर 14 का छठा मैच जिला खेल स्टेडियम में लोहरदगा तथा गुमला के बीच खेला गया । जिसमें लोहरदगा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 39वे ओवरों में 184 रन पर पूरी टीम ढेर हो गई । जिसमे देवदिप रॉय नाबाद 110, विपुल कुमार 17 तथा दीपक कुमार साहू 15 रन का योगदान दिया । गुमला की ओर से अशिषण कुमार 3करण प्रताप 2 तथा निखिल बखला 2 विकेट चटकाए । लक्ष्य की पीछा करने गुमला ने 38 वे ओवर में सभी विकेट खोकर 176 रन ही बना सकी । जिसमे अशिषाण कुमार 43, मयंक राज 36 तथा मितराज गुप्ता 19 रन का योगदान दिया। लोहरदगा की ओर से देवदीप रॉय 3, दीपक कुमार तथा तन्मय ने दो दो विकेट चटकाए ।

# डीईओ को शिक्षकों की ग्रेडिंग लिस्ट बनाने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति और मध्याह्न भोजन अनुश्रवण समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। स्थापना समिति की बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी को शिक्षकों की ग्रेडिंग लिस्ट बनाने का निदेश दिया गया। साथ ही ग्रेडिंग लिस्ट की समीक्षा कर अप्रूव करने के लिए स्थापना उप समाहर्ता की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति गठित किये जाने का निदेश दिया गया। इस समिति में अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक सदस्य होंगे। शिक्षकों की ग्रेडिंग सूची को अप्रूव कर उक्त समिति जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगी। बैठक में 01



कर्मी की नियुक्ति के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

मध्याह्न भोजन के लिए चावल की स्टेप डिलीवरी के लिए कोटेशन उपरांत ट्रांसपोर्टस का पैनल बनाकर उन्हें प्रखंड आवंटित किए जाने का निदेश दिया गया।

बैठक में रसोइया-संयोजिका के मानदेय समेत अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर सहित अन्य मौजूद थे।

### डीटीओ ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

# बसों में ओवरलोड देख लगाई फटकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी ओम प्रकाश यादव एवं सड़क सुरक्षा की टीम के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में सघन रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दो पहिया वाहन चालकों की सघनता पूर्वक जांच की गई। जांच के क्रम में वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट एवं वाहन के सभी कागजातों की जांच की गई।जांच के क्रम में जिन वाहन चालकों के द्वारा हेलमेट का प्रयोग नहीं किया जा रहा था एवं बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाया जा रहा था उन पर जुमार्ना किया गया। साथ ही जिन वाहन चालकों के कागजात अधूरे एवं अपूर्ण पाए गए उनसे जुमार्ना



वसूला गया। इस दौरान तीन वाहन चालक नशे में वाहन चलाते हुए पकड़े गए जिनके वाहनों को जप्त करते हुए सदर थाने को अग्रेतर कार्यवाही के लिए सुपुर्द कर दिया गया।इस दौरान कुल 1 लाख 10 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया।

### ओवरलोडिंग देख बिफरे पदाधिकारी

इस दौरान परिवहन पदाधिकारी ने वीर शहीद तेलंगा खड़िया बस स्टैंड का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बस संचालकों के द्वारा बसों में क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर परिवहन किया जा रहा है बस स्टैंड में खड़े कुछ बसों पर बसों के ऊपर भी यात्रियों को बैठा देख परिवहन पदाधिकारी ने बस चालकों एवं बस के कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। कहा कि अगली बार से क्षमता से अधिक यात्रियों का परिवहन करते पकड़े जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जुमार्ना भी लगाया जाएगा। मौके पर सड़क सुरक्षा के अजित कुमार,नितेश कुमार,परिवहन कर्मी कार्तिक सन्यासी,देव कुमार,बरनबास सुरीन,राजेश कुमार एवं जिला पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## जमीन संबंधी विवाद को लेकर गिद्धौर में अंचल कोर्ट का आयोजन

**गिद्धौर(चतरा)।** शुक्रवार को गिद्धौर अंचल कार्यालय में जमीन सम्बन्धी विवाद को निपटारा करने को लेकर अंचल कोर्ट का आयोजन किया गया। अंचल कोर्ट सीओ जयशंकर पाठक के नेतृत्व में आयोजन किया गया। जिसमे जमीन सम्बन्धी विवाद को ले दो मामले आये। पहला मामला बारियातु पंचायत के इचाक गांव के बालेश्वर सिंह बनाम रामेश्वर सिंह के बीच आया। जबकि दूसरा मामला दुवारी पंचायत के दुवारी गांव के उमेश यादव बनाम बिनोद रज्जक के बीच का आया। सीओ ने दोनों मामलों में संबंधित दोनों पक्षों के कागजात का अवलोकन करने के उपरांत दोनों पक्षों को अगली तिथ दी। मौके पर अंचल अवर निरीक्षक व कर्मचारी के साथ दोनों पक्ष के लोग उपस्थित थे।

# कुड़मी को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करें सरकार : डॉ लंबोदर महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने आज झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे व अंतिम दिन गैर सरकारी संकल्प लाकर भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत कुड़मी को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने के लिए सदन के माध्यम से सरकार से मांग की. उन्होंने झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन के नियम 126 के तहत कहा कि यह सदन सरकार से अभिस्ताव करती है कि कुड़मी समुदाय की उत्पत्ति और बसावट का मूल क्षेत्र छोटानागपुर का पठार क्षेत्र ही है। कुड़मी जनजाति समुदाय के द्वारा जंगल साफ करके गांव बसा कर खेती करके जीवन निर्वहन करते हुए



अपने पुरखों द्वारा गढ़े गए सांस्कृतिक एवं सामाजिक परंपराओं के अधीन यह समुदाय संचालित है। इसके तहत समुदाय के अपने 12 महीने के 13 परब हैं। उन्होंने कहा कि कुड़मी समुदाय की सांस्कृतिक एवं सामाजिक विशेषताएं एवं समुदाय की पारंपरिक व्यवस्था ही उसे समुदायों से भिन्न पहचान कराती है। कुड़मी समुदाय की सामाजिक संरचना गांव परगना एवं देश मडल देश मंडल स्तर पर बनी होती है। जिसमें महातअ, गढ़इत,पटवइ, परग नेइत , मडल तथा देसमडल आदि परंपरागत पदधारी लोग होते हैं। कुड़मी समुदाय के सभी अनुष्ठानों के आयोजन का मुख्य अधिकारी नइआ/ देहरी/ पाहन ही होता है। कुड़मी समुदाय की जन्म संस्कार परिवारिक जनों तथा पुरखो द्वारा धारित विधियों से संपन्न होते हैं। कुड़मी समुदाय अभी तक मानव विकास की मुख्यधारा से बाहर है। इस राज्य में कुड़मी समुदाय सर्वाधिक आबादी वाला जनजाति है परंतु अभी तक अन्य जनजाति है परंतु अभी तक अन्य जनजाति इस समुदाय से उच्च स्तरीय अधिकारी या संवेदक या बौद्धिक नहीं बन सके हैं।

# संत माईकल स्कूल मुरी में क्रिसमस गेदरिंग का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मुरी।** संत माईकल (10+2) स्कूल मुरी में क्रिसमस गेदरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस मौके पर यूनाइटेड चर्च कमिटी मुरी के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।यूनाइटेड चर्च कमिटी मुरी के सदस्यों का स्कूल परिसर में पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। चर्च कमिटी के सदस्य मनीष सुवर्णो, अविका प्रिया, बिद्धु, सेम्युल आदि ने मिलकर क्रिसमस गीत से कार्यक्रम कि शुरूआत के साथ ही उन्होंने तरह तरह के गीत प्रस्तुत किए। इस मौके पर चर्च कमिटी के सदस्यो ने क्रिसमस सेलिब्रेशन एवं ईशा मसीह के जन्मदिन के संबंध में अनेक विचार स्कूल के बच्चो के साथ साझा किए। इस मौके पर विद्यालय के सभी बच्चों ने बड़ी ही उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। क्रिसमस गेंदरिंग सेलीब्रेशन के इस अवसर पर विद्यालय के



प्रांगण में केक काटकर सभी मे वितरण किया गया।इस शुभ अवसर पर विद्यालय के बच्चो में मिठाई वितरण किया गया।विद्यालय की ओर से पूरे चर्च कमिटी के सदस्यो को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाए दीपिका कुमारी, सीमा कुमारी, सपना दत्ता, मनीषा सिंह, रमेश गोराई, किशोर कुमार महतो, सुशील कुमार, ममता गोस्वामी, सोमांशी तिवारी आदि उपस्थित थे।

### आजसू के नेताओं ने पाखर में मजदूरों के हित में किया धरना प्रदर्शन

# कंपनी मजदूरों के हित में करें पहलः नीरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पठारी पंचायत पाखर क्षेत्र में वर्षों से खनन कार्य कर राज कर रहे हिंडाल्को कंपनी के अलावा अन्य कंपनियों के द्वारा पाखर पठारी क्षेत्र के रैयतों का जमीन लेकर उन्हें रोजगार से वंचित रखे जाने के विरोध में अखिल झारखंड श्रमिक संघ के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रमिक संघ के महासचिव सतीश सिन्हा व विशिष्ट अतिथि के रूप में लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी व झारखंड आंदोलनकारी नेता पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत शामिल हुए।

### जोरादार तरीके से होगा आंदोलन : भगत

कार्यक्रम में नीरू शांति भगत ने कहा कि हिंडाल्को कंपनी मजदूरों के हित में बेहतर पहल करे नहीं तो संघ की ओर से कंपनी के अड़ियल रवैया के विरुद्ध रणनीति तैयार कर जोरदार तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

### बीमारियों से कर रही ग्रसित

उन्होंने कहा कि हिंडाल्को कंपनी प्रति दिन करोडो. की कमाई कर अपना जेब भरने में माहिर है और यहां के रैयत और जनता कंपनी द्वारा मुफ्त में दी जा रही धूल गर्दा खाकर खुद और अपने बाल बच्चों को बड़ी-बड़ी बीमारियों से ग्रसित कर रही है। परंतु कंपनी की ओर से जनहित में कोई बेहतर कार्य करना उचित नहीं लग रहा है। आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि कंपनी आदिम काल से खनन कार्य कर रही है परंतु पाखर क्षेत्र की जनता के हित में एक बेहतर स्कूल व बेहतर अस्पताल तक नहीं दे पाई है। अन्य अतिथियों ने कहा कि कंपनी हठधर्मी छोड़कर मजदूरों के हित में कार्य करें ताकि भविष्य में कंपनी के बेहतर कार्यों की सराहना किया जा सके। मौके पर अखिल झारखंड श्रमिक संघ के बैनर तले पाखर में आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में आजसू जिला अध्यक्ष ओम भारती, केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, केंद्रीय महिला प्रवक्ता अंजू देवी, केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता, महिला मोर्चा की अध्यक्षा अनीता साहू, जिला सचिव सरस्वती देवी, प्रखंड अध्यक्ष शनिचरवा किसान, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्षा मुनिया देवी, पाखर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य बीरेन्द्र उरांव, अखिल झारखंड श्रमिक संघ के प्रखंड अध्यक्ष बाबूलाल नगेसिया सहित बड़ी संख्या में श्रमिक संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विधायक ने स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ कराने की रखी मांग

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगाःसिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने शीतकालीन सत्र के शून्यकाल में सिमडेगा जिला सहित गुमला के पालकोट प्रखण्ड की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की है। विधायक ने कहा है कि जिले के सदर अस्पताल से लेकर प्रखंडों में बने प्राथमिक अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक मे चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मचारियों की घोर कमी है।

### मरीजों को देखने के लिए चिकित्सक नहीं है :

कई प्राथमिक अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में तो सर्दी जुकाम के मरीज तक को देखने के लिए चिकित्सक नहीं है। नतीजन यहां आने वाले मरीजों को रेफर कर दिया जा रहा है।ऐसे में कोविड के चौथी लहर से निपटना काफी मुश्किल हो सकता है। विधायक ने कहा कि चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की कमी के कारण स्थिति ऐसी हो गई है कि प्राथमिक अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीज भर्ती होने में भी दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। बहुत से अस्पतालों में एक भी भर्ती मरीज देखने को नहीं मिल रहा है। खासकर सदर अस्पताल सहित गुमला के पालकोट, सिमडेगा के केरसई, कुरडेग, पाकरटांड़ प्रखण्डों में स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त किया जाना बहुत जरूरी है। क्योंकि इस क्षेत्र में गरीब तबके के लोग ही ज्यादा रहते हैं और सरकारी अस्पतालों के भरोसे ही निर्भर रहते हैं। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की कमी के कारण आर्थिक रूप से कमजोर कई मरीजों का सही से इलाज नहीं हो पा रहा है। क्योंकि ऐसे मरीजों के परिजन दूसरे शहरों में ले जाकर इलाज कराने में सक्षम नहीं है।

**धार्मिक** धूमधाम से मना क्रिसमस गैदरिंग

# प्रेम व त्याग की प्रतिमूर्ति प्रभु येसु

**नवीन मेल संवाददाता**

**मांडर।** मांडर कंदरी स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीयूशन के छात्र/छात्राओं के द्वारा लैम्प लाईटनिंग एवं क्रिसमस गैदरिंग का धूमधाम से रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीएड, डीएलएड, बीएससी नर्सिंग, जीएनएम नर्सिंग एवं डी०फार्मा के छात्र छात्राओं ने मुख्य अतिथि संस्थान की अध्यक्ष छवि सिन्हा, शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर का नृत्य संगीत के साथ स्वागत करते हुए सभागार तक लाया।

### लैम्प लाईटनिंग के महत्त्व पर डाला गया प्रकाश

संस्थान की शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर ने लैम्प लाईटनिंग के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लैम्प लाईटनिंग में दीपक उस प्रकाश का प्रतीक है जो एक नर्स अपने रोगियों के लिए बन जाती




है और पीड़ित लोगों के लिए आशा और आराम का प्रतीक है, तथा प्रेम व त्याग की प्रतिमूर्ति प्रभु येसु के जन्म पर्व क्रिसमस और नव वर्ष के लिए सभी शैक्षणिक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं को मेरी ओर से ढ़ेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं। आप सभी आगामी वर्ष में इस कॉलेज की गरिमा को अपनी शैक्षणिक योग्यता को शिर्ष तक दर्शा कर रौशन करेंगे यही कामना एवं विश्वास है। बी०एड० के प्राचार्य उपेन्द्र उपाध्याय ने इस कार्यक्रम में सिर्फ नर्सों के कर्तव्य एवं निष्ठा के शपथ लेने के पश्चात कहा कि यह शपथ ग्रहण समारोह नर्सेस के लिए एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण दिन है, जो जीवन में उनके कर्तव्यों एवं निष्ठा से कार्य करने को प्रेरित करता है।नर सेवा नारायण सेवा होती है हर जरूरतमंद लोगों की सेवा का कार्य ही नर्सिंग का मुख्य उद्देश्य होता है।आप सभी नर्सिंग स्टाफ से मैं उम्मीद करता हूँ कि आप यहाँ से प्रशिक्षण के बाद जहाँ भी कार्य करें इस कॉलेज में मिले नॉलेज से इस कॉलेज प्रबंधन परिवार एवं शिक्षकों का नाम गौरवान्वित करेंगे।कार्यक्रम में उपस्थित आप सभी व्याख्याताओं, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं को मैं क्रिसमस तथा नव वर्ष की ढेरों शुभकामनाएं देता हूं, आप सभी नये वर्ष में नई ऊंचाई एवं स्वस्थ जीवन को प्राप्त करें। नर्सिंग की प्राचार्या श्रीमती निहारिका श्रीवास्तव के द्वारा कहा गया कि मानव सेवा सच्ची सेवा है, जो सेवाभाव से लोगों को साथ रहना सिखलाता है। मंच संचालन प्रतिभा केरकेट्टा, प्रियंका एवं माला भारती के द्वारा किया गयातथा धन्यवाद ज्ञापन राकेश कुमार राय ने किया। मौके पर बी.एड. विभागाध्यक्ष राकेश कुमार राय, व्याख्याता सलमा खातुन, बिनीता चौधरी, विवेक राज जायसवाल, रीभा कुमारी, कृपा शंकर, अर्चना तिवारी, रोहिनी, गौरी, संकेत कुमार, साकीब ईमाम, राखी कुमारी, अंजेला गाड़ी, प्रतिभा केरकेट्टा, अनिता कुमारी, सोनी किस्पोटा तथा कर्मचारी तुलसी दास सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## रातू तिगरा पंचायत में झामुमो पंचायत कमिटी का गठन

रातू। प्रखंड के बाजपुर में दिनांक 23-12-2022 दिन शुक्रवार को प्रखंड झामुमो पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में झामुमो पंचायत समिति का गठन किया गया। बैठक का संचालन प्रखंड प्रवक्ता असलम अंसारी ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से सुभाष उरांव को अध्यक्ष व असमाऊल अंसारी को सचिव बनाया गया। इसके अलावा विकाश तिर्की उपाध्यक्ष, सुभान अंसारी को कोषाध्यक्ष अशोक पाहन को संगठन सचिव तथा विक्रम उरांव को सह सचिव बनाया गया। इसके धीरज कुज्जूर, लुकमान अंसारी, बंधन उरांव, निश्चल तिर्की,परवेज अंसारी को कार्यकारिणी सदस्य में रखा गया है। कार्यक्रम में सोमा उरांव, पहना तिर्की,इम्तियाज अंसारी, विकाश कुमार,बिराज कमल, अब्दुल कादिर,मोजिम राय व दर्जनो पार्टी कार्यकर्ता मौजुद थे।

# कैरो में स्वास्थ्य सहिया का चुनाव, सुगाना बाड़ा बनी स्वास्थ्य सहिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो(लोहरदगा)।** कैरो प्रखंड मुख्यालय आदिवासी मुहल्ला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार को उप स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राकेश कुमार के नेतृत्व में कुडू स्वास्थ्य केंद्र के निर्देश पर स्वास्थ्य सहिया का चुनाव किया गया। चुनाव में कुल 8 महिलाओं ने भाग लिया जिसमे एमए पास दो, बीए पास दो, चार इंटर पास की महिला शामिल हुई। लिखित परीक्षा के माध्यम से चुनाव किया गया जिसमें 10 अंकों में 9 अंक लाकर सुगाना बाड़ा प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वास्थ्य सहिया बनी। इससे पूर्व में भी स्वास्थ्य सहिया चुनाव को लेकर बैठक किया गया था। जिसमे कई महिलाएं उपस्थित भी हुए थे। चुनाव प्रक्रिया में महिलाओं से आवश्यक कागजात मांगी गई थी पर पूर्व में जानकारी नहीं होने के कारण कई महिलाएं कागजात नहीं दे पाई इसलिए चुनाव कार्य स्थगित किया गया था। मौके पर मुखिया बीरेंद्र महली, एएनएम निभा तिर्की, जय फलिता लकड़ा, देवदत्त महतो, वीरेंद्र साहू, धनपति उरांव, सरस्वती कुमारी, समिता कुमारी, नम्रता उरांव, सनिता कुमारी आदि उस्थित थे।

## आधारभूत संरचनाओं व विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

# जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों का निष्पादन जल्द से जल्द करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आधारभूत संरचना एवं विभिन्न परियोजनाओं के तहत शुक्रवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। भारतमाला परियोजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित परियोजना निदेशकों से अब तक हो चुके कार्यों की जानकारी ली। जिसके उपरांत उन्होंने जमीन अधिग्रहण के उपरांत मुआवजे के भुगतान के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। वहीं, पटेल चौक के समीप बन रहे फ्लाईओवर के निर्माण कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने तथा रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर मरम्मती के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जुडको, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, टिस्को, सीसीएल सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

उपायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं में अधिग्रहित किए गए जमीन के लंबित मुआवजे के भुगतान की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया।



समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, भू अर्जन पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सूचना भवन स्थित ईवीएम वेयरहाउस का शुक्रवार को निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विशाल कुमार ने उपायुक्त को सूचना भवन स्थित ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में मौजूद सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन व्यवस्था, कुल कंट्रोल एवं बैलट यूनिट के संबंध में जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन

## डीडीसी ने शिकायतों और आवेदनों का किया निष्पादन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सीपीग्राम पोर्टल, जन शिकायत कोषांग सहित अन्य माध्यमों से लोगों द्वारा दिए गए शिकायतों व आवेदनों के निष्पादन के तहत हो रहे कार्यों को लेकर शुक्रवार को उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उप विकास आयुक्त ने विभागवार संबंधित अधिकारियों से सीपीग्राम पोर्टल सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों और समस्याओं के निष्पादन के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी ली । इस दौरान उन्होंने कार्यों को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही उप विकास आयुक्त ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 2022 के तहत प्राप्त आवेदनों की भी विभागवार समीक्षा की एवं उनके निष्पादन के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिया। वीडियो कांफ्रेंसिंग में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य शामिल हुए।

## NEWS इन ब्रीफ

### ऑल्टो कार ने महिला को मारी टक्कर, मौत



**बरकट्ठा।** बीते रात लगभग 9 बजे बेलकप्पी मोड़ से सूर्यकुंड की ओर जा रही ऑल्टो कार ने नावाडीह के समीप एक महिला को टक्कर मार दी इससे महिला की घटना स्थल पर मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नावाडीह के समीप महिला कौशल्या देवी, पति सुरेश यादव ग्राम नावाडीह, थाना गोरहर निवासी को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही घटना के उपरांत कार संख्या जेएच18 बी 4513 पलट गई। स्थानीय लोंगो की मदद से उक्त महिला को सीएचसी बरकट्ठा लाया गया,जहाँ चिकिस्तकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वही घटना की जानकारी गोरहर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहा को मिलते ही दलबल के साथ पहुंचकर ऑल्टो कार को जब्त कर लिया। साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मृत महिला का पति विकलांग हैं अब पत्नी की मौत होने से वह बिल्कुल असहाय हो गया है। वहीं इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, मुखिया ने पहुंचाया अस्पताल

**बरही।** जीटी रोड स्थित डीएवी मोड़ पास सड़क दुर्घटना में कोरियाडीह का एक युवक घायल हो गया। दुर्घटना ग्रस्त युवक की पहचान 20 वर्षीय अनमोल आनंद पिता जगदीश प्रसाद के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए करियातपुर मुखिया ने बताया कि युवक अपनी अपाची दुपहिया से तिलैया से वापस अपने घर लौट रहा था। अपाची पर एक और युवक सवार था। इसी क्रम में बिलौतीया मोड़ के पास यह घटना घटी। मुखिया अपने घर से हजारीबाग जा रहे थे। भीड़ देखकर घटनास्थल पर रुके और घायलों को अपने वाहन से ही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया। जिसका प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### अदाणी फाउंडेशन ने 500 बोरा जैविक खाद का किया वितरण



**बड़कागांव।** अदाणी फाउंडेशन ने किसान दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बड़कागांव में 500 बोरा जैविक खाद का किसानों के बीच वितरण किया। इसके अलावा ग्रामीणों के बीच 400 से अधिक फूड पैकेट्स भी बांटे गए। अदाणी फाउंडेशन का पंच लाइन था - 'चलो चलें जैविक की ओर'। जैविक खाद पाकर किसानों के चेहरे खुशी से छलक उठे। फाउंडेशन की ओर से आज एक 10 किलोमीटर के मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया गया था, जिसे अपरिहार्य कारणवश स्थगित कर दिया गया।

### इंटेक हेरिटेज नेशनल क्विज में डीएवी बना उपविजेता

**हजारीबाग।** डीएवी हजारीबाग के छात्रों ने फिर एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम करके इतिहास रचा है। भारतीय कला संस्कृति और इतिहास से साक्षात्कार कराने के लिए प्रति रुचि जागृत करने के लिए इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज की ओर से दिल्ली में आयोजित क्विज में डीएवी हजारीबाग की टीम द्वितीय स्थान लाकर उपविजेता का खिताब जीता। इस क्विज में डिस्ट्रिक्ट लेवल से लेकर नेशनल लेवल तक की प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 1600 स्कूलों ने भाग लिया।

## जीटी रोड पर चलती कंटेनर में लगी आग

### चालक की सूझ-बूझ से बड़ा हादसा टला

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे सुबह जीटी रोड श्रीनगर के करीब चलती कंटेनर ट्रक संख्या हइ 113 8823 में आग लगने से वाहन में लदा करोड़ो का एसी जलकर खाक हो गया। जानकारी देते हुए वाहन चालक उमेश प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वह और कोलकाता के शंकर लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट की तीन अन्य गाड़ियां गोविंदपुर से पटना के बाकरगंज के लिए चली थी। इसी क्रम में जीटी रोड स्थित श्रीनगर पेट्रोल पंप के पास उन्हें अपने वाहन के लुकिंग ग्लास में वाहन से धुआं निकलने का पता चला। जिसे रोककर देखने पर वाहन में आग लगा पाया गया।

आनन फानन में चालक ने अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए वाहन को तेजी से भगाते हुए कुछ ही दूर स्थित पंचमाधव प्रदीप सर्विस सेंटर में लगाकर कंटेनर का ताला तोड़कर आग बुझाने का प्रयास किया। परंतु तब तक आग की लपटें तेज हो चुकी थी और वाहन पूरी तरह आग के हवाले हो चुका था। स्थानीय लोगों की मदद से फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। करीब एक घंटे बाद पहुंचे अग्निशमन दल घंटो मशक्कत के बाद आग बुझाने का काम किया। परंतु आग की लपटें तेज रहने के कारण वाहन में रखा करोड़ों का एसी लगभग जलकर नष्ट हो गया। जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन भी घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने में सार्थक योगदान दिया।



## हादसा : पंडवा नदी पुल होलंग में लूना में लगी आग

**दारू।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के पंडवा नदी पुल होलंग के पास शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे होंडा ड्यूक लूना में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार घटना स्थल पर पहुंचकर सड़क के दोनों ओर गाड़ियों को रोककर बड़ी घटना होने से बचाया। लूना में लगी आग को बुझाने का पूरा प्रयास किया गया किन्तु आग पर काबू नही पाया जा सका और लूना जलकर खाक हो गई। लूना मालिक सुखदेव हांसदा ने बताया कि वह टाटीझरिया के होटल में खाना खाने के बाद अपनी पत्नी और बेटी के साथ पंडवा नदी पुल होलंग तक पहुंचा तो लूना अचानक बंद हो गई। सुखदेव हांसदा, पत्नी और बच्ची के द्वारा पास में पडे बालू से लूना में लग रही आग को बुझाने का काफी प्रयास किया पर आग बुझने के बजाय बढ़ता ही गया।

## विद्यालय में चोरी के आरोप में चार गिरफ्तार, गये जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** थाना पुलिस ने विद्यालय में चोरी करने के मामले में चार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा ।मामले को लेकर थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। जिसमें उन्होंने कहा कि थाना अंतर्गत ग्राम पेसरा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय पेसरा में विगत दिनों अज्ञात चोरों के द्वारा किचेन रूम का ताला तोड़कर चोरों द्वारा 4 गैस सिलिंडर को चोरी कर लिया गया था। मामले को लेकर प्रधानाध्यापक राजकुमार रविदास के लिखित प्रतिवेदन के आधार पर बरकट्ठा थाना कांड संख्या-202/22 अंकित कर छापामारी की गई। छापामारी में पुलिस ने रघुनंदन यादव, पिता भीखन यादव ग्राम-पेसरा, केदार प्रसाद उर्फ सोनू पिता अमृत महतो ग्राम गयपहाड़ी, अनु पासवान पिता राजू पासवान ग्राम पेसरा, संतोष कुमार पिता दिनेश प्रसाद ग्राम गयपहाडी निवासी को गिरफ्तार किया। वही चारों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया। जिसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को मेडिकल जांच कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## डीएवी प्री-प्राइमरी में क्रिसमस गैदरिंग का आयेजन

**हजारीबाग।** डीएवी हजारीबाग प्री-प्राइमरी शाखा की ओर से शुक्रवार को क्रिसमस उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने विविध मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुति किये। साथ ही सांता क्लाउज बन कर खुशियां बांटी। कार्यक्रम में सुपरवाइजरी प्रमुख संपा श्रीवास्तव और इंचार्ज प्राइमरी आलोक मुखर्जी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। सुपरवाइजरी प्रमुख ने कहा कि विद्यालय में इस तरह का आयोजन बच्चों में सभी त्योहारों के प्रति प्रेम भावना जागृत करता है। क्रिसमस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रेम और खुशी का संदेश देता है। बच्चों को सेवा कार्य में भाग लेना चाहिए। दूसरों की मदद कर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास करना चाहिए।

### मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना

## अब तक 7641 किसानों ने कराया है पंजीकरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी आजाद सिंह और प्रखंड कृषि तकनीक पदाधिकारी राकेश कुमार मुख्यमंत्री कृषि सुखाड़ राहत योजना अंतर्गत प्रखंड की अधिकाधिक किसानों को लाभ दिलाने के लिए मिशन मॉड में कार्य करते दिखे। दोनों पदाधिकारी देर संध्या तक अपने कार्यालय में बैठकर किसानों का पंजीकरण सत्यापित करते दिखे जानकारी देते हुए पदाधिकारी द्वय ने बताया कि अब तक कुल 7641 किसानों का पंजीकरण सफलतापूर्वक किया जा चुका है और शेष दिनों में और भी किसानों का पंजीकरण होने की उम्मीद है। बताया कि आगामी 30 दिसंबर तक सभी किसानों के खाता में डीवीटी के माध्यम से 3500 रुपए हस्तांतरित कर दिए जाएंगे। अब तक जो भी किसान सुखाड़ राहत योजना के तहत अपना पंजीकरण नहीं करा सके हैं वह अति शीघ्र प्रज्ञा केंद्रों पर जाकर अपना पंजीकरण करवा लें।



## स्वर्गीय अजय साहू फुटबॉल टूर्नामेंट पर ओरमांझी चकला ने जमाया कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** कोइरीटोला हाई स्कूल मैदान पर चल रहे द्वितीय स्वर्गीय अजय साहू फुटबॉल टूर्नामेंट का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। टूर्नामेंट के फाइनल मैच में ओरमांझी चकला की टीम ने ओरमांझी ग्रामीण की टीम को पेनाल्टी शूट आउट में 3-0 से पराजित कर स्वर्गीय अजय साहू फुटबॉल टूर्नामेंट के खिताब पर कब्जा जमाया। सैकड़ों खेल प्रेमियों की मौजूदगी में स्वर्गीय अजय साहू फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन के मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधानसभा के समाजसेवी बजरंग महतो ने खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय अजय साहू के स्मृति को एवं समाज में किये गये उनके सामाजिक कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। श्री महतो ने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों के आगे बढ़ाने की दिशा में अनेक सकारात्मक कार्य कर रही है। ताकि स्थानीय प्रतिभा गांव से निकलकर राज्य तक अपना प्रतिभा दिखा रहे हैं। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अमित साहू ने कहा कि अपने पिताजी की स्मृति में इस भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का जो आयोजन किया गया है। इससे ग्रामीण स्तर पर खिलाड़ियों को आगे आने का एक बेहतर प्लेटफार्म है। कहा कि आज अपने पिता जी के 66 वें जन्मदिवस पर जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटने का भी मौका मिल रहा है। इसके लिए और इस टूर्नामेंट के भव्य सफलता के लिए जय हिंद स्पोर्टिंग क्लब साधुवाद का पात्र हैं। मौके पर मुख्य रूप से रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष पंकज तिवारी, छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



## सुशासन दिवस के रूप में मनाने का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** भाजपा प्रदेश एवं जिला निदेर्शानुसार 25 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई कि जयंती को सुशासन दिवस एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मन कि बात कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के पंचवटी चौक भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकताओं की बैठक आयोजित कि गई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद व संचालन युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रतन पासवान ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि बेडोकला मंडल प्रभारी सह ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी मौजूद थे। मौके पर रामचन्द्र चौधरी ने कहा कि सभी 56 बुथों पर वाजपेई जी की जयंती मनाना और मन कि बात सुनकर, www.mannkibaatprogram.in लॉग इन करने के बाद प्रोसेस को फॉलो कर 25 दिसंबर को मन कि बात कार्यक्रम के फोटो ऑनलाइन से ही 11 से 12:30 बजे तक अपलोड करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 25 दिसंबर 2014 में अटल बिहारी वाजपेई जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाने कि घोषणा किए थे। मौके पर अनिल आजाद, सुरेश प्रजापति, रीतलाल चौधरी, राजकुमार चौधरी,तोखी भुइयां, सुरेन्द्र रजक, विनोद राणा, राजु रविदास समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लापरवाही | महीनों पहले जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन जमा लेकिन कार्य शून्य

# शिक्षकों के मेहनत को जोक्स के रूप में लेते हैं विभाग : शशि भूषण प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** शिक्षा विभाग के रीढ़ कहे जाने वाले शिक्षकों से लेकर सीआरपी, बीआरपी तक फिलवक्त विभागीय आदेशों के अनुपालन को लेकर खासे परेशान दिख रहे हैं। प्रखंड अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों में तमाम आदेशों के पालन को लेकर उनके चेहरे पर बेचैनी देखी जा सकती है। इस संबंध में अजप्ता प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद ने बताया कि कई विभाग शिक्षकों के मेहनत को जोक्स के रूप में लेते हैं। विभागीय आदेशों को करने का हमलोगो पर अतिरिक्त दबाव बना दिया जाता है। उन्होंने बताया कि हम लोगों ने दिन रात एक कर जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु प्रज्ञा केंद्र को आवेदन उपलब्ध कराया ,वहां से आवेदन अंचल कर्मियों को दिया गया लेकिन महीनों बाद भी उस पर कोई कार्य नहीं हुआ। बच्चों का खाता खोलने की भी यही स्थिति है।



इसमें अभिभावक, बच्चे व शिक्षक अत्यधिक परेशान हैं। वही बैंक कर्मी हैंड्स की कमी बताकर खाता नहीं खोलने की मजबूरी बताते हैं।

अजप्ता प्रखंड सचिव रामकिशुन महतो ने बताया कि विभाग से संबंधित सभी छोटे कर्मी जैसे शिक्षक, सीआरपी, बीआरपी पूरी तन्मयता से अपने कार्य को करते हैं लेकिन उसके आगे का कार्य नहीं होने पर कोई संज्ञान नहीं लिया जाता। एक तरफ शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त रखने की बात कही जाती है लेकिन बीएलओ, एमडीएम, खाता खुलवाने आदि कई गैर शैक्षणिक कार्य दबाव बनाकर कराए जा रहे हैं। ऐसे में गुणवत शिक्षा की कल्पना कोरी बेईमानी प्रतीत होती है। एक शिक्षक ने अपना नाम नहीं प्रकाशित किए जाने की शर्त पर बताया कि हम लोगों द्वारा बिल वाउचर अपलोड कराए जाने के महीनों बाद तक राशि वेंडर को उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। उन्हें हम अपनी जेब से रुपए देकर मामले को शांत कर रहे हैं।

## आईलेक्स पब्लिक ने संत रॉबर्ट स्कूल को 163 रनों से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड का आईलेक्स पब्लिक स्कूल न केवल शिक्षण बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इसे एक बार फिर शुक्रवार को देखने को मिला। हजारीबाग के वेल्स मैदान में आयोजित लक्ष्मी देवी जयसवाल मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में आईलेक्स पब्लिक स्कूल ने संत रॉबर्ट स्कूल हजारीबाग को 163 रनों से हराया। टॉस जीतकर आईलेक्स के कप्तानी सावन सिंह ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। जिसमे विद्यालय की 35 ओवर में 10 विकेट खोकर कुल 245 रन बनाया। जिसमें नीतीश कुमार ने 86, सावन सिंह ने 58 और शिवनंदन ने 39 रनो का महत्वपूर्ण योगदान दिया। वही दीपक कुमार की कप्तानी में एम जवाबी पारी खेलने उतरी संत रॉबर्ट की टीम मात्र 18 ओवर में 82 रनो के कुल योग पर ही ढेर हो गई। इस मैच में आइलेक्स के अभिषेक कुमार ने 4 विकेट तथा सावन सिंह व नीतीश कुमार ने दो दो विकेट और शिवचंदन ने एक विकेट लेकर टीम को जिताया। मैच में नीतीश कुमार को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। मैच के बेहतर प्रदर्शन के लिए खेलकूद प्रबंधक भूषण कुमार की रणनीति सराहनीय रही । इस जीत पर आइलेक्स के निदेशक शैलेश कुमार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी है।



## NEWS इन ब्रीफ

### अज्ञात युवती का शव बरामद, हत्या कर चेहरा जलाया

**गुमला।** करंज पुलिस ने शुक्रवार को एक 25 वर्षीय अज्ञात युवती का शव थाना क्षेत्र के पैला पहाड़ गोगदो गड्ढा के पास से बरामद किया है। शव होने की जानकारी क्षेत्र के चौकीदार के द्वारा थाना को दी गई थी। जिसके बाद एसडीपीओ मनीष कुमार लाल, थाना प्रभारी आशीष भारती, एसआई मिरच राय पांडे भरनो थाना प्रभारी कृष्णा तिवारी घटना स्थल पहुंचकर मामले की छानबीन की। युवती की हत्या कर उसके चेहरे को जला दिया गया है। शव देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि अपराधियों ने बहुत ही बेरहमी से युवती की हत्या की। जिसके बाद युवती की पहचान न हो या साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से उसके चेहरे को जला दिया गया है। इधर पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया है।

### पटवन के दौरान मशीन से चोट लगने किसान घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के वृंदा सैल्या टोली निवासी 45 वर्षीय किसान बिसवा खड़िया शुक्रवार को खेत में पानी पटवन के दौरान मशीन से चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बिसवा खड़िया खेत में पटवन के लिए कुंए के उपर मशीन रखा था। इसी दौरान मशीन की रस्सी से उसका पैर फंस गया और वह अनियंत्रित हो गया। जिसे मशीन उसके पैर पर ही गिर गया। जिसे पैर में गंभीर चोट लगी।

### करंट की चपेट में युवक झुलसा

**केरसई।** केरसई थाना क्षेत्र अंतर्गत किनकेल पाकरबहार गांव में बिजली पोल पर चढ़े एक युवक बिजली करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया और गिरकर घायल हो गया। तत्काल परिवार वालों की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां पर उसकी इलाज चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पाकरबहार निवासी वाल्टर कुजूर शुक्रवार को बिजली पोल पर किसी काम को लेकर चढ़ा हुआ था। और लाइन बना रहा था इसी बीच अचानक करंट की चपेट में आ गया और गिरकर घायल हो गया।

### स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में प्राचार्य जीपी झा के नेतृत्व में धर्म शिक्षक जे मेहेर द्वारा महान शिक्षाविद, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आर्य समाज के सन्यासी स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती बलिदान दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम स्वामी श्रद्धानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्जन किया गया। धर्म शिक्षक जे मेहर द्वारा हवन करवाया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाएं, विद्यार्थी उपस्थित थे। इस अवसर पर शिक्षक जे मेहर ने स्वामी जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भाषण प्रस्तुत किया। प्राचार्य महोदय ने महात्मा श्रद्धानंद सरस्वती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके समान देशप्रेमी, मानवतावादी बनने व आर्य समाज की पवित्र ज्योति सदा जलाए रखने की प्रेरणा दी।

### प्रशिक्षु लाइसेंस का लगा कैंप

**बोलबा।** शुक्रवार को परिवहन विभाग के द्वारा डीटीओ ओम प्रकाश यादव के निर्देश पर प्रखंड मुख्यालय में कैंप लगाकर आम लोगों का लर्निंग लाइसेंस बनाया गया। कैंप के माध्यम से सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों के लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस हेतु फॉर्म भर कर फोटो एवं सिग्नेचर करवाया गया। जिसके बाद सभी का प्रशिक्षु लाइसेंस निर्गत किया गया। कैम्प में आए परिवहन कार्यालय के राजेश कुमार एवं बरनाबस सुरीन ने लोगों का फोटो एवं सिग्नेचर ऑनलाइन दर्ज करवाया। जिसके बाद सभी का प्रशिक्षु लाइसेंस हेतु टेस्ट लेकर प्रशिक्षु लाइसेंस निर्गत किया गया।

---

### गुमला के उपायुक्त ने 60 बच्चों के बीच किया स्वेटर वितरण

# बच्चों के विकास की बुनियादी सीढ़ी आंगनवाड़ी केंद्र है: डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव तेलगाओं पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्र में पहुंचे। तेलगांव के दोनो

**26 दिसंबर से पूर्व जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण कर दिया जाएगा**



आंगनवाड़ी केंद्र के 60 से अधिक बच्चों के बीच उपायुक्त के हाथों स्वेटर का वितरण किया गया। इसके साथ ही बच्चों को बिस्किट एवं चॉकलेट भी दिया गया। झारखंड में गुमला जिले से आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वेटर वितरण का शुभारंभ किया गया। साथ ही 26 दिसंबर से पूर्व जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वेटर वितरण कर देने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। इस दौरान उपायुक्त ने आंगनवाड़ी केंद्र के सभी बच्चों से मुलाकात की एवं बच्चों ने भी उपायुक्त के समक्ष अंग्रेजी वर्णमाला, ₹मछली जल को रानी है एवं अन्य हिंदी एवं इंग्लिश की कविता का पाठ, गणित में गिनती एवं पहाड़ा सुनाया। सभी बच्चों की आयु 4 वर्ष से भी कम है। उपायुक्त ने सभी बच्चों के ज्ञान को देखते हुए बेहद ही हर्ष प्रकट किया, आंगनवाड़ी केंद्र की सेविका/ सहायिका को उपायुक्त ने इतने अच्छे तरीके से बच्चों को प्रशिक्षित करने हेतु उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र में शिक्षा के स्तर में आए सकारात्मक बदलाव को देखते हुए संतुष्टि व्यक्त की। उपायुक्त ने बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार के बारे में भी जानकारी ली साथ ही उन्होंने सभी बच्चों को प्रति दिन उनके खाने में सहजन के पत्ते मिला कर देने की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों के पोषण युक्त खाद्य पदार्थो से किसी प्रकार का समझौता न हो। उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास की बुनियादी सीढ़ी आंगनवाड़ी केंद्र है। इस दौरान उपायुक्त ने आंगनवाड़ी केंद्र एवं उसके समीप बने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेंटर के एक एक चीजों की जानकारी वहां की एएनएम से ली एवं वहां के त्रुटियों अथवा कमियों को ठीक करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि एएनएम को उसी सेंटर में ही हर वक्त उपस्थित रहना है। इस दौरान सहायक समाहर्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

---

# लापरवाही : साल बीत गया, बैंक ने नहीं खोला स्कूली बच्चों का खाता

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** बैंक आफ इंडिया जलडेगा शाखा की कार्यशैली से ग्रामीण त्रस्त हैं। जलडेगा बैंक आफ इंडिया में व्यापारी, आम नागरिक से लेकर स्कुली शिक्षक एवं छात्र सभी परेशान हैं। स्कुली बच्चों का खाता खोलने के लिए एक वर्ष पूर्व अभियान मोड में संकूलवार शिविर आयोजित कर 11 सौ 53 आवेदन बैंक ऑफ इंडिया को जमा कर दिया गया था, लेकिन बैंक आफ इंडिया ने अभी तक बच्चों का खाता नहीं खोला, जिसका सीधा प्रभाव वर्तमान में स्कुली बच्चों के छात्रवृत्ति पर हो रहा है। बच्चों को छात्रवृत्ति मिले इसके लिए शिक्षक आनन फानन में स्कुली बच्चों के स्थान पर अभिभावक, मां, बाप, भाई बहन समेत नाना नानी के खाता को ई कल्याण पोर्टल में समायोजन कर रहे हैं। वहीं दुसरी ओर बच्चों के खाता खोलने से संबंधित आवेदन बैंक में धुल फांक रहे हैं। बैंक खाता खोलने के बजाय लम्बे समय के बाद विभाग एवं शिक्षकों को पुनः आवेदन संग्रह कर पोस्ट आफिस में खाता खोलने की सलाह दे रही है। पुछने पर एलडीएम ने कहा खाता खोलने का बैंक की क्षमता होती है सभी प्रक्रिया आनलाईन है एक दिन में दस से अधिक खाता नहीं खोला जा सकता है। विभाग एवं शिक्षकों को बच्चों के नजदीकी पोस्ट आफिस में खाता खोलने के लिए कहा गया है लेकिन विभाग एवं शिक्षक दोबारा करने से मना कर रहें हैं। वहीं राजकिय प्राथमिक विद्यालय भण्डारटोली के प्रधान शिक्षक भुपेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा विद्यालय में कुल 70 बच्चे हैं जिसमें खाता खोलने के लिए बैंक आफ इंडिया जलडेगा को 59 आवेदन दिया गया है जिसमें 12 आवेदन का खाता खोला गया है बाकी सालभर बितने को है खाता नहीं मिला है जबकी खाता के अभाव में छात्रवृत्ति के लिए अभिभावकों का खाता ई कल्याण पोर्टल में समायोजन किया गया, एक छात्र का खाता उपलब्ध नहीं रहने के कारण खाता समायोजन नहीं किया गया है। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय केलुगा के प्रधान शिक्षक रोबर्ट समद ने बताया बैंक आफ इंडिया में 62 आवेदन का खाता नहीं खोला गया। बच्चों का खाता नहीं होने के कारण ई कल्याण पोर्टल में अभिभावक खाता समायोजन किया गया है। पहली एवं दुसरी कक्षा के 90 बच्चों का खाता नहीं होने के कारण छात्रवृत्ति के लिए खाता समायोजन नहीं किया गया है।

**क्या कहते है शिक्षा विभाग और शिक्षक**

**बीपीओ** आशा बिलुंग एवं खाता ओपनिंग शिविर के बतौर प्रभारी कहती है कि शिविर के दौरान जितने भी बैंक को आवेदन दिए गए थे उनमें बैंक आफ इंडिया में लगभग तीन सौ पचास खाता खोला गया है। उन्होंने बताया कि बैंक कहती है सारा भार बैंक ऑफ इंडिया को दिया गया है जबकी शिक्षक एवं बच्चे लचडागढ, बानो, कोलेबिरा, हाथीबाड़ी, बिरिमित्रापूर, ओडगा, कापरेटिव और ग्रामीण बैंक से भी खाता खुलवा रही है, प्रखण्ड के अभिभावकों का अधिकतर खाता बैंक आफ इंडिया में है और खाता ओपनिंग आवेदन बैंक पहचानी मांगती है, ऐसी स्थिति में दुसरे बैंक में आवेदन करना संभव नहीं है।

---

# सिमडेगा थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** आगामी क्रिसमस एवं नव वर्ष पर्व को लेकर सिमडेगा थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार रजक के द्वारा की गई। मौके पर मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू, सिमडेगा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दयानंद कुमार, जिप सदस्य शांति वाला केरकेट्टा, कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि शमी आलम मौजूद थे। बताया गया कि क्रिसमस पर्व को लेकर सिमडेगा पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। क्रिसमस से 1 दिन पूर्व सभी गिरजा घरों में विशेष प्रार्थना होता है ऐसे में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी ताकि किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो। क्रिसमस के दिन प्रातःकाल होने वाले प्रार्थना को लेकर भी पुलिस बल मौजूद रहेंगे और साथ-साथ गश्ती दल लगातार क्षेत्र में गस्ती करेंगे। प्रखंड विकास



पदाधिकारी ने नववर्ष को ध्यान में रखते हुए बताया कि सिमडेगा शहरी क्षेत्र के पर्यटन स्थल केलाघाघ डैम एवं शंख नदी छठ घाट में सैलानियों की भीड़ बढ़ती है ऐसे में प्रशासन द्वारा विशेष नजर रखी जाएगी। साथ ही इस दिन सड़क दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए सघन रूप से वाहन जांच अभियान एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में केक काटकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई। मौके पर अनूप केशरी, डीडी सिंह सतीश सिंह, ओलिवर लकड़ा, अजीमुल्ला अंसारी, मो ग्यास, मनोज कुमार, अरुण सिंह, नवीन सिंह, कासिम रजा, रणधीर रंजन, भरत प्रसाद, शरीफ खान आदि उपस्थित थे।

---

### सुशासन सप्ताह पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# सभी पदाधिकारी सहानुभूति रखते हुए कार्य करें : डॉ वाघमारे प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत 'सुशासन सप्ताह' पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में किया गया। यह सुशासन सप्ताह 19 दिसम्बर से 25 दिसंबर तक निर्धारित है। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सभी पदाधिकारी लोगों के प्रति सहानुभूति रखते हुए कार्य करें। सुशासन का यही मूलमंत्र है। आपको जो पद कार्य करने के लिए मिला है उसमें सुशासन के दृष्टिकोण से बहुत से कार्य किये जा सकते हैं। यह आपके कॅरियर के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। आपके कार्यालय में जब कोई समस्या लेकर आपसे मिलने आता है तो आप उनसे



वही व्यवहार करें जो आप अपने कार्यों के लिए अन्य से अपेक्षा करते हैं। हर व्यक्ति की भावना को स्वयं की तरह देखें। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि सुशासन में पारदर्शिता बहुत ही आवश्यक है। पारदर्शिता के साथ अगर हम लोगों के प्रति जवाबदेह बनते हैं तो यह सुशासन के लिए बहुत ही कारगर सिद्ध होगा। हमें लोगों की सेवा के लिए चौबीसों घंटे और सालोभर तैयार रहना चाहिए। कार्यक्रम में कार्यपालक दण्डाधिकारी नारायण राम और पूजा कुमारी द्वारा अपने-अपने प्रशासनिक कार्यों के अनुभवन को साझा किया गया। वहीं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कैरो पवन कुमार महतो द्वारा सुशासन के आठ विन्दुओं को रखते हुए सरकार की सेवाओं का अंतिम व्यक्ति तक नियमपूर्वक, पारदर्शी एवं जबावदेही के साथपहुंचाना बताया। सुशासन सप्ताह का स्लोगन 'प्रशासन गांव की ओर' है। मौके पर सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी व अन्य समाहरणालय कर्मीगण उपस्थित थे।

---

# नक्सलियों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चला

**मुख्यधारा से भटके लोगो को वापस मुख्यधारा में जुड़ने के लिए अपील**

**पेशरार के ग्रामीण इलाकों में एसपी ने बांटे जरूरत के सामान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा आर रामकुमार के नेतृत्व में नक्सलियों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। पेशरार थाना के ग्राम पेशरार केकरांग, रोरद, ओनेगढ़ा, कौवाडार, तथा पुतरार के सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित जंगली/पहाड़ी क्षेत्र में चलाया गया। अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ग्रामीणों से मिले तथा ग्रामीणों ने अपनी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा जल्द ही उनकी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक करवाई की बात कही गई। इसी क्रम में ग्राम



पुतरार में ग्रामिणों के बीच सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बच्चों के बीच एल0ई0डी0 लाइट, बैग एवं ग्रामीणों के बीच कंबल साड़ी धोती एवं आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही मुख्यधारा से भटके लोगो को वापस मुख्यधारा में जुड़ने के लिए अपील किया गया। अभियान के क्रम में ड्रोन कैमरा का प्रयोग आस पास के पहाड़ी एवं जंगली क्षेत्रों के अवलोकन हेतु किया गया। अभियान में पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा, आर रामकुमार, वरीय पुलिस उपाधीक्षक (अभियान) लोहरदगा दीपक पांडेय, थाना प्रभारी पेशरार सहायक समादेष्टा सीआरपीएफ 158 बटा० पेशरार एवं सैट के जवान शामिल थे।

---

# एसडीओ ने राशन दुकान व क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो / लोहरदगा।** अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने शुक्रवार को कैरो पहुंचकर राशन

**सड़क निर्माण की गुणवत्ता खराब देख एसडीओ ने लगाई फटकार, जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश**

**एसडीओ के जाते ही निर्माण कार्य में होने लगा खराब मैटेरियल का यूज**



दुकान व क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। मौके पर कैरो से भंडरा तक 5 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत से बन रही सड़क कार्य का निरीक्षण करते हुए कैरो थाना, प्रखंड के सामने हो रहे पी सी सी कार्य मे उपयोग किये जा रहे चिप्स बालू को निम्न गुणवत्ता का बतलाते हुए कहा कि चिप्स और बालू खराब है इससे काम की गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ेगा। साइड इंचार्ज को कड़ी फटकार लगाते हुए गुणवत्ता वाले बालू चिप्स का उपयोग करने का निर्देश दिया परन्तु अनुमंडल पदाधिकारी का साइड से हटने की देर थी कि फिर से वही बालू चिप्स का उपयोग किया जाने लगा। वहीं विगत छह माह पूर्व पूर्ण हुए कैरो चट्टी मुख्य पथ से गोपालगंज तक 3 किलोमीटर पथ लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से पथ पक्कीकरण का जायजा लिया। इस दौरान जगह जगह सड़क के कबड़ जाने, सड़क में जगह जगह गढ्ढे बन जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जांच रिपोर्ट विभाग को सौपने की बात कही। वही उतका स्थित ब्रजकिशोर साहू के जनवितरण प्रणाली दुकान पर स्टॉक देखा। साथ ही साथ नेटवर्क सबंधी परेशानी के बारे में जानकारी ली। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सुनील चन्द्र कुंवर, जे ई अजय कक्षप, आकाश कुंवर आदि उपस्थित थे।

---

# युवा नेता ने क्षतिग्रस्त पुल का किया निरीक्षण

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस पार्टी के युवा नेता समाजसेवी सतीश उराव ने समर्थकों के साथ सदर प्रखंड के भुजनिया ग्राम के रास्ते में पड़नेवाला क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण किया। पुल की हालत देख कर सतीश उराव ने कहा की पुल के टूट जाने से ग्राम वासियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी दुर्घटना की संभावना भी बनी हुई है। ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि इस पुल के टूट जाने से बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों की जनसमस्याओं को शीघ्र स्थानीय विधायक सह मंत्री रामेश्वर उराव व उपायुक्त को अवगत कराने की बात सतीश उरांव ने कही। पुल की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए जल्द से जल्द नए पुल निर्माण की मांग किया जाएगा।

---

# जिला अनुकम्पा व स्थापना समिति की बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में जिला स्थापना शाखा एवं जिला अनुकम्पा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अनुकम्पा, एसीपी/एमएसीपी एवं सेवा सम्पुष्टि का लाभ प्रदान करने से संबंधित मामलों कि समीक्षा की। उन्होंने अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित कुल 07 आवेदनों, एसीपी/एमएसीपी से संबंधित कुल 03 आवेदनों, सहित सेवा सम्पुष्टि से संबंधित आवेदनों की गहन समीक्षा की गई। अनुकंपा में नियुक्ति से संबंधित कागजातों की जांच की गई, जांच में कागजातों में कमियां पाया गया, जिसके तहत अगली बैठक में निर्णय लेने का निर्देश की बात कहीं। साथ ही अन्य लंबित



मामलों पर गहन जांच कर ससमय कार्यवाही किये जाने हेतु समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त अरूणा वाल्टर सांगा, अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, स्थापना उप समाहर्ता प्रिंस गोडविन कुजूर, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

---

# 47 हाथी पीड़ितों बीच के बांटे 2,55,000 की मुआवजा राशि

**सिमडेगा।** सिमडेगा वन विभाग कार्यालय में शुक्रवार को 47 हाथी प्रभावित लोगों के बीच कुल 255000 की मुआवजा राशि वितरण किया गया। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार गुप्ता, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि उपेंद्र श्रीवास्तव एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी शंभू शरण चौधरी की उपस्थिति में बारी-बारी से सभी पीड़ित परिवारों के बीच मुआवजा राशि का वितरण किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि सिमडेगा में हाथी की समस्या विकराल रूप लंबे समय से है और वन विभाग लगातार प्रयास कर रही है कि इस क्षेत्र में हाथी की समस्या को खत्म करें और जहां पर भी हाथियों द्वारा नुकसान किया गया है।

---

**लापरवाही** एक दिन पहले क्रिसमस की छुट्टी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया

# विभागीय चिट्ठी का नहीं हुआ अनुपालन

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं को निर्धारित समय से एक दिन पहले क्रिसमस की छुट्टी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। शुक्रवार को सुबह 8 बजे खिचड़ी खिला कर छात्राओं को छुट्टी दे दी गई और लगभग लगभग 11 बजे तक पूरा विद्यालय खाली हो गया।वहीं स्कूल के गार्ड को छोड़कर 3 बजे तक सभी आवासीय विद्यालय में रहने वाली वार्डन सहित सभी शिक्षिकाएं भी स्कूल से चली गई। 3 बजे के बाद स्कूल गेट के पास कुछ लड़के फोटो खिंचाते देखे गए।



**नवीन मेल प्रतिनिधि के नंबर को वार्डन ने किया है ब्लॉक**

स्कूल को दिए गए सरकारी नंबर 8271050172 में जब वार्डन सीमा लकड़ा से बात करने की कोशिश की गई तो पता चला कि उन्होंने नवीन मेल प्रतिनिधि का मोबाइल नंबर पिछले 28 नवंबर से ब्लॉक कर रखा है। वार्डन को व्हाट्सएप पर मैसेज भेजने की कोशिश की गई पर नंबर ब्लॉक होने के कारण मैसेज नहीं गया।

**रोटी/पुड़ी, छोला और अनार के जगह खिचड़ी खिला कर भेजा गया घर :** आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह नाश्ता में छात्राओं को रोटी/पुड़ी, छोला और अनार दिया जाना था, लेकिन यहां शुक्रवार को छात्राओं को खिचड़ी परोसा गया। घर जा रही कुछ बच्चियों से बात करने पर बताया कि उन्हें कभी भी मेनू आधारित नाश्ता खाना नहीं मिलता है।

**क्या कहती हैं समग्र शिक्षा की शुभकामना प्रसाद :** मामले की जानकारी को लेकर जिला समग्र शिक्षा की शुभकामना प्रसाद से बात करने पर उन्होंने कहा की विद्यालय 23 दिसंबर से ही बंद है, बच्चियों को क्लास कराने के बाद एक दिन पहले ही छोड़ा जाता है, उन्होंने कहा कि 3 जनवरी तक छुट्टी घोषित है, सभी बच्चे 3 जनवरी को आयेंगे। इसमें कोई दिक्कत नहीं है।वहीं मामले पर जब प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश लुगुन से बात की गई तो उन्होंने कहा की अभिभावक ही बच्चियों को घर ले जाना चाहते हैं तथा बच्चियों का पेट दर्द और सिर दर्द का बहुत शिकायत होता है इसलिए भेज दिया गया।

**24 दिसंबर से 2 जनवरी तक है अवकाश :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची द्वारा जारी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय अवकाश तालिका 2022 के अनुसार विद्यालय में 24 दिसंबर से 2 जनवरी तक ही अवकाश दिया जाना है।

---

# जर्जर पथ की मांग को नमन बिक्सल ने सदन में उठाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने शीतकालीन सत्र पर आवाज उठाते हुए जलडेगा के पैतनो से टाटी रेलवे स्टेशन तक कालीकरण पथ जो 3 वर्ष पूर्व कार्य हुआ था उसपर कहा कि घटिया निर्माण कार्य के कारण यह सड़क अत्यधिक खराब एवं जर्जर अवस्था में आ गया है। अतः सदन के माध्यम से उन्होंने मांग रखी कि विभागीय जांच करते हुए इस पथ का यथाशीघ्र मरम्मती सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जाए।विधायक ने बताया कि यह सड़क बहुत ही जर्जर स्थिति में है। इस क्षेत्र की जनता ने मुझे बताया कि यहां पर कोई



भी वाहन के आने जाने में बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही आए दिन दुर्घटना होने की भी संभावना बनी रहती है। जिसके कारण इस सड़क को लेकर चिंतित था और जिसे सदन में उठाया ताकि यह सड़क जल्द से जल्द बनाया जाए।

राष्ट्रीय नवीन मेल
रांची
शनिवार 24 दिसम्बर 2022



ज्ञान की बात

**धर्म अगर लोगों को आपस में जोड़े तो बहुत अच्छी बात है। लेकिन, अगर धर्म किसी समाज को तोड़ दे, वहां नफरत फैला दे तो यह धर्म का काम नहीं। संतों-महापुरुषों ने तभी तो कहा है कि धर्म का काम जोड़ना होता है, तोड़ना नहीं। तोड़ने वाली ताकतें कभी भी धार्मिक नहीं हो सकतीं। इसलिए, यह लोगों को देखना होगा कि वह जहां जुड़े हैं, वो धर्म को जोड़ने वाले लोग हैं या फिर तोड़ने वाले। तोड़ने वालों से बचना है हमें।**

*-निरंकारी बाबा*



# बाजार के लिए बनने वाली फिल्मों में कोई संदेश नहीं

इन दिनों शाहरूख खान और दीपिका पादुकोण को लेकर बनी फिल्म पटान के बड़े चर्चे हैं। फिल्म अगले साल रिलीज होगी लेकिन इसके पहले बेशर्म रंग टाइटिल से एक गाना इन दिनों खूब धूम मचा रहा है। इस गाने के फिल्मांकन को लेकर इस देश के प्रायः सभी बड़े हिंदू-मुस्लिम संगठनों ने घोर आपत्ति दर्ज की है। हिंदू संगठनों का मानना है कि इस फिल्म में भगवा रंग का अपमान हुआ है तो मुस्लिम संगठनों का मानना है कि इसमें इस्लाम के निशान (प्रतीक चिह्न) का गलत इस्तेमाल हुआ है। पता नहीं फिल्म कैसी बनी है। यह तो जनवरी में पता चलेगा। लेकिन, अभी इसके दो गानों को देखने के बाद तो यही लग रहा है कि इस फिल्म में समाज के लिए कोई विशेष संदेश नहीं है। यह शुद्ध मुंबइया तड़क-भड़क वाली फिल्म है जिसमें जम कर जिस्म की नुमाइश है। अब इस जिस्म की नुमाइश में भी आप कोई मैसेज खोज लें तो यह आपके आईक्यू पर निर्भर करता है।

हाल के दिनों में ऐसी फिल्मों की बाढ़ आ गई प्रतीत होती है जिसमें मूलतः कोई मैसेज नहीं है। दो-चार एक्शन सीन्स हैं, थोड़ा रोमांस है, एकाध अंतरंग सीन्स हैं और डेढ़ से दो घंटे की फिल्म कंपलीट। कहानी का प्लॉट क्या था, फिल्म में मैसेज क्या दिया गया था, इससे न तो फिल्म बनाने वालों को कोई विशेष मतलब होता है और न ही देखने वालों को। उन्हें घंटे-दो घंटे का इंटरटेनमेंट चाहिए होता है। वह बिना दिमाग वाली फिल्मों को देख कर अपनी कुंठा शांत करने का प्रयास करते हैं। लिहाजा, ऐसी फिल्मों की लागत आसानी से निकल आती है। मैसेज देने को कोई जरूरी नहीं समझता। इंडस्ट्री इसी फार्मूले पर तल रही है। आइंदा भी आपको ऐसी ही फिल्में देखने को मिलेंगी।

अपने दौर के ठीक-ठाक अभिनेता रहे मुकेश खन्ना ने एक बार कहा था कि आज की फिल्मों में संदेश नहीं होता। यही कारण है कि वह हिंदी फिल्मों से अब दूर रहने लगे हैं। गुजरे जमाने के स्टाइलिश और बेहद कद्दावर खलनायक डैनी डेंगजोप्पा भी मानते हैं कि आज के फिल्मों में

**मैंने पूरब और पश्चिम में इसलिए काम किया क्योंकि मुझे भारतीय संस्कृति का विदेशों में भी प्रचार-प्रसार करना था और बताना था कि हमारी कल्चर कितनी रिच है। हमें पश्चिमीकरण की कमियां भी बतानी थीं...**

संदेश नहीं होता, जैसा राजकपूर, देवानंद, सुभाष घई की फिल्मों में होता था। एक इंटरव्यू में भारत कुमार उर्फ मनोज कुमार ने कहा भी था कि मैं पूरब-पश्चिम में काम कर रहा था। लोगों ने पूछा कि इस फिल्म में क्यों काम कर रहे हो। मैंने उनसे कहा कि एक कलाकार को खुद से यह सवाल करना चाहिए कि वह जो कर रहा है, वह क्यों कर रहा है। मैंने पूरब और पश्चिम में इसलिए काम किया क्योंकि मुझे भारतीय संस्कृति का विदेशों में भी प्रचार-प्रसार करना था और बताना था कि हमारी कल्चर कितनी रिच है। हमें पश्चिमीकरण की कमियां भी बतानी थीं। अब ऐसी फिल्में कहां!

# शीर्ष नक्षत्रों का टकराव टालना देशहित में



पिछले कुछ दिनों से केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट के जजों के बीच अपनी-अपनी ताकत को लेकर घमासान मचा हुआ है। उसी घमासान के बीच सुप्रीम कोर्ट के वकील और सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत भूषण ने आग में घी डालते हुए उसकी तपिश को और बढ़ा दिया है। प्रशांत भूषण ने बिना लाग- लपेट के केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह जजों को ब्लैकमेल करने के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। प्रशांत भूषण ने महाराष्ट्र के औरंगाबाद में बापू साहेब कलदाते की स्मृति में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहा कि जब सरकार को लगता है कि कोई न्यायाधीश उनके हिसाब से काम नहीं करेगा, तो वह ऐसे न्यायाधीशों को शीर्ष स्थान पर नियुक्त करने की अनुमति नहीं देती। आयोग से अथवा अन्य निकायों से सेवा निवृत्ति के बाद न्यायाधीशों को नियुक्ति का लालच देकर उनके निर्णय को प्रभावित करने की कोशिश की जाती है, लेकिन वर्तमान सरकार ने नया तरीका अपनाया है। अब सभी न्यायाधीशों की फाइल तैयार की जाती है और आईबी, आयकर विभाग, सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय जैसी जांच एजेंसियों से न्यायाधीशों या उनके रिश्तेदारों की कमजोरियों का पता लगाने के लिए कहा जाता है। उन्होंने दावा किया कि यदि ऐसी कोई कमजोरी सामने आती है तो उसका इस्तेमाल उस जज को ब्लैकमेल करने के लिए किया जाता है।

वरिष्ठ पत्रकार एनके सिंह ने एक स्थान पर लिखा है: सरकार साम-दाम- दण्ड -भेद और बदनामी करके चाहती है कि किसी तरह सुप्रीम कोर्ट उनके अधीन हो। उनका कहना है कि एक निष्पक्ष बची हुई संस्था सुप्रीम कोर्ट ही थी, जहां रात-रात भर फाइलों को पढ़कर अथक परिश्रम करके न्यायाधीश निष्पक्ष निर्णय देते हैं। यह बात केंद्र सरकार को मंजूर नहीं और इससे उसको डर पैदा हो गया है। एनके सिंह के अनुसार, सारी समस्या की जड़ में एक व्यक्ति-विशेष की चरण वंदना है। सरकार से जुड़े सभी लोग चाहते हैं कि इस व्यक्ति विशेष की जो जितनी चरण वंदना करेगा, वह उतना प्रभावशाली आज के समय में माना जाएगा। साथ ही यह भी कहा जाता है कि समस्याओं में एक सर्वाधिक विशेष समस्या आज कोलेजियम सिस्टम की है।

कोलेजियम भारत के चीफ जस्टिस और सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठतम जजों का एक समूह है। ये पाँच लोग मिलकर तय करते हैं कि सुप्रीम कोर्ट में कौन जज होगा। ये नियुक्तियाँ हाई कोर्ट से की जाती हैं और सीधे तौर पर भी किसी अनुभवी वकील को भी हाई कोर्ट का जज नियुक्त किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट्स में जजों की नियुक्ति के मैकेनिज्म पर हमला करते हुए केंद्रीय कानून मंत्री किरन रिजिजू ने पिछले दिनों कहा कि कॉलेजियम प्रणाली भारत के संविधान से अलग है और देश के लोगों द्वारा समर्थित नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार से केवल कॉलेजियम द्वारा सुझाए गए नामों पर हस्ताक्षर/अनुमोदन की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

कानून मंत्री ने कहा अगर आप उम्मीद करते हैं कि सरकार केवल कॉलेजियम द्वारा सिफारिश किए जाने के कारण न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए जाने वाले नाम पर हस्ताक्षर करेगी, तो सरकार की भूमिका क्या है? हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि सरकार कॉलेजियम प्रणाली का सम्मान करती है और यह तब तक ऐसा करना जारी रखेगी जब तक कि इसे एक बेहतर प्रणाली द्वारा प्रतिस्थापित नहीं किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि सर्वोच्चता (कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच) के लिए किसी भी लड़ाई का कोई सवाल ही नहीं है। इसके अलावा, इस आरोप का जवाब देते हुए कि सरकार सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की विभिन्न सिफारिशों पर बैठती है, कानून मंत्री रिजिजू ने कहा कि यह कभी नहीं कहना चाहिए कि सरकार फाइलों पर बैठी।

वहीं, सुप्रीम कोर्ट सरकार के सवालों से बचाव कर रही है और अपने स्तर पर तर्क दे रही है । केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू के एक बयान पर मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को कहा, सुप्रीम कोर्ट के लिए कोई मामला छोटा नहीं है । अगर हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मामलों में कार्रवाई नहीं करते हैं और राहत देते हैं,तो हम यहां क्या कर रहे हैं?

न्यायिक नियुक्तियों के विषय पर कार्यपालिका के साथ न्यायपालिका के बढ़ते टकराव के बीच सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मदन लोकूर कहते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता के उल्लंघन के प्रयास कभी कम नहीं होंगे। ये टकराव होता रहेगा, हालांकि होना नहीं चाहिए।

**सारी समस्या की जड़ में एक व्यक्ति-विशेष की चरण वंदना है। सरकार से जुड़े सभी लोग चाहते हैं कि इस व्यक्ति विशेष की जो जितनी चरण वंदना करेगा, वह उतना ही प्रभावशाली आज के समय में माना जाएगा। साथ ही यह भी कहा जाता है कि समस्याओं में एक सर्वाधिक विशेष समस्या आज कोलेजियम सिस्टम की है। इसे लेकर ही दोनों नक्षत्र टकराव की स्थिति में आ गए हैं...**

इन दिनों



निशिकांत ठाकुर

## बोधि वृक्ष

### धनवान बनने का रहस्य क्या?

किसी के पास बहुत अधिक धन होने से वह धनवान नहीं हो जाता, बल्कि जिसका हृदय बड़ा होता है, वही असली धनवान होता है। हृदय बड़ा होने से मतलब है दूसरों को खुश देखकर खुश होना और दूसरों को दुखी देखकर दुखी होना। जब आपकी करुणा जाग पड़े तो समझो कि आप असली धनवान बनने की राह पर अग्रसर हैं। फिर चाहे आप भौतिक रूप से कंगाली का जीवन ही व्यतीत क्यों न कर रहे हों क्योंकि जब आप दूसरों के बारे में सोचते है, तब ईश्वर आपके बारे में सोच रहा होता है। यह बात कहने-सुनने में भले ही अजीब लगे किन्तु इस कहानी से आप इसे हृदयंगम कर सकेंगे।

कहानी कुछ इस प्रकार है कि एक बार भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन नगर का भ्रमण कर रहे थे। देख रहे थे कि नगर में सब कुशल-मंगल तो है। तभी उन्हें एक ब्राह्मण भिक्षा मांगते हुए दिखाई दिया। ब्राह्मण देवता को भिक्षा मांगते हुए देखकर अर्जुन को उस पर दया आ गई। सोचा, मुझे ब्राह्मण की सहायता करनी चाहिए और उन्होंने उसे स्वर्ण मुद्राओं से भरी एक पोटली भेंट की। स्वर्ण मुद्राओं की पोटली पाकर ब्राह्मण बड़ा खुश हुआ। अर्जुन को धन्यवाद देता हुआ वह सुन्दर भविष्य के स्वप्न संजोने लगा। सपनों की दुनिया में खोया हुआ ब्राह्मण अपने घर लौट ही रहा था, तभी रास्ते में उसे प्यास लगी। पास ही एक कुआँ था। अतः अपनी पोटली को एक तरफ रखकर ब्राह्मण ने कुएं से पानी खींचना शुरू किया।

(क्रमशः)

# मोदी के ऐलान के बाद अब मुस्कुराएंगे मोटे अनाज

मोटे अनाजों का शुमार प्राचीनतम अनाजों में होता है। यही वजह है कि दुनिया की सबसे प्राचीनतम सभ्यता होने की वजह से ये हमारी थाली का भी हिस्सा रहे हैं। ईसा पूर्व 3000 साल पहले सिंधु घाटी सभ्यता में भी इनके प्रमाण मिले हैं। खेतीबाडी और मौसम की सटीक जानकारी देने वाले घाघ ने इनकी बोआई के तरीकों के साथ कहीं-कहीं इनकी खूबियों, यहां तक कि इनके रेसिपी की भी चर्चा की है। मसलन बाजरे की खूबी के बाबत घाघ कहते हैं, उठ के बाजरा यू हंसि बोलै, खाये बूढ़ा जुवा हो जाय। इसी तरह अपने एक दोहे में वह बताते हैं कि मडुआ के भात के साथ मछली और कोदो के भात को दूध या दही के साथ खाने में कोई जवाब नहीं है (मडुआ मीन, पीन संग दही, कोदो का भात दूध संग दही)।

बहुत ज्यादा पीछे जाने की जरूरत नहीं, करीब एक दशक पहले हुए एक सर्वे के मुताबिक 1962 में देश में प्रति व्यक्ति मोटे अनाजों की सालाना खपत करीब 33 किलोग्राम थी। हालांकि 2010 में यह घटकर करीब 4 किलोग्राम पर आ गई। दरअसल हरित क्रांति के पहले कम खाद, पानी, प्रतिकूल मौसम में भी उपजने वाला और लंबे समय तक भंडारण योग्य यही अनाज हमारी थाली का मुख्य हिस्सा थे। पर, हरित क्रांति में गेहूं-धान पर सर्वाधिक फोकस, सिंचाई के बढ़ते संसाधन एवं रासायनिक खादों एवं रसायनों की उपलब्धता की चकाचौंध में कहने को मोटे, पर भरपूर मात्रा में डायटरी फाइबर, प्रोटीन, बसा, कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम एवं आयरन के नाते खुद में पोषण के पावरहाउस इन अनाजों को हमने भुला दिया।

मोटे अनाजों में वैश्विक स्तर पर भारत कहां है, इस पर नजर दौड़ाएं तो इनके उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 20 फीसद के करीब है। एशिया के लिहाज से देखें तो भारत की हिस्सेदारी करीब 80 फीसद है। इसमें बाजरा एवं ज्वार हमारी मुख्य फसल है। खासकर बाजरा के उत्पादन में भारत विश्व में नंबर एक है और भारत में बाजरा उत्पादन में उत्तर प्रदेश नंबर एक है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष को सफल बनाने में भारत, खासकर उत्तर प्रदेश की जवाबदेही बढ़ जाती है। प्रदेश सरकार इसके लिए तैयार भी है। मोटे अनाजों को लोकप्रिय बनाने की मुकम्मल योजना पहले ही तैयार हो चुकी है। अब इसके लिए गुणवत्तापूर्ण बीज की उपलब्धता पर फोकस है।

उल्लेखनीय है कि भारत 2018 में ही मिलेट वर्ष मना चुका है। भारत की पहल पर ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया है। ऐसे में इसको सफल बनाने में भारत और कृषि बहुल उत्तर प्रदेश की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में 'मिलेट रिवॉल्यूशन' का जिक्र कर इस बाबत संकेत भी दे दिया था कि भारत इसके लिए तैयार है। यह तैयारी 2018 से ही जारी है। चार साल पहले भारत सरकार ने मोटे अनाजों को पोषक अनाजों की श्रेणी में रखते हुए इनको प्रोत्साहन देने का काम शुरू किया। इस दौरान प्रति हेक्टेयर उपज एवं उत्पादन के लिहाज से अब तक के नतीजे भी अच्छे रहे हैं। मसलन इन चार वर्षों में इनकी उपज 164 लाख टन से बढ़कर 176 लाख टन हो गई। इसी क्रम में प्रति हेक्टेयर उत्पादन 1163 किलोग्राम से बढ़कर 1239 किलोग्राम हो गया। सरकार से मिले प्रोत्साहन के कारण इनसे जुड़ी संस्थाओं ने भी मोटे अनाजों के लिए बेहतरीन काम किया है। मसलन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च (आईआईएमआर-हैदराबाद) केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की मदद से टेक्नोलॉजी इनक्यूबेटर न्यूट्री हब की स्थापना कर नए स्टार्टअप को बढ़ावा दे रही है। स्टार्टअप शुरू करने वाले को हर तरह की मदद दी जा रही है। लक्ष्य यह है कि करीब एक महीने बाद जब इंटरनेशनल मिलेट वर्ष की शुरूआत हो तब तक स्टार्टअप्स की संख्या 1000 तक हो जाय। यही नहीं इस दौरान मिलेट को बेस करके 500 से अधिक रेसिपी भी तैयार की जा चुकी है। इसी समयावधि में मोटे अनाजों की अधिक उपज देने वाली एवं रोग प्रतिरोधक 150 से अधिक बेहतर प्रजातियां भी लांच की जा चुकी हैं।


**आप जिन मोटे अनाजों को हेय दृष्टि से देखते थे, वो दरअसल खूबियों से भरपूर हैं और हमारी प्राचीनतम सभ्यता से जुड़े हुए भी हैं। मोटे अनाज, प्रतिकूल मौसम में भी उपजाऊ होते हैं और लंबे समय तक भंडारण के योग्य होते हैं। लगभग भुला दिए गए पोषण के पॉवरहाउस मोटे अनाज को वजूद में लाने को मोदी-योगी सरकार ने ले ली है सुध...**

आधी आबादी



गिरीश पांडेय

## फोटो की दुनिया



लखनऊ में रिमोट कंट्रोल से ड्रोन उड़ाने का प्रयास करते यूपी के चीफ मिनिस्टर योगी आदित्यनाथ।

## ट्वीट-ट्वीट




## फेसबुक वॉल से




# कंठस्थ अर्थात राजभाषा की व्याप्ति का संपूर्ण वरदान

भाषायी परतंत्रता सांस्कृतिक परतंत्रता का प्रस्थान बिन्दु है। भारत में सन 1947 में स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद से ही हिंदी बनाम अंग्रेजी का संघर्ष जारी रहा। अंग्रेजी के पक्ष में बोलने वाले लोग उसकी सर्वव्यापकता, ग्राह्यता, वैश्विकता और ज्ञान-विज्ञान, तकनीक का विपुल विषय-भण्डार रखने को इसके महत्त्व का कारण बताते रहे तो हिंदी के पक्ष में बोलने वाले हिंदी के वैज्ञानिक भाषा होने, सबसे बड़ा जनाधार और भारत की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त होने को प्रमुख कारण बताते रहे। निःसन्देह ये तीनों ही कारण राजभाषा हिंदी की शक्ति हैं जिसके आधार पर तमाम विरोधों के बावजूद हिंदी अपनी उसी धार और तेवर के साथ टिकी रही और दस कदम आगे बढ़कर विश्व भाषा बनने की ओर भी अग्रसर हुई। कहने की आवश्यकता नहीं कि आज विश्व भर के लगभग सभी विश्वविद्यालयों में हिंदी का पठन-पाठन हो रहा है। हिंदी बोली भी जा रही है और समझी भी जा रही है। इसी दिशा में एक क्रान्तिकारी पहल करते हुए गृह मंत्रालय भारत सरकार के अधीन राजभाषा विभाग ने हिंदी को और अधिक लोकप्रिय तथा सर्वव्यापी बनाने के लिए कंठस्थ नामक ऐप विकसित किया है जो गूगल की तरह ही अंग्रेजी से हिंदी और आवश्यकता पड़ने पर हिंदी से अंग्रेजी में तुरन्त अनुवाद कर देने की एक अद्यतन तकनीक है। कंठस्थ की टैग लाइन ही है ह्यअनुवाद सारथीह्व। यानी अंग्रेजी से हिंदी या हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद की एक अत्याधुनिक प्रणाली। स्मृति आधारित अनुवाद टूल कंठस्थ के आ जाने से राजभाषा हिंदी के अनुप्रयोग या व्यापक स्वीकार्यता के गवाक्ष खुले हैं। इस तकनीक के उपयोग में दूसरी भाषा के शब्दों के प्रयोग से कोई परहेज नहीं किया गया है। कुछ शब्द ज्यों के त्यों अंग्रेजी से हिंदी में लिप्यान्तरित कर दिए गये हैं- जैसे- ट्रांसलेशन मेमोरी जिसका संक्षिप्तीकरण टी0एम0 किया गया है। यह टी0एम0 मशीन साधित अनुवाद प्रणाली का एक भाग है जिससे अनुवाद करने में सहायता मिलती है। वस्तुतः टी0एम0 एक डेटाबेस है जिसमें स्रोत भाषा के वाक्य और जिस भाषा में अनुवाद अपेक्षित है, दोनों एक साथ रहते हैं, ताकि एक ही स्थान पर दोनों को देखा जा सके। ट्रांसलेशन मेमोरी पर आधारित इस प्रणाली की मुख्य विशेषता यह भी है कि पहले से किये गये अनुवाद का किसी नई फाइल के अनुवाद के लिए पुनः प्रयोग किया जा सकता है। यदि अनुवाद की नई फाइल का वाक्य टी0एम0 के डेटाबेस से पूर्णतः या आंशिक रूप से समानता रखता है तो सिस्टम उस वाक्य के अनुवाद को अपने टी0एम0 से स्वतः ले लेता है और अनुवादक की मदद करता है तथा अंग्रेजी से हिंदी या हिंदी से अंग्रेजी अनुवाद की प्रक्रिया को सरल बनाता है।

कंठस्थ की अन्य कई विशेषताएं उसे गूगल या संजाल से थोड़ा अलग तथा महत्त्वपूर्ण बना देती हैं। यह कहा जा सकता है कि कंठस्थ इण्टरनेट की दुनिया की अनेक विशेषताओं को अपने में समाहित करते हुए उसका और अधिक विकसित स्वरूप प्रस्तुत करता है। उदाहरण के लिए कंठस्थ में स्मार्ट चैटबाक्स, तुरन्त अनुवाद, सूचनाएँ (नोटिफिकेशन), फाइल शेयर करना, विभिन्न फाइल-एक्सटेंशन का समर्थन, न्यूरल मशीन ट्रांसलेशन विकल्प, स्थानीय के साथ-साथ वैश्विक टी0एम0 का निर्माण, आटोमैटिक स्पीच रिकॉग्निशन, द्विभाषिक फाइल भेजना या प्राप्त करना, वाक्यांश खोज और अन्त में गुणवत्ता की जांच करने जैसी विशेषताएं कंठस्थ को संजाल की दुनिया में एक अलग पहचान देती हैं।

अब इसकी कुछ विशेषताओं पर चर्चा करना भी आवश्यक है ताकि कंठस्थ को समझा जा सके। चैटबाक्स स्क्रीन के नीचे दाईं ओर होता है जहां उपयोग करने वाला व्यक्ति लॉग-इन करने के बाद देख सकता है। यह चैटबाक्स कंठस्थ की कार्य क्षमता या उसके बारे में जानने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है, जहाँ चैटबॉक्स आइकन पर क्लिक करने से यह खुल जाता है और आगे बढ़ने के कई विकल्प प्रदान करता है। अपनी जिज्ञासा के अनुसार उपयोगकर्ता अपने प्रश्नों का समाधान ढूंढ़ सकता है।

**कंठस्थ की कार्यक्षमता या उसके बारे में जानने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है, जहाँ चैटबॉक्स आइकन पर क्लिक करने से यह खुल जाता है और आगे बढ़ने के कई विकल्प प्रदान करता है। अपनी जिज्ञासा के अनुसार उपयोगकर्ता अपने प्रश्नों का समाधान खोज सकता है। यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है।**

दुनिया-समाज



कुहू माधव

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

NEWS इन ब्रीफ

## दलाई लामा ने महाबोधि मंदिर में की विशेष पूजा-अर्चना



**गया।** तिब्बतियों के आध्यात्मिक धर्मगुरु दलाई लामा ने शुक्रवार को विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की। धर्मगुरु दलाई लामा तिब्बती मॉनेस्ट्री से महाबोधि मंदिर परिसर पहुंचे, जहां बौद्ध लामाओं ने उन्हें विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर के गर्भ गृह में पहुंचाया। धर्मगुरु ने वहां भगवान बुद्ध की मूर्ति को नमन किया और विशेष पूजा की। दलाई लामा के आगमन को लेकर बोधगया में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। उनके आवासन स्थल तिब्बती मोनेस्ट्री को थ्री लेयर में सुरक्षा प्रदान की गई है। तिब्बती मोनेस्ट्री को अभेद दुर्ग के रूप में तब्दील कर दिया गया है। उनके निजी सुरक्षाकर्मी भी सुरक्षा में तैनात हैं। यहां दलाई लामा लगभग एक महीने तक रहेंगे। इस दौरान 29, 30 और 31 दिसंबर को बोधगया के कालचक्र मैदान में वह प्रवचन देंगे, जिसे सुनने के लिए अब तक विश्व के कई देशों के लगभग 50 हजार श्रद्धालु बोधगया पहुंच चुके हैं।

## विकास दुबे के भाई और बहनोई को सजा

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश में कानपुर देहात जिले की एक अदालत ने बहुचर्चित बिकरू कांड के मुख्य आरोपी विकास दुबे, उसके भाई अविनाश दुबे, दीपू दुबे व बहनोई दिनेश तिवारी पर 21 साल पहले दर्ज हुए एक गैंगस्टर के मुकदमे में पांच साल का कठोर कारावास और पांच हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। विकास दुबे व उसका भाई अविनाश दुबे की मौत हो चुकी है और विकास का दूसरा भाई दीपू दुबे लखनऊ जेल में बंद है। बहनोई दिनेश तिवारी को सजा सुनाए जाने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## कोरोना की रोकथाम की पूरी तैयारी रखी जाये : शिवराज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना बढ़ने की अभी पहले जैसी कोई बात नहीं है, फिर भी अस्पतालों में तैयारी पूरी रखी जाए। जिन लोगों ने बूस्टर डोज नहीं लगवाया है, उन्हें बूस्टर डोज लगाना शुरू करें। श्री चौहान आज निवास पर कोविड-19 से बचाव के लिए तैयारी बैठक ले रहे थे। मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। श्री चौहान ने कहा कि कोरोना से सावधान रहें। कोरोना के उपचार के लिए अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाएँ। मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट की मॉकड्रिल करा ली जाए। प्लांट चालू हालत में रहें यह सुनिश्चित किया जाए। जिन व्यक्तियों ने वैक्सीन का तीसरा डोज (बूस्टर) नहीं लगवाया है, उन्हें डोज लगाया जाए।

### योगी ने कृषक उत्पादक संगठनों के उत्पादों की प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

# यूपी को सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने को दोगुनी करनी होगी कृषि विकास दर

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

हमें उत्तर प्रदेश को देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में आगे बढ़ाना है तो हमें कृषि विकास की दर को वर्तमान दर से दोगुना करना होगा। उत्तर प्रदेश में इसकी क्षमता है। देश की आबादी का 16 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश में है तो 11 प्रतिशत कृषि भूमि है। यह देश में सबसे उर्वरा भूमि है। सबसे अच्छा जल संसाधन भी हमारे पास है। पूरे देश के कुल खाद्यान्न का 20 फीसदी उत्तर प्रदेश से आता है। अगर हम अपने संसाधनों का सही नियोजन कर लें तो हम इसे और आगे बढ़ा सकते हैं। इसमें कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की भूमिका अहम होगी। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में किसान सम्मान दिवस के अवसर पर एफपीओ के उत्पादों की प्रदर्शनी का शुभारंभ एवं कृषकों, कृषि उद्यमियों व कृषि वैज्ञानिकों को सम्मानित एवं पुरस्कृत करते हुए कहीं। किसान सम्मान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और किसान नेता चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।



### प्राकृतिक खेती से बचत भी और उत्पादकता भी

**प्रदेश** में प्राकृतिक खेती पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के अन्नदाता किसानों को नेशनल नेचुरल फार्मिंग के रूप में खेती का एक नया कांसेप्ट दिया है। प्राकृतिक खेती का अनुभव काफी कुछ सिखाता है। इस बार मानसून देर से आया, लेकिन प्राकृतिक खेती से जुड़े अन्नदाता किसानों ने पहले से ही तैयारी की थी उनकी उत्पादकता अच्छी थी। एक एकड़ खेती में किसी किसान को फर्टिलाइजर, केमिकल और पेस्टिसाइड में 15 हजार का खर्चा आता है तो प्राकृतिक खेती में यह लागत मात्र एक हजार रुपये आती है। यानी एक एकड़ खेती में एक किसान को 14 हजार की बचत हो सकती है। समय-समय पर हम इस कार्यक्रम से जुड़े रहेंगे तो उतनी ही अच्छी उत्पाकदता भी बनी रहती है।

### चौधरी चरण सिंह की दूरदृष्टि अन्नदाता किसान के लिए है मार्गदर्शक

अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब जानते हैं कि आजादी के तत्काल बाद चौधरी साहब ने स्पष्ट कर दिया था कि यदि भारत को दुनिया की एक ताकत के रूप में उभरना है तो देश के अंदर खेती और किसानी पर ध्यान देना होगा। भारत के विकास का मार्ग खेत और खलिहान से निकलेगा। उनके इस दूरदर्शी दृष्टि आजाद भारत के किसानों और किसान परिवारों के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में है। चौधरी जी के सपनों को साकार करने के लिए और अन्नदाता किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने के लिए, उनकी आमदनी को दोगुना करने के लिए 2014 में प्रधानमंत्री मोदी जी ने कई कार्यक्रम प्रारंभ किए। जो धरती माता हम सबको पेट भरने और स्वावलंबन व सम्मान का आधार बनती है उस धरती माता की सेहत की रक्षा के लिए स्वाइल हेल्थ कार्ड की व्यवस्था प्रारंभ की।

### आज कृषि विकास दर आगे बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं अन्नदाता किसान

उत्तर प्रदेश में किसानों के लिए किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विगत साढ़े 5 वर्ष में हमने कई कार्यक्रम प्रारंभ किए। सबसे पहले मार्च 2017 में 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रुपए कर्ज माफी के कार्यक्रम को अपने हाथों में लिया। लगभग 22 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करवाई। पीएम किसान सम्मान निधि हो या लागत का डेढ़ गुना एमएसपी लागू करने का कार्य हो, ये सभी प्रभावी ढंग से लागू हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश के अंदर 2.60 करोड़ किसानों के खाते में अब तक 51 हजार करोड़ रुपए की राशि भेजी जा चुकी है। प्रदेश के अंदर धान, बीज, दलहन, तिलहन इन सभी क्षेत्रों में रिकॉर्ड मात्रा में बिना किसी बिचौलिए के उनके उत्पाद का क्रय किया गया।

सीएम योगी ने प्राकृतिक खेती को सर्टिफिकेशन से जोड़ने की जरूरत पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि हमने इसको सर्टिफिकेशन से भी जोड़ने का कार्य किया है। प्रदेश के अंदर हर कमिश्नरी स्तर पर एक लैब की स्थापना होनी चाहिए। हर कृषि विज्ञान केंद्र में भी एक लैब की स्थापना करें, जहां पर इसके सर्टिफिकेशन की कार्यवाही हो। यहां पर हम सर्टिफाई करें कि ये जो प्रोडक्ट है वो ऑर्गेनिक है। मार्केट में इसके दाम अच्छे मिलेंगे। प्रदेश में हमारे अन्नदाता किसान ने इसके अच्छे प्रयास किए हैं। इसी का परिणाम है कि आज ढेर सारी संभावनाएं दिख रही हैं। हम ऑर्गेनिक फसलों को आगे बढ़ा सकते हैं। सब्जियों के उत्पादन और उसके एक्सपोर्ट प्रमोशन की कार्यवाही में हम अच्छे प्रयास प्रारंभ कर सकते हैं।

# बिहार में शीतलहर का कहर, दो लोगों की मौत



**एजेंसी। पटना**

बिहार में शीतलहर की वजह से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। सीवान-लखीसराय जिले में ठंड की वजह से दो लोगों की मौत हुई है। मौसम विभाग ने शीतलहर को लेकर 'येलो' अलर्ट भी जारी किया है। पटना, भागलपुर, पूर्णिया, मोतिहारी, सीतामढ़ी समेत कई इलाकों में शुक्रवार को सुबह से लेकर दिन के 12 बजे तक घना कोहरा छाया रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ी इलाकों में चल रही बफीर्ली हवा का प्रकोप जारी है, जिसकी वजह से प्रदेश के कई जिलों में कनकनी बढ़ गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि आने वाले अगले सप्ताह में मौसम भले ही साफ रहेगा लेकिन सुबह और रात के समय कोहरा छाया रहेगा। गाड़ियों को सावधानी से ड्राइव करना जरूरी है। क्योंकि, विजिबिलिटी पूरी तरह कम हो जाएगी। मौसम विभाग ने ठंड और शीतलहर को लेकर 'येलो' अलर्ट भी जारी किया है।

### सीवान और बड़हिया में भी एक-एक मौत

वहीं सीवान जिले में एक 60 साल के बुजुर्ग की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। बढ़ती ठंड से मौत की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल अभी मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा। लखीसराय जिले के बड़हिया प्रखंड में एक मिस्त्री की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि काम करते-करते ही अचानक वह बेहोश हो गया। इसके बाद उसे अस्पताल लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों का कहना है कि ठंड के कारण हार्ट अटैक आने की आशंका है।

# शराबबंदी पर झूठ बोलना बंद करे भाजपा : जदयू

**एजेंसी। पटना**

बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चेतावनी देते हुए आज कहा कि वह शराबबंदी पर झूठ और भ्रम का व्यापार बंद करे। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को यहां कहा कि भाजपा राज्य और देश की जनता को भरमाने के अलावा कोई काम नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि अभी हाल-हाल तक उसने बिहार की जनता को नगर निकाय चुनाव के संदर्भ में अतिपिछड़ा आरक्षण को लेकर भरमाया और अब जहरीली शराब मामले में आमलोगों को बरगलाने में लग गई है।



श्री कुशवाहा ने कहा कि समाज के हित में ली गई शराबबंदी के ऐतिहासिक फैसले को अपनी राजनीति साधने के लिए गलत ठहराना भाजपा की ओछी मानसिकता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि भाजपा तो यह तक भूल गई कि इसी शराबबंदी के समर्थन में बनी मानव-श्रृंखला में उसके तमाम नेता और कार्यकर्ता हाथ में हाथ डालकर खड़े हुए थे। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनसीआरबी के आंकड़े के मुताबिक जहरीली शराब पीने से बिहार से अधिक मौतें कर्नाटक, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात और हरियाणा जैसे राज्यों में हुईं हैं लेकिन इन राज्यों में भाजपा खामोश है, आखिर क्यों। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बिहार में उसके हाथों से सत्ता क्या छिनी, उसके तमाम नेता अपने आकाओं को खुश करने के लिए बस मुद्दों के जुगाड़ और अनर्गल बयानबाजी में लग गए हैं।

श्री कुशवाहा ने सवालिया लहजे में कहा कि शराबबंदी पर झूठ और भ्रम का व्यापार बंद कर भाजपा बताए कि केन्द्र में बैठी उसकी सरकार कमरतोड़ महंगाई और भयावह बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर क्या कर रही है। हर साल दो करोड़ के हिसाब से आठ सालों में सोलह करोड़ रोजगार देने के उसके वादे का क्या हुआ। अपने चहते उद्योगपतियों को खुश करने के अलावा भी क्या कोई एजेंडा है उसके पास।

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सच तो यह है कि भाजपाइयों से कोई भी सवाल करें, वे उसका जवाब बस 'हिन्दू-मुस्लिम' में देंगे। लेकिन, शायद वे यह भूल गए हैं कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। उन्होंने कहा कि जुमलों की इस सरकार का हिसाब देश की जनता वर्ष 2024 में जरूर करेगी।

### मोतिहारी में बड़ा हादसा

# चिमनी में विस्फोट, नौ की मौत



**एजेंसी। मोतिहारी**

पूर्वी चंपारण जिले के रामगढ़वा में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हुआ। यहां एक ईंट भट्ठे के चिमनी में विस्फोट के बाद नौ लोगों के मारे जाने की सूचना है। कुछ लोगों के चिमनी तले दबने से मौत होने की सूचना है। इस हादसे में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को पास के एसआरपी हॉस्पिटल, रक्सौल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के डॉक्टरों ने अब तक पांच लोगों के मरने की पुष्टि कर दी है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि ईंट भट्ठे में आग लगाने के दौरान चिमनी में विस्फोट हो गया है। इस हादसे में मौके पर मौजूद करीब 9 लोगों की मौत हो गयी। चिमनी मालिक सहित करीब आधा दर्जन मजदूर घायल हो गये हैं। मौके पर मौजूद लोगों की मानें तो कुछ लोग चिमनी तले दबे हुए हैं। आधा दर्जन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। घटना रामगढ़वा थाने ने नीलगिरी की है। घटना स्थल के लिए मोतिहारी के डीएम निकल गये है।

# कुख्यात नक्सली गिरफ्तार हथियार व कारतूस बरामद



**एजेंसी। लखीसराय**

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे है लखीसराय पुलिस के विशेष अभियान को बड़ी सफलता मिली है। लखीसराय जिले के कजरा थाना के अतंगर्त काशी टोल जंगल से एसएसबी और लोकल पुलिस के संयुक्त छापेमारी सर्च अभियान के तहत देर रात को एक कुख्यात नक्सली श्री कोड़ा को गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी मुंगेर और लखीसराय के जंगलों के मध्य गिरफ्तारी हनुमान थान जंगल से हुई है। लखीसराय पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि नक्सली जंगल में ठिकाना बनाए हुए हैं। इसके बाद कजरा, पीरी बाजार, एसटीएफ और एसएसबी के जवानों के साथ एक संयुक्त अभियान चलाया गया। इसमें श्री कोड़ा को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। वहीं एक अन्य नक्सली सुरेश कोड़ा की तलाश में निकली पुलिस के साथ नक्सलियों की मुटभेड हुई जिसमें अँधेरा, पहाड़ी, घना जंगली क्षेत्र का फायदा उठाकर नक्सली वहां से भागने में सफल रहे। पुलिस को सर्च अभियान में 1 इंसास रायफल, 125 जिन्दा कारतूस सहित कई अन्य खोखा, कारतूस आदि बरामद हुआ है। श्री कोड़ा के खिलाफ लखीसराय, मुगेर, जमुई आदि जिलों में 32 मामले दर्ज हैं।

## छत्तीसगढ़ में कार के खाई में गिरने से चार की मौत

**कबीरधाम।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में आज सुबह एक कार के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से दो महिलाओं समेत चार लोगो की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रयागराज से अस्थि विसर्जित कर वापस लौट रहे लोगो की कार आज भोर में जिले की चिल्फी घाटी में अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई जिससे उसमें सवार तीन लोगो की मौके पर ही जबकि एक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं शामिल हैं। बघेल ने घटना पर गहरा अफसोस जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी सहानुभूति व्यक्त की हैं। उन्होने अधिकारियों को पीडित परिवारों को नियमानुसार आर्थिक मदद का भी निर्देश दिया हैं।

# शुभेंदु पर गृहमंत्री की फटकार का असर नहीं, दिलीप घोष के साथ दूरी बरकरार

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में अंतर्कलह से जूझ रही भाजपा नेताओं को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मिलजुल कर काम करने की नसीहत दी थी। खासकर दिलीप घोष और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के बीच व्याप्त तल्खी दूर करने पर विशेष जोर दिया गया था लेकिन अधिकारी पर इसका कोई असर होता नहीं दिख रहा। कांथी में होने वाली शुभेंदु की जनसभा के लिए जो पोस्टर बनवाया गया है उसमें दिलीप घोष की तस्वीर नहीं है। इसे लेकर पार्टी के एक गुट ने सवाल खड़ा किया है। सोशल मीडिया पर रैली के पोस्टर शेयर कर पार्टी कार्यकर्ता शुभेंदु अधिकारी पर हमलावर हैं। हालांकि अधिकारी गुट का कहना है कि प्रदेश भाजपा में



दिलीप घोष की कोई जिम्मेवारी नहीं है इसलिए उनकी तस्वीर नहीं लगाई गई है। शुभेंदु की रैली के लिये प्रकाशित पोस्टर और होर्डिंग में प्रधानमंत्री मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार की तस्वीरें हैं लेकिन दिलीप घोष की तस्वीर नहीं है। पार्टी के एक गुट का दावा है कि पिछले कुछ सालों के दौरान ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि पश्चिम बंगाल भाजपा का कोई बड़ा कार्यक्रम हो और उसमें प्रदेश नेताओं में दिलीप घोष की तस्वीर नहीं लगी हो। उल्लेखनीय है कि दिलीप घोष ने शुभेंदु की डेट पॉलिटिक्स का खुलकर विरोध किया था। इसके जवाब में शुभेंदु अधिकारी ने मॉर्निंग वॉक के दौरान नियमित तौर पर मीडिया से बात करने को लेकर दिलीप घोष की खिंचाई की थी। इसके बाद गत 17 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बंगाल लाए थे। कोलकाता में उन्होंने पार्टी नेताओं के साथ बैठक कर विशेष तौर पर शुभेंदु अधिकारी और दिलीप घोष को मिलजुल कर काम करने की नसीहत दी थी। इन नेताओं की दिल्ली में भी क्लास लगी थी जिसमें किसी भी तरह से पार्टी में फूट को स्वीकार नहीं करने की बात समझाई गई थी लेकिन इसका कोई असर होता नहीं दिख रहा।

## नवादा में करंट से युवक की मौत

**नवादा।** नवादा में बोरिंग खराब होने के बाद पाइप खींच रहे एक युवक की मौत आज करंट लगने से हो गई। घटना के बाद आनन-फानन में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के पनछेका गांव निवासी गुरुदेव चौहान के पुत्र पंकज कुमार का समरसेबल बोरिंग खराब हो गया था। जिसके बाद वह बोरिंग से पाइप खींच रहा था। उसी दौरान ऊपर से गुजरे विद्युत प्रवाहित तार में पाइप सट गया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन-फानन में परिजनों के सहयोग से उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

**शुक्रवार संवाद** | भारतीय संस्कृति, धर्म और नीति की शिक्षा के पक्षधर थे मालवीय : डॉ. मुरली मनोहर जोशी

# वह छात्रों का शारीरिक-मानसिक विकास चाहते थे

**नवीन मेल नेटवर्क। नई दिल्ली**

भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जन संचार संस्थान द्वारा आयोजित 'शुक्रवार संवाद' को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय भारतीय संस्कृति, धर्म और नीति की शिक्षा के पक्षधर थे। महामना के शिक्षा दर्शन के मूल में विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास की अवधारणा थी। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के तत्कालीन मीडिया सलाहाकार अशोक टंडन,




आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी, अपर महानिदेशक आशीष गोयल, डीन (अकादमिक) प्रो. गोविंद सिंह एवं डीन (छात्र कल्याण) प्रो. प्रमोद कुमार सहित आईआईएमसी के सभी केंद्रों के संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

'मदन मोहन मालवीय की शिक्षा दृष्टि' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने कहा कि मालवीय जी स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ और शिक्षाविद् ही नहीं, बल्कि एक बड़े समाज सुधारक भी थे। देश से जातिगत बेड़ियों को तोड़ने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान था। उनका कहना था कि जो शिक्षा लोगों में भेदभाव करेगी, वो हमें स्वीकार नहीं है।

डॉ. जोशी ने कहा कि मालवीय जी की दूरदृष्टि कहां तक जाती थी, इस पर समग्र रूप से विचार करने के लिए उनके जीवन के विविध पहलुओं का अध्ययन आवश्यक है। मालवीय जी भारतीय समाज एवं राष्ट्र के निर्माण के लिए ऐसे लोगों का सृजन करना चाहते थे, जो समग्र रूप से विकसित हों, आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में दक्ष हों और भारतीय संस्कृति में निहित मूल्यों पर चलने वाले हों।

इस अवसर पर 'अटल बिहारी वाजपेयी और पत्रकारिता के मूल्य' विषय पर विचार व्यक्त करते हुए अशोक टंडन ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते थे। अटलजी जनता की बातों को ध्यान से सुनते थे और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करते थे। टंडन ने कहा कि अटल जी ने कठिन परिस्थितियों में पत्रकारिता की शुरूआत की और वह अखबार में खबर लिखने, संपादन करने और प्रिंटिंग के साथ साथ समाचार पत्र वितरण का कार्य भी स्वयं करते थे।

टंडन के अनुसार अटल जी ने मूल्यों की पत्रकारिता की और इसी वजह से आज भी पत्रकार अटल जी को अपना रोल मॉडल मानते हैं। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी राजनेता बनने से पहले एक पत्रकार थे। वह देश और समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा से पत्रकारिता में आए थे। उनके जीवन का लक्ष्य पत्रकारिता के माध्यम से पैसे कमाना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण था। उनकी कविताएं नौजवानों में उत्साह जगाने वाली थीं। अटल जी का मानना था कि समाचार पत्रों के ऊपर एक बड़ा राष्ट्रीय दायित्व है। भले ही हम समाचार पत्रों की गणना उद्योग में करें, लेकिन समाचार पत्र केवल उद्योग नहीं हैं, उससे भी कुछ अधिक हैं।

# कोरोना से लड़ने के लिए जेएलएनएमसीएच तैयार

**एजेंसी। भागलपुर**

एक बार फिर कोरोना ने दस्तक दे दी है। इस परिस्थिति में लोगो को सावधान रहने की जरूरत है। पूर्व की भांति सेनेटाइजर, मास्क और दो गज की दूरी बहुत है जरूरी जैसे नियम का पालन करने की जरूरत है। भागलपुर में इस क्षेत्र के सबसे बड़े अस्पताल जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल मायागंज में कोरोना से लड़ने के लिए एमसीएच कोरोनावायरस 30 वार्ड तैयार करके रख लिए गए। सभी वार्डों में ऑक्सीजन की व्यवस्था कर रखी गई है। साथ ही साथ दवाइयों की भी व्यवस्था है। अस्पताल अधीक्षक असीम कुमार दास ने शुक्रवार को बताया कि कोरोना से लड़ने के लिए हम लोग पूर्णरूपेण तैयार हैं। हम लोगों ने



तैयारी पूरी कर ली है। संभावित कोरोना बीएफ 7 से पहले हम लोगों ने एमसीएच वार्ड में कोरोनावायरस 30 बेड लगाए हैं। जिसमें ऑक्सीजन से लेकर सभी दवाइयों की व्यवस्था कर ली गई है। अब यह पता लगाना होगा कि यह वेरिएंट कितना खतरनाक है। अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि इस कोरोना से ज्यादा घबराने की नहीं सावधान रहने की जरूरत है।

NEWS इन ब्रीफ

### भुवनेश्वर के लोग विश्व कप की ट्रॉफी का करेंगे दीदार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में 13 से 29 जनवरी के बीच खेली जानेवाले एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप प्रतियोगिता से पहले भुवनेश्वर के खेल प्रेमी चमचमाती ट्राफी का दीदार करेंगे। देश के विभिन्न शहरों में भ्रमण के बाद विश्वकप की ट्राफी 25 दिसम्बर को भुवनेश्वर पहुंचेगी जिसे पूरे शहर में खेल प्रेमियों के दीदार के लिए घुमाया जायेगा। ट्राफी को एसओए डीम्ड यूनिवर्सिटी के नये स्टेडियम में रखा जायेगा जहां छात्र और अन्य खेल प्रेमी उसकी झलक पा सकेंगे।

### सुदेवा ने शीतकालीन ब्रेक से पहले खोल लिया खाता

**नयी दिल्ली।** सुदेवा दिल्ली ने आई-लीग 2022-23 में मोहम्मदन एससी के साथ 1-1 से ड्रॉ खेलकर सीजन का अपना पहला अंक अर्जित कर लिया। छत्रसाल स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में आखिरी मिनटों तक किसी टीम ने गोल नहीं किया था, लेकिन सुदेवा ने 86वें मिनट में थेको कार्लोस पाओ के गोल से अपना खाता खोला, जबकि मोहम्मदन ने इंजरी टाइम में एबिओला डौडा (90+2 मिनट) के गोल से बराबरी कर ली। सुदेवा के लिए आई-लीग का यह सीजन एक बुरे सपने जैसा गुजर रहा था लेकिन शंकरलाल चक्रबर्ती के कोच बनते ही दिल्ली के क्लब ने अपना पहला अंक अर्जित कर लिया।

### ब्रांड बनकर उभर रहे हैं खिलाड़ी

**दोहा।** फैशन और स्पोर्ट्स दुनिया में तेजी से उभर रहे हैं। 2022 में सोशल मीडिया के कारण स्पोर्ट्स और फैशन पहले से और भी पास आये हैं। 18 दिसम्बर को वर्ल्ड कप फाइनल से दो दिन पहले कतर में 974 स्टेडियम में एक फैशन शो हुआ, जिसमें दुनियाभर के 50 देशों से 150 डिजाइनर आये थे। ये सिर्फ एक उदाहरण है दोनों इंडस्ट्री के साथ जुड़ने का। फैशन की दुनिया के बड़े सितारे धीरे-धीरे स्पोर्ट्स की दुनिया में अपने लिए एक मुकाम हासिल कर रहे हैं। इसी तरह स्पोर्ट्स के सितारे भी फैशन की दुनिया में कायम हो रहे हैं।

### अलेक्सींकों किरिल ने जीता सनवे सिट्जस का खिताब

**बार्सिलोना।** रूस के ग्रांड मास्टर अलेक्सींकों किरिल प्रतिष्ठित सनवे सिट्जस इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीतने में सफल रहे है उन्होने अंतिम राउंड में सफेद मोहरो से खेलते हुए यूएसए के नीमन हंस मोके से एक आसान ड्रॉ खेलते हुए अपनी खिताबी जीत सुनिश्चित कर दी और यह खिताब जीतने वाले रूस के दूसरे खिलाड़ी बन गये। पूरे टूर्नामेंट में किरिल अपराजित रहे और 10 राउंड में 7 जीत और 3 ड्रॉ खेलकर 8.5 अंक बनाकर पहले स्थान पर रहे। इस दौरान उन्होंने 2837 रेटिंग का प्रदर्शन करते हुए अपनी फीडे रेटिंग में 21 अंक जोड़ते हुए 2686 लाइव रेटिंग हासिल कर ली है।

# सैम करन आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी

## पंजाब किंग्स ने 18.5 करोड़ रुपये में खरीदा



**एजेंसी। कोच्चि**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)-2023 की नीलामी के दूसरे दौर में इंग्लैंड के सैम करन को शुक्रवार को पंजाब किंग्स ने 18.5 करोड़ रुपये में खरीदा, जिसके बाद वह आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गये हैं। भारत के पूर्व धाकड़ बल्लेबाज युवराज सिंह को सबसे पहले आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी होने का गौरव हासिल हुआ था जब 2015 के सत्र में उन्हे 16 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। इससे पहले 2020 के सत्र में पैट कमिंस को 15.5 करोड़ रुपये और काइल जैमीसन को 2021 में 15 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। करन के लिए मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने सात करोड़ रुपये तक की बोली लगायी और तभी राजस्थान रॉयल्स बोली में कूद गया जबकि आरसीबी बाहर निकल गया। करन ने ऑस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में 12 रन पर तीन विकेट चटकाये थे और अपनी टीम को विश्व विजेता बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने विश्वकप में कुल 13 विकेट हासिल किये। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने 2020 और 2021 सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेला, लेकिन फरवरी 2022 में वह पीठ की चोट के कारण आईपीएल की मेगा नीलामी के लिए उपलब्ध नहीं थे। 24 वर्षीय सैम करन ने 2019 में पंजाब किंग्स के लिए आईपीएल डेब्यू किया था। टीम ने उन्हें 7.2 करोड़ रुपये में खरीदा था। वर्ष 2020 की नीलामी में करन को चेन्नई सुपर किंग्स ने 5.5 करोड़ में खरीदा था। दो साल तक चेन्नई के साथ रहने के बाद करन ने चोट की वजह से पिछले साल हुई नीलामी में हिस्सा नहीं लिया था।

**सबसे कीमती विकेटकीपर बने पूरन :** आईपीएल नीलामी इतिहास में एक और रिकॉर्ड बना। विकेटकीपर के तौर पर अब तक सबसे महंगे बिकने वाले वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन हैं। उन्हें 16 करोड़ में लखनऊ सुपर जॉयंट्स ने खरीदा। इससे पहले सबसे ज्यादा कीमत पानेवाले विकेटकीपर मुंबई के ईशान किशन (15.25 करोड़) थे। बॉलिंग ऑलराउंडर्स पर सबसे ज्यादा बोली लगी।

### फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर्स पर रिकॉर्ड बोली

**उम्मीद** के मुताबिक मिनी ऑक्शन में फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर्स सबसे ज्यादा डिमांड में रहे। 30 मिनट में इन ऑलराउंडर्स ने 59 करोड़ रुपये बटोर लिये। पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट सैम करन को सबसे ज्यादा 18.50 करोड़ रुपए में पंजाब ने खरीदा। ऑस्ट्रेलिया के कैमरून ग्रीन को मुंबई इंडियंस ने 17.50 करोड़ रुपये में अपने नाम किया। इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स को 16.25 करोड़ रुपये मिले। उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा। जेसन होल्डर को राजस्थान रॉयल्स ने 5.75 करोड़ रुपये में खरीदा।

### जो रूट, रुसो और शाकिब नहीं बिके

**इंग्लैंड** के जो रूट और साउथ अफ्रीका के विस्फोटक बैटर राइली रुसो को ऑक्शन में कोई भी खरीदार नहीं मिला। रूट की बेस प्राइस एक करोड़ रुपए और रुसो की बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए थी। रूट पहली बार ऑक्शन में थे। रुसो 2014 और 2015 के आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम का हिस्सा थे। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन को किसी ने नहीं खरीदा। बांग्लादेश के दाएं हाथ के बैटर लिटन दास भी नहीं बिके। ऑस्ट्रेलिया के एडम जम्पा, साउथ अफ्रीका के तबरेज शम्सी, अफगानिस्तान के मुजीब-उर रहमान और वेस्टइंजडीज के अकील हुसैन को कोई खरीदार नहीं मिला।

# पंत-अय्यर का बेहतरीन शो

## मीरपुर टेस्ट में भारत को पहली पारी में मिली 87 रन की बढ़त

**एजेंसी। मीरपुर**

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (93) और हरफनमौला श्रेयस अय्यर (87) के बीच 159 रन ठोस साझेदारी की मदद से भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में 314 रन बनाकर 87 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में दिन का खेल खत्म होने के समय बांग्लादेश में अपनी दूसरी पारी में बगैर नुकसान के सात रन बना लिये थे। नजमुल हुसैन शंटो पांच और जाकिर हसन दो रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे। बांग्लादेश की पहली पारी मैच के पहले ही दिन 227 रन बनाकर पवेलियन लौट गयी थी। भारत की पहली पारी की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही जब उनके दोनों सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (10) और शुभमन गिल (20) जल्द ही पवेलियन लौट गये। दोनों को तैजुल इस्लाम ने अपना शिकार बनाया। उस समय टीम के स्कोरबोर्ड पर मात्र 37 रन टंगे थे। बाद में क्रीज पर आये चेतेश्वर पुजारा (24) और विराट कोहली



(24) ने पारी को संवारने की कोशिश की, मगर टीम के स्कोर को तिहाई अंक तक पहुंचाने में असफल रहे। अब बारी पंत और अय्यर की थी जिनका विकेट चटकाने के लिए मेजबान गेंदबाजों को खासा पसीना बहाना पड़ा।

करियर के छठे शतक से मात्र सात रनों से चूके पंत ने अपनी बेहतरीन पारी में 89.42 के स्ट्राइक रेट से सात चौके और पांच छक्के जड़े। उनको मेहिदी हसन मिराज ने विकेटकीपर नुरुल हसन के हाथों कैच आउट करा कर भारतीय तूफान को कुछ हद तक नरम किया। पंत के आउट होने के बाद ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहे श्रेयस अय्यर का भी ध्यान भटका जिसका भरपूर फायदा उठाते हुए अनुभवी शाकिब उल हसन ने उन्हे पगबाधा आउट कर दिया। अय्यर ने अपनी उपयोगी पारी में 105 गेंदो का सामना किया और दस चौके और दो छक्के लगाये। मध्यक्रम के दोनों बल्लेबाजों को आउट करने के बाद मेजबान टीम ने अपना शिकंजा कस दिया और बचे हुए चार विकेट मात्र 50 रन खर्च कर ढेर कर दिये, हालांकि वह भारत को उपयोगी लीड लेने से नहीं रोक सके। बंगलादेश की ओर से तैजुल इस्लाम 74 रन पर चार विकेट और शाकिब उल हसन 79 रन पर चार विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज बने। वहीं, तस्कीन अहमद और मेहिदी हसन मिराज ने एक एक विकेट अपनी झोली में डाला।

### कुलदीप को बैठाने पर विशेषज्ञों का निकला गुस्सा

**मुंबई।** बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत की प्लेइंग-11 से स्पिनर कुलदीप यादव को ड्रॉप कर दिया। उन्हें ड्रॉप करने पर कई क्रिकेट एक्सपर्ट्स का गुस्सा फूट पड़ा। दिग्गज भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा कि उन्हें इस फैसले पर विश्वास नहीं हो रहा, अगर एक स्पिनर को ड्रॉप करना था तो अश्विन या अक्षर को क्यों नहीं किया? कुलदीप ने पहले टेस्ट में आठ विकेट लेने के साथ बल्ले से 40 रन भी बनाये थे। पहली पारी में उन्होंने पांच विकेट लिये थे। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। लेकिन, अगले ही मैच में बैठा दिया गया। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में इंग्लैंड के केविन पीटरसन समेत दो प्लेयर्स के साथ भी ऐसा हो चुका है। जब उन्हें सीरीज में प्लेयर ऑफ द मैच मिलने के अगले ही मैच में बैठा दिया गया। इंग्लैंड के बल्लेबाज केविन पीटरसन को नियमों के खिलाफ जाने की वजह से बाहर कर दिया गया था। 2012 में साउथ अफ्रीका दौरे के दूसरे टेस्ट में वह प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। लेकिन, तीसरे टेस्ट में उन्हें बाहर बैठना पड़ा। साउथ अफ्रीका के क्रिकेटर पैट सिमकोक्स को 1997-98 में प्लेयर ऑफ द मैच होने के बाद भी अगले मैच से हटा दिया गया था।

# हॉकी विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को प्रतिष्ठित एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। पूल डी में शामिल भारतीय टीम इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ अपने अभियान की शुरुआत 13 जनवरी को राउरकेला के नवनिर्मित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में करेगी। ऐस ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को टीम का कप्तान और अमित रोहिदास को उप-कप्तान बनाया गया है। साई सेंटर, बेंगलुरु में दो दिवसीय प्रशिक्षण के बाद रणनीतिक रूप से चुनी गयी। टीम में जहां 33 खिलाड़ियों का परीक्षण किया गया था। टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा सामंजस्य है। कृष्ण बी पाठक और पीआर श्रीजेश अपना चौथा विश्व कप खेल रहे हैं, जिनमें तीसरा अपने घरेलू धरती पर होगा। इनको गोलकीपर के रूप में चुना गया है, जबकि भारतीय टीम की रक्षा कप्तान हरमनप्रीत सिंह करेंगे, साथ ही उप-कप्तान अमित रोहिदास, सुरेंद्र कुमार, वरुण कुमार, जरमनप्रीत सिंह और नीलम संजीप एक्स उनका साथ निभायेंगे। मिडफील्ड में विलक्षण प्रतिभा के धनी युवा विवेक सागर प्रसाद की वापसी होगी, जो टखने की चोट के कारण हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के दौरे के साथ-साथ एफआईएच हॉकी प्रो लीग में खेलने से चूक गये थे। उनके साथ मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलकांत शर्मा, शमशेर सिंह और अनुभवी आकाशदीप सिंह शामिल होंगे। फॉरवर्ड लाइन में मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय और युवा अभिषेक और सुखजीत सिंह शामिल होंगे। चुने गए दो वैकल्पिक खिलाड़ी राजकुमार पाल और जुगराज सिंह भी शामिल हैं।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम की घोषणा

**एजेंसी। लंदन**

न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले साल 16 फरवरी से शुरू होनेवाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गयी। न्यूजीलैंड दौरे के लिए टीम में तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड और मैथ्यू पॉट्स के अलावा बल्लेबाज डैन लॉरेंस को शामिल किया गया है जबकि मार्क वुड को विश्राम दिया गया है। पॉट्स ने हाल ही में अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया था, लेकिन ओली रॉबिन्सन की वापसी के बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। उन्हें पाकिस्तान दौरे में टीम में शामिल नहीं किया गया था।

पिछले मार्च में वेस्टइंडीज दौरे के बाद लॉरेंस की अब टीम में वापसी हुई है, वहीं स्टोन की भी टेस्ट टीम में भी वापसी हुई है। यहां दिलचस्प है कि पाकिस्तान दौरे के दौरान कराची में अपने पदार्पण मैच में कातिलाना गेंदबाजी कर इंग्लैंड की नयी उम्मीद बने युवा लेग स्पिनर रेहान अहमद को न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट टीम में जगह नहीं दी गयी है।

**टीम इस प्रकार है :** – बेन स्टोक्स (कप्तान), जेम्स एंडरसन, स्टुअर्ट ब्रॉड, हैरी ब्रूक, जक क्रॉली, बेन डकेट, बेन फोक्स, विल जैक, डैन लॉरेंस, जैक लीच, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, ओली स्टोन। टीम अपना पहला मैच माउंगानुई में 16 से 20 फरवरी के बीच खेलेगी जबकि न्यूजीलैड के खिलाफ दूसरा टेस्ट 24 से 28 फरवरी के बीच वेलिंगटन में खेला जायेगा।

### जोफ्रा आर्चर की 22 महीनों बाद क्रिकेट में वापसी

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की एक साल 10 महीनों बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी होने जा रही है। उन्हें साउथ अफ्रीका दौरे पर इंग्लैंड के 14 खिलाड़ियों की टीम में चुना गया है। आर्चर ने मार्च 2021 में भारत के खिलाफ आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। यह एक टी-20 मैच था। इस वापसी ने उन्हें 2023 का आईपीएल खेलने के लिए भी उपलब्ध बना दिया। वह इंजरी के चलते लंबे समय तक क्रिकेट से दूर हो गये थे।

# पेरिस ओलंपिक : आर्टिस्टिक तैराकी में पहली बार पुरुष एथलीट होंगे पात्र

**एजेंसी। लुसाने**

इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी ने पुरुषों को पेरिस ओलंपिक 2024 में इतिहास में पहली बार ओलंपिक आर्टिस्टिक (कलात्मक) तैराकी में भाग लेने की अनुमति दी है। वर्ल्ड एक्वेटिक्स ने यह घोषणा की। वर्ल्ड एक्वेटिक्स ने गुरुवार को खुलासा किया कि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने पेरिस 2024 में पुरुषों को आर्टिस्टिक तैराकी प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति देने के लिए जलीय खेलों के वैश्विक घर के लिए अपनी



मंजूरी दे दी है। विश्व एक्वेटिक्स के अनुसार आईओसी ने प्रति टीम अधिकतम दो पुरुष प्रतियोगियों के साथ कलात्मक तैराकी टीम प्रतियोगिता में पुरुष भागीदारी को मंजूरी दी। आर्टिस्टिक तैराकी 1984 से ओलंपिक कार्यक्रम में रही है। अब तक महिलाएं ही इस खेल का हिस्सा हुआ करती थी। पुरुषों को 2015 से एफआईएनए वर्ल्ड एक्वेटिक्स चैम्पियनशिप में खेल में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी गयी है। पुरुष इस एथलीट टीम स्पर्धा में भाग लेने के पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक टीम में आठ प्रतियोगी होंगे। नये नियम ओलंपिक खेलों में प्रत्येक टीम में अधिकतम दो पुरुषों को प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देंगे।

योजना | सऊदी के रेगिस्तान में विंटर गेम्स 2029 की तैयारी

# रेत में जमी रहेगी बर्फ, टूरिज्म से होगी कमाई

**एजेंसी। रियाद**

सऊदी अरब के रेगिस्तान में अब आप दिन में भी ठिठुरेंगे। यहां साल के 12 महीने बर्फ जमी रहेगी। एक कृत्रिम झील भी होगी और अत्याधुनिक सुविधाओं वाले महल जैसे घर भी होंगे। 60 वर्ग किलोमीटर में तैयार हो रहे इस स्कीइंग रिजॉर्ट में होटल्स के 3600 कमरे और 2200 घर होंगे। रेगिस्तान में पहाड़ों के बीच बर्फ से बन रहा यह स्वर्ग नियोम सिटी है और परियोजना का नाम है ट्रोजेना। यह अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर से 33 गुनी बड़ी होगी।

कतर के बाद अब सऊदी अरब में एशियन विंटर गेम्स 2029 की तैयारी चल रही है। दरअसल, दोहा में फीफा वर्ल्ड कप के सफल आयोजन के बाद अरब देशों की अंतरराष्ट्रीय खेल



प्रतिस्पर्धाओं की आयोजन क्षमता पर किसी को शक नहीं रहा। फीफा वर्ल्ड कप का आयोजन 18.19 लाख करोड़ रुपए में किया गया था। वहीं सऊदी अरब अपनी ट्रोजेना परियोजना पर दोगुने से ज्यादा 41.35 लाख करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। इसके 2026 तक तैयार होने की उम्मीद है। इसके 3 साल बाद 2029 में यहां एशियन विंटर गेम्स का आयोजन होगा। यहां साल भर स्कीईंग और दूसरे विंटर स्पोर्ट्स खेले जा सकेंगे।

**टूरिस्ट्स के लिए चार अलग-अलग मौसम होंगे :** इन जिलों को एक्सप्लोर, डिस्कवर, गेटवे, वैली, रिलेक्स और फन नाम दिया गया है। जैसा कि नाम से ही साफ है कि इन अलग-अलग जिलों में अलग-अलग आकर्षण हैं और कोई भी अपने मूड के हिसाब से इनमें जा सकता है। इसमें एक वॉल्ट जोन भी होगा, एक तरह का वर्टिकल विलेज। इसमें रेस्त्रां और खरीदारी के लिए ब्रांडेड दुकानें होंगी। आप 1500 से 2600 मीटर के पहाड़ों की ऊंचाई पर भी हैं, तो यहां तक तुरंत पहुंच सकते हैं। यहां चार अलग-अलग मौसम तय किए गए हैं। सितंबर से नवंबर तक यहां आयुर्वेद से लेकर पंचकर्म के अलावा योग की भी व्यवस्था रहेगी। दिसम्बर से मार्च तक यहां स्कीइंग, स्नो बोर्डिंग, आइस स्केटिंग, विंटर फैशन वीक, फिल्म व म्यूजिक फेस्टिवल आयोजित होंगे। मई से सितंबर तक एडवेंचर सीजन में माउंटेन क्लाइंबिंग, बाइकिंग, हाई एल्टीट्यूड ट्रेनिंग और एडवेंचर ट्राइथलॉन होगा।

### पर्यटन की अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की तैयारी

**दुनियाभर** में वैकल्पिक ऊर्जा की बढ़ती मांग के बीच तेल पर निर्भरता कम होती जा रही है। ऐसे में सऊदी अरब अपने यहां पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है। उम्मीद है कि ट्रोजेना परियोजना से 2030 तक सऊदी अरब को 8.3 हजार करोड़ रुपए का राजस्व मिलेगा और 10 हजार नयी नौकरियां भी मिलेंगी।



NEWS इन ब्रीफ

### शक्कर में मांग, खाद्य तेलों में तेजी

**नयी दिल्ली।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में मांग रही। खाद्य तेल पूछपरख से ऊंचे रहे। तिलहन में मांग रही। दलहनो में उठाव से मजबूती दर्ज की गई। दालो में मांग रही। चावल में कामकाज सामान्य बताया गया। शक्कर में मांग सुस्त बताई गई। आज शक्कर में कामकाज 3600 से 3640 रुपये के स्तर पर हुआ। शक्कर में 04 गाड़ी आवक हुई। खोपरा बूरा, खोपरा गोला में मांग बढ़त लिए रही। साबूदाना में खरीदी रही। खाद्य तेल मजबूत बताए गए। आज सोयाबीन रिफाइंड बढ़कर बिका। वहीं तिलहन में प्लान्टो की लिवाली रही।स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन मजबूत बने बताए गए। दालों में भाव रही। आज मूंग दाल तथा मूंग मोगर मजबूत रहे। चावल में पूछपरख सामान्य वत बताई गई।

### ड्रोन, रोबोट के बिजनेस पर मुकेश अंबानी का फोकस

**नयी दिल्ली।** मुकेश अंबानी की ड्रोन और रोबोट से जुड़े कारोबार में दिलचस्पी बढ़ी है। दरअसल, रिलायंस इंडस्ट्रीज की सब्सिडयरी रिलायंस स्ट्रैटेजिक बिजनेस वेंचर्स ने अमेरिकी कंपनी ईएक्सवाईएन टेक्नोलॉजीज इंक में 23.3 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। ये डील 2.5 करोड़ डॉलर में हुई है, जो भारतीय रकम में 207 करोड़ रुपए बनती है। इससे पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बताया कि टेलीकॉम कंपनी जियो की सब्सिडयरी रिलायंस प्रोजेक्ट्स एंड प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड (आरपीपीएमएसएल) ने रिलायंस इन्फ्राटेल में लगभग 3,725 करोड़ रुपए में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली जियो ने नवंबर 2019 में रिलायंस कम्युनिकेशंस की कर्ज में डूबी सब्सिडयरी कंपनी की टावर और फाइबर संपत्ति को हासिल करने के लिए 3,720 करोड़ रुपए की बोली लगाई थी।

### बाजार का बुरा हाल लेकिन पीएसयू स्टॉक मचा रहा है धमाल

**नयी दिल्ली।** शेयर मार्केट में आज यानी शुक्रवार को भारी गिरावट देखने को मिली है। गिरावट का सिलसिला पिछले कई दिनों से जारी है। लेकिन इसके बावजूद कई कंपनियों के शेयरों में इस दौरान भी तेजी देखने को मिली है। सरकारी कंपनी भारत इम्युनोलॉजिकल्स एंड बॉयोलॉजिकल्स कॉर्पोरेशन उनमें से एक है। कंपनी के शेयरों में आज 20 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया है। भारत इम्युनोलॉजिकल्स एंड बॉयोलॉजिकल्स कॉर्पोरेशन के शेयर 20 प्रतिशत की उछाल के बाद बीएसई में 44.85 पर पहुंच गए। बीते 3 सत्रों में कंपनी के शेयरों ने 61 प्रतिशत तक की तेजी देखने को मिली है। 20 दिसंबर को कंपनी के शेयर का भाव 27.85 रुपये था। जोकि अब बढ़कर 44.85 रुपये हो गया है।

# 2023 रुपये में करें हवाई सफर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

छुट्टियों के मौसम के आते ही एयर टिकट पर ऑफर मिलने शुरू हो गए हैं। इंडिगो एयरलाइन ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर विंटर सेल का ऐलान किया है। एयरलाइन ने कहा है कि विंटर सेल का लाभ तीन दिनों तक इंडिगो के 6ए नेटवर्क पर उठाया जा सकता है। कंपनी के अनुसार सेल 23 दिसंबर से 25 दिसंबर 2023 के बीच चलेगी। एयरलाइन घरेलू उड़ानों के लिए 2,023 रुपये और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 4,999 रुपये से शुरू होने वाले किराए की पेशकश करेगी। इंडिगो एयरलाइन के अनुसार, ये सेल 15 जनवरी 2023 से 14 अप्रैल 2023 तक की यात्रा के लिए टिकटों की बुकिंग करा सकते हैं। इंडिगो के ग्लोबल सेल्स के प्रमुख विनय मल्होत्रा के अनुसार, इस कदम का उद्देश्य विमानन क्षेत्र में सुधार का जश्न मनाना है। उन्होंने कहा- 'हम




2023 में प्रवेश कर रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग हवाई सफर कर रहे हैं। इसलिए हम छुट्टियों के इस मौसम में एविएशन सेक्टर में एक मजबूत सुधार का जश्न भी मना रहे हैं और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों रूट्स पर विंटर सेल की घोषणा कर रहे हैं। ये ऑफर हमारे व्यापक नेटवर्क पर किफायती किराए, समय पर प्रदर्शन, विनम्र और परेशानी मुक्त सेवा की इंडिगो की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। 290 विमानों के अपने बेड़े के साथ एयरलाइन का दावा है कि वह प्रतिदिन 1,600 से अधिक उड़ानें संचालित कर रही है। इंडिगो 76 घरेलू डेस्टिनेशन और 26 इंटरनेशनल डेस्टिनेशन को जोड़ती है। एयरलाइन के अनुसार, ऑफर के तहत सीमित इन्वेंट्री उपलब्ध है। इसलिए ग्राहकों को उपलब्धता और इंडिगो के विवेकाधिकार के अधीन छूट प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, ग्राहक इंडिगो के पार्टनर बैंक ल्ठइउ से भी कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। एयरलाइन ने आगे कहा कि इस ऑफर को किसी अन्य ऑफर, स्कीम या प्रमोशन के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है। इसके अलावा, यह

**290 विमानों के अपने बेड़े के साथ एयरलाइन का दावा है कि वह प्रतिदिन 1,600 से अधिक उड़ानें संचालित कर रही है**

ऑफर इंडिगो की ग्रुप बुकिंग पर मान्य नहीं है। यह ऑफर नॉन-ट्रांसफरेबल, नॉन-एक्सचेंजेबल और नॉन-इनकैशेबल है। पीटीआई ने हाल ही एक रिपोर्ट के अनुसार बताया था कि भारतीय एयरलाइंस से अक्टूबर में 1.14 करोड़ यात्रियों ने सफर किया गया। ये सितंबर में हवाई यात्रा करने वालों की संख्या से 10 प्रतिशत अधिक है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के जारी आंकड़ों से पता चलता है कि घरेलू हवाई यातायात अक्टूबर में लगभग 27 प्रतिशत बढ़कर 114.07 लाख हो गया, जबकि एक साल पहले यह 89.85 लाख था।

## कम रह सकती है अर्थव्यवस्था की विकास दर

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य जयंत आर वर्मा का मानना है कि भारत की आर्थिक वृद्धि ह्यअत्यंत नाजुक स्थिति में है और इसे अभी पूरा समर्थन देने की जरूरत है। वर्मा ने कहा कि निजी उपभोग और पूंजी निवेश ने अबतक रफ्तार नहीं पकड़ी है, ऐसे में अर्थव्यवस्था की आर्थिक वृद्धि कमजोर बनी हुई है। उन्होंने इस बात की आशंका जताई कि भारत की अर्थव्यवस्था अपनी आकांक्षाओं और जरूरत के हिसाब से वृद्धि दर्ज नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवथा को आगे बढ़ाने के चार इंजन हैं। इनमें से दो इंजन निर्यात और सरकार के खर्च ने महामारी के दौरान अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ने में मदद की लेकिन अब इसमें अन्य इंजनों को बैटन अपने हाथ में लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा, मैं अर्थव्यवस्था की वृद्धि के चार इंजन के बारे में सोचता हूं।

## कंपनियों के लिए नियम लागू किये जाएं : कैट

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा है कि ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए संहिताबद्ध नियम लागू नहीं किये गये तो देश के करोड़ों छोटे व्यापारियों के व्यवसाय को गंभीर खतरा उत्पन्न हो जायेगा। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने शुक्रवार को यहां संवाददताओं से कहा कि ई-कामर्स कंपनियां प्रतिस्पर्धा-रोधी प्रथाओं को अपना रही हैं या नहीं, इसकी जांच की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इससे पहले कि ई-कॉमर्स कंपनियां पूरे बाजार पर कब्जा लें, उनकी व्यवसाय करने के पूरे तरीके और उनके द्वारा कर उल्लंघन आदि की जांच करवाया जाना जरूरी है। श्री खंडेलवाल के साथ संवाददाता सम्मेलन में मौजूद ऑल इंडिया मोबाइल फोन रिटेलर्स एसोसिएशन (एमरा) के अध्यक्ष कैलाश लख्यानी ने कहा कि तेजी से बढ़ रहे ई-कॉमर्स व्यापार के लिए कोई कायदे या नियम नहीं बनाये गये हैं। इससे इन कंपनियों को देश में मनमाने तरीके से अपना कारोबार करने का पूरा मौका मिल रहा है। इन कंपनियों की वजह से छोटे व्यापारियों का व्यवसाय चौपट हो रहा है। साउथ इंडिया आर्गनाइज्ड रिटेलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीधर ने कहा कि ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए नियम एवं कायदे तुरंत घोषित करने की मांग पर जोर देने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय संगठनों का एक बड़ा फोरम बनाया जा रहा है, जो संयुक्त रूप से और मजबूत तरीके से देश भर में इस मुद्दे पर एक बड़ा आंदोलन छेड़ेगा। व्यापारी नेताओं ने कहा कि विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों की ओर से अनियंत्रित ई-कॉमर्स गतिविधियों ने खुदरा व्यापार के 40 से अधिक उत्पाद श्रृंखलाआं के व्यापार को बुरी तरह से नष्ट कर दिया है।

## बेरोजगारी भत्ते की कतार में 2 लाख लोग

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

अमेरिकी मार्केट में गिरावट थमने का नाम नहीं ले रही है। हेवी-टेक्नोलॉजी नैस्डैक 2 फीसदी की गिरावट के साथ क्लोज हुआ। निवेशकों को इस बात की चिंता थी कि फ्लेक्सिबल इकोनॉमिक डेटा अमेरिकी फेडरल रिजर्व को ब्याज दरों में बढ़ोतरी से अधिक समय तक रोके रखेंगे। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। फेडरल रिजर्व ने अपना आक्रामक रुख बरकरार रखा। इस वजह से अमेरिका में मंदी की आशंका गहरा रही है, जिसकी वजह से निवेशक अब रिस्क लेने के मोड में नजर नहीं आ रहे हैं।

लेकिन इस दौरान श्रम विभाग ने कहा कि देश में बेरोजगारी भत्ता का लाभ के लिए आवेदन पिछले सप्ताह बढ़कर 2,16,000 हो गए हैं। हालांकि, 2,22,000 के इकोनॉमिस्ट अनुमान से कम थे। एक तीसरी रिपोर्ट में पता चला कि लगातार नौवें महीने में अमेरिका में आर्थिक गतिविधियों में गिरावट आई है। जानकारों का मानना है कि अमेरिका 2022 की सबसे बड़ी चिंताओं में से एक साथ नए साल में प्रवेश करने जा रहा है। एक्सपर्ट्स की मानें तो अमेरिका 2022 की बड़ी चिंताओं में से एक के साथ आगे बढ़ रहे हैं। 2023 के बारे में उच्च महंगाई दर के दबाव को लेकर फेडरल रिजर्व की प्रतिक्रिया थी, जो संयुक्त राज्य अमेरिका में और शायद विश्व स्तर पर भी मंदी के संकेत हैं। अमेरिकी मार्केट लगातार लाल निशान में क्लोज हो रहा है। गुरुवार को डॉउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 56.05 अंक या 1.45 फीसदी गिरकर 3,822.39 पर और नैस्डैक कंपोजिट 233.25 अंक या 2.18 फीसदी टूटकर 10,476.12 पर क्लोज हुआ।

## सीसीआई के फैसले के खिलाफ गूगल की याचिका

**नयी दिल्ली।** गूगल ने एंड्रॉयड मोबाइल उपकरण पारिस्थितिकी तंत्र के मामले में अनुचित व्यापार व्यवहार के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश के खिलाफ राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) में अपील की है। कंपनी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रतिस्पर्धा आयोग ने एंड्रॉयड मोबाइल उपकरणों के मामले में कई बाजारों में अपनी दबदबे की स्थिति का फायदा उठाने के लिए गूगल पर 1,337.76 करोड़ रुपए का भारी जुमार्ना लगाया था। इसके साथ ही सीसीआई ने इंटरनेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी को विभिन्न प्रकार के अनुचित व्यापार व्यवहार से बचने को कहा था। गूगल के प्रवक्ता ने कहा, हमने एंड्रॉयड पर सीसीआई के फैसले के खिलाफ अपील करने का निर्णय लिया है।

## बांग्लादेशी वाणिज्य मंत्री गोयल से मिले, व्यापार बढ़ाने पर चर्चा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और भारत यात्रा पर आए बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी ने नयी दिल्ली में मुलाकात की और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए व्यापक चर्चा की।

वाणिज्य मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार दोनों पक्ष व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सेपा) पर बातचीत को जल्दी फिर करने पर सहमत हुए हैं। इससे पहले दोनों देशों के वाणिज्य मंत्रियों के बीच पिछली बैठक सितंबर 2018 में ढाका में हुई थी। दोनों देशों ने आपस में मुक्त व्यापार समझौता और उसके बाद एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सेपा) पर एक संयुक्त व्यवहार्यता अध्ययन किया गया है। इस अध्ययन का निष्कर्ष है कि सेपा



दोनों देशों के बीच व्यापार और वाणिज्यिक साझेदारी में पर्याप्त वृद्धि के लिए एक ठोस आधार प्रदान करेगा।

बयान के मुताबिक दोनों पक्ष सीईपीए चर्चाओं को जल्द से जल्द शुरू करने पर सहमत हुए। दोनों मंत्रियों ने आपसी हित के जिन विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जिसमें गैर-प्रशुल्कीय बाधाओं और बंदरगाह प्रतिबंधों को हटाने, सीमा हाटों को फिर से खोलने, सामंजस्य और दोनों पक्षों के मानकों और प्रक्रियाओं की पारस्परिक मान्यता दिए जाने, भारतीय रुपये में व्यापार का निपटान, कनेक्टिविटी और व्यापार बुनियादी ढांचे को मजबूत करना शामिल हैं। दोनों पक्षों ने बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शेख हसीना द्वारा सितंबर 2022 में संयुक्त वक्तव्य में अपेक्षित परिणामों को शीघ्रता के साथ हासिल करने और इस दिशा में मुद्दों को जल्द से जल्द सुलझाने पर सहमत हुए हैं।

## नई परियोजना से 3,000 करोड़ रुपए राजस्व की उम्मीद

**नयी दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज को गुरुग्राम में नई आवासीय परियोजना के विकास से करीब 3,000 करोड़ रुपए के बिक्री राजस्व की उम्मीद है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि उसने हरियाणा के गुरुग्राम मे 14.27 एकड़ जमीन के विकास के लिए करार किया है। इसके तहत कंपनी मुख्य रूप से महंगे आवासीय अपार्टमेंट बनाएगी। कंपनी ने कहा कि इस 14.27 एकड़ की परियोजना के विकास से उसे 3,000 करोड़ रुपए का राजस्व मिलने की उम्मीद है। गोदरेज प्रॉपर्टीज घरों की मांग में बढ़ोतरी के बीच आक्रामक तरीके से विस्तार कर रही है। कंपनी सीधे जमीन खरीदने के अलावा नई परियोजनाओं के लिए भू-स्वामियों के साथ भागीदारी भी कर रही है। इससे पहले इसी महीने गोदरेज प्रॉपर्टीज के कार्यकारी चेयरमैन पिरोजशा गोदरेज ने कहा था।

# कोरोना की आहट से सेंसेक्स हुआ धराशायी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कोराना के बढ़ते मामलों का असर भारत समेत दुनिया भर के शेयर बाजारों पर पड़ रहा है। घरेलू शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला बीते तीन दिनों से लगातार जारी है। शुक्रवार को भी मार्केट की शुरूआत लाल निशान पर हुई। कारोबार शुरू होने के कुछ ही मिनटों में सेंसेक्स और निफ्टी धराशायी हो गए। सेंसेक्स 620.66 अंक टूटकर 60,205.56 पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी में भी 158.55 अंकों की गिरावट आई और ये 18,000 के स्तर से नीचे 17,968.80 पर आ गया। बीते कारोबारी दिन गुरुवार को भी बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने 241.02 अंक या 0.39 फीसदी की गिरावट के साथ 60,826.22 के स्तर पर कारोबार क्लोज किया था। कारोबार के दौरान ये 60,656.51 के निचले स्तर तक चला गया था। सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज



(एनएसई) निफ्टी भी 18,289 के लेवल पर खुला था, जो 85.25 अंक या 0.47 फीसदी फिसलकर 18,113.85 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। शुक्रवार को शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से सिर्फ चार शेयर ही हरे निशान पर कारोबार करते दिखाई दिए, जबकि 26 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। इस बीच बैंक निफ्टी 457 अंकों की गिरावट के साथ 41,951 के स्तर पर ओपन हुआ। शेयर बाजार में गिरावट के साथ ही भारतीय करेंसी रुपया भी अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 0.05 फीसदी कमजोर होकर 82.8000 रुपये के लेवल पर खुला। इससे पिछले दिन यह 82.7625 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था। बीएसई का सेंसेक्स अपने हाई लेवल से अब तक 3500 अंक तक टूट चुका है। बीते नवंबर महीने में ही शेयर बाजार में आई तेजी के चलते 30 शेयरों वाले इंडेक्स ने

**30 शेयरों में से सिर्फ चार शेयर ही हरे निशान पर कारोबार करते दिखाई दिए**

**बीएसई का सेंसेक्स अपने हाई लेवल से अब तक 3500 अंक तक टूट चुका है**

पहली बार 63,000 अंक का स्तर पार किया था। एक दिसंबर 2022 को सेंसेक्स 63,500 के पार निकल गया था। इस हाई लेवल से तुलना करें तो अब तक सेंसेक्स 3,500 अंक तक फिसल चुका है। खास बात ये है कि चीन समेत दुनियाभर में बढ़ते कोरोना के मामलों के असर से स्टॉक मार्केट में आई सुनामी के दौरान बीते कुछ दिनों में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई है। स्टॉक मार्केट में जैसे-जैसे कारोबार आगे बढ़ रहा है, दोनों इंडेक्स में गिरावट और तेज होती दिख रही है।

## भारत दे सकता है 18 वस्तुओं के निर्यात पर बल

**नयी दिल्ली।** विकसित देशों में भारतीय वस्तुओं की मांग में कमी को देखते हुए भारत विकासशील देशों में 18 उत्पादों के निर्यात पर जोर दे सकता है। इनमें कीटनाशक, निर्माण सामग्री, रसायन, लौह एवं स्टील जैसी वस्तुएं शामिल हैं। इस समय भारत विकासशील देशों की इन वस्तुओं की सिर्फ 2.5 प्रतिशत मांग पूरी करता है। एमवीआईआरडीसी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर मुबई की एक रिपोर्ट के मुताबिक अगर भारत अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 5 प्रतिशत कर पाने में सफल होता है तो इससे निर्यात बढ़कर 34 अरब डॉलर हो सकता है। विदेश में मांग की कमी, भूराजनीतिक तनावों और विकसित अर्थव्यवस्थाओं में मंदी की वजह से नवंबर में भारत के वाणिज्यक वस्तुओं का निर्यात महज 0.59 प्रतिशत बढ़कर 31.99 अरब डॉलर रहा है और विदेशी खेप पर अभी इन बाहरी वजहों का असर जारी रहने की संभावना है।

## नये ऑर्डर प्राप्त करने में हो रही है कठिनाई

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कोरोना महामारी (कोविड-19) के बाद बाजार में अब स्थायित्व का वातावरण बनने के बावजूद देश में सूक्ष्म, लघु और मझोले क्षेत्र की 57 प्रतिशत इकाइयों को अपने माल के लिए नए आर्डर प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। यह जानकारी एक ताजा सर्वे रिपोर्ट में दी गयी है। सर्वे के अनुसार पूंजी की कमी, आसन्न संकटों तथा कोविड-19 के कारण पिछले दो वर्ष तक आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं के बरकार रहने से ऐसी इकाइयों के लिए जोखिम अधिक हैं। भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट (बीवाईएसटी) की सामाजिक आर्थिक पहल के तहत 12 राज्यों के 20 शहरों में सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर उद्यमियों के स्वामित्व वाली लगभग 5,685 एमएसएमई इकाइयों के बीच किए गए इस सर्वे के आधार पर जारी रिपोर्ट के अनुसार इनमें से कम से कम 57 प्रतिशत इकाइयां, अपने माल के लिए नए ऑर्डर प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। यह अध्ययन अक्टूबर 2022 में सम्पन्न कराया गया। बीवाईएसटी की विज्ञप्ति के अनुसार , उपभोक्ताओं की कम क्रय शक्ति के कारण मांग कम हो जाती है और ईंधन की कीमतों में वृद्धि के साथ उच्च परिवहन लागत के कारण कच्चे माल की लागत में वृद्धि पिछले 27 महीनों के दौरान उद्यमियों के सामने आने वाली प्रमुख समस्याओं में से एक है। रिपोर्ट के अनुसार महामारी का सबसे बड़ा सकारात्मक प्रभाव आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन का डिजिटलीकरण रहा है। लगभग 40 प्रतिशत उद्यमियों ने कहा कि उन्होंने कच्चे माल की व्यवस्था करने और अपने उत्पादों के विपणन के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म मुख्य रूप से फेसबुक और व्हाट्सएप का उपयोग करना शुरू कर दिया है।

स्थिति गंभीर | कोरोना की वजह से चीन में दवाओं की भारी किल्लत

# भारत से भेजी जा रही दवा की खेप

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

एक बार फिर चीन मे कोरोना ने अपना भयानक रूख दिखाना शुरू कर दिया है। लोग यहां महामारी के चपेट में आने लगे हैं। धीरे-धीरे यहां सरकार के लिए कठिनाईयां खड़ा करता जा रहा है। यहां दवाओं की भी अभी से ही किल्लत नजर आने लगी है। यहां लोग रोजआना अपनी जानें गवां रहे हैं। चीन में कोरोना बेकाबू हो चुका है और इससे दुनियाभर की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। इस महीने की शुरूआत में चीन द्वारा सख्त कोविड-19 नियमों में अचानक ढील देने के बाद बुखार की दवाओं और वायरस परीक्षण किट की मांग में जोरदार उछाल आया, जिससे इबूप्रोफेन और पैरासिटामोल दवाओं की भारी किल्लत हो गई




है। इस बीच भारत ने चीन की इस संकट से निपटने में मदद के लिए हाथ बढ़ाया है और बुखार की इन दवाओं के निर्यात को बढ़ाने के लिए तैयार है। कोरोना संक्रमण बढ़ने के चलते चीन में बुखार की सामान्य दवाओं की मांग काफी बढ़ गई है। सिरदर्द की दवा इबूप्रोफेन और बुखार की दवा पैरासिटामोल का कोटा सीमित करना पड़ा है। बढ़ते कोरोना के प्रकोप और इन जरूरी दवाओं की किल्लत दूर करने में भारत ने चीन का सहारा देने की बात कही है। फार्मास्युटिकल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया का कहना है कि हम इन दोनों दवाओं का निर्यात बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फार्मेसिल के चेयरपर्सन साहिल मुंजाल ने बताया कि चीन

**कोरोना संक्रमण बढ़ने के चलते चीन में बुखार की सामान्य दवाओं की मांग काफी बढ़ गई है**

**फिलहाल चीन के सामने दवाओं की स्थिति काफी गंभी होती नजर आ रही है**

से इन दोनों दवाओं की पूछताछ हमारे पास आ रही है। वहां फिलहाल इन दोनों ही दवाओं की मांग आसमान छू रही है और इनकी भारी किल्लत हो गई है। इस संबंध में विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि भारत दुनिया में जेनेरिक दवाओं के सबसे बड़े निमार्ताओं में से एक है और इस संकट की घड़ी में चीन की मदद करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हम चीन के हालात पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। हम फामेर्सी के क्षेत्र में हमेशा से ही दुनिया की मदद के लिए आगे रहे हैं। हालांकि, दिल्ली स्थित चीनी दूतावास की ओर से अभी तक इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं की गई है। हाल ही में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक, पूर्वी चीन के जियांग्सू राज्य की राजधानी नानजिंग में आईबुप्रोफेन की किल्लत को देखते हुए कोटा तय कर दिया गया है। इसकी कितनी कमी है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एक ग्राहक को इस दवा के 6 टैबलेट ही दी जा सकती हैं।

## टाटा पावर को 450 करोड़ रुपए की ऋण सुविधा मिली

**नयी दिल्ली।** टाटा पावर ने शुक्रवार को कहा कि उसे जापान के एमयूएफजी बैंक से अपनी सौर परियोजनाओं के लिए 450 करोड़ रुपए का वित्तपोषण मिला है। कंपनी ने बयान में कहा कि टिकाऊ व्यापार वित्त सुविधा के तहत मिला यह ऋण टीपी किरनाली लिमिटेड (टीपीकेएल) के तहत दो सौर परियोजनाओं के लिए है। महाराष्ट्र के परथुर में 100 मेगावॉट और गुजरात के मेसांका में 120 मेगावॉट क्षमता वाली परियोजनाएं हैं। टीपीकेएल, टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है। एमयूएफजी की तरफ से भारत में किसी पहली परियोजना को टिकाऊ व्यापार वित्त सुविधा दी गई है। यह सौदा इस क्षेत्र में एमयूएफजी को पयार्वरणीय, सामाजिक एवं संचालन (ईएसजी) गतिविधियों के एक पसंदीदा वित्तपोषक के तौर पर स्थापित करेगा।

## बीगौस ने लॉन्च किया इलेक्ट्रिक स्कूटर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कंपनी बीगौस ने आज डीलर पार्टनर ईविंग्स ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर दिल्ली में अपना तीसरा ईवी स्कूटर बीजी डी15आई और डी 15 प्रो लाँच करने की घोषणा की जिसकी एक्स शोरूम कीमत क्रमशः 99,999 रुपये और 1,14,999 रुपये है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इस मौके पर 100 से ज्यादा ग्राहकों ने बीगौस द्वारा निर्मित इस स्वदेशी स्कूटर की टेस्ट राइड किया। इस दौरान आरआर ग्लोबल के डायरेक्टर सुमित काबरा भी उपस्थित रहे। आरआर ग्लोबल के डायरेक्टर और बीगौस के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक हेमंत काबरा ने कहा, ह्ल दिल्ली में अपने डी15 मॉडल को प्रदर्शित करते हुए उत्साहित हैं। ग्राहक हमारे पिछले मॉडलों से परिचित हैं और 100 प्रतिशत मेड इन इंडिया इलेक्ट्रिक स्कूटर बीजी डी15 बीगौस के पिछले मॉडलों से भी एक कदम आगे है। दिल्ली एक प्रगतिशील बाजार है और हमें भरोसा है कि बीजी डी15 यहां के स्मार्ट और ट्रेंडी लोगों को जरूर लुभाएगा। हम देशभर में ईवी को अपनाने की तैयारी कर रहे ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने मॉडल्स को विस्तार देने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। सुरक्षा को प्राथमिकता में रखते हुए तैयार बीजी डी15 एक प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर है। इसमें 20 सेफ्टी फीचर दिए गए हैं। बीगौस ने ऐसा स्कूटर तैयार किया है, जो न सिर्फ अपनी आधुनिक डिजाइन से ग्राहकों को लुभाएगा, बल्कि स्मार्ट बैटरी और मोटर कंट्रोलर जैसे उपयोगी फीचर्स भी लोगों को भाएंगे।




## NEWS इन ब्रीफ

### शाह ने किसानों को किसान दिवस की शुभकामनाएं दीं

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देशभर के किसानों को किसान दिवस की शुभकामनाएं दीं। एक ट्वीट के माध्यम से श्री शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी ने जीवनपर्यन्त किसानों के हितों के लिए संघर्ष किया। उनका मानना था कि समृद्ध किसान और सशक्त कृषि व्यवस्था ही उज्ज्वल भारत की नींव हैं। चौधरी साहब की जयंती पर उनका स्मरण कर उन्हें नमन करता हूं व सभी को किसान दिवस की शुभकामनाएं देता हूं।

### अंकिता मर्डर केस में आरोपियों का नार्को टेस्ट से इनकार

**देहरादून।** अंकिता भंडारी मर्डर केस में निलंबित भाजपा नेता के बेटे पुलकित आर्य सहित तीनों आरोपियों ने नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट कराने से इनकार कर दिया। आरोपियों के वकील अमित सजवाण ने कहा कि एसआईटी ने चार्जशीट में यह नहीं बताया कि वह नार्को टेस्ट क्यों कराना चाहती है? अब इस केस में अगली सुनवाई 3 जनवरी 2023 को हाईकोर्ट में होगी। ऋषिकेश के वनंतरा रिसॉर्ट में 19 साल की रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी को आरोपियों ने 18 सितम्बर को चिल्ला नहर में धकेल दिया था। उसकी लाश 24 सितम्बर को मिली थी।

### बिकनी किलर चार्ल्स शोभराज नेपाल की जेल से रिहा

**काठमांडू।** खूंखार हत्यारा और बिकनी किलर के नाम से मशहूर 77 वर्षीय चार्ल्स शोभराज को नेपाल के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार शुक्रवार दोपहर जेल से रिहा कर दिया गया। बुधवार को नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने अलग-अलग कारणों से शोभराज को रिहा करने का आदेश दिया था। शोभराज द्वारा दायर एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सपना प्रधान मल्ला और तिल प्रसाद श्रेष्ठ की संयुक्त पीठ ने उसकी रिहाई का आदेश दिया था और कहा कि फ्रांसीसी नागरिक को पांच दिन में वापस अपने देश में भेजने की व्यवस्था की जाये।

# हम जंग खत्म करना चाहते हैं

## पुतिन ने कहा- कोई भी युद्ध हो, खत्म तो होता ही है

**एजेंसी। कीव**

यूक्रेन के साथ जंग का एक साल पूरा होने से पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने ऐलान किया है कि वह जल्द युद्ध को खत्म करना चाहते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के अमेरिकी दौरे के बाद पुतिन ने मीडिया से बात की है। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस संघर्ष को खत्म करना हमारा मुख्य मकसद है। हम इसके लिये प्रयास कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। पुतिन ने कहा कि चाहे किसी तरह से हो लेकिन, सभी संघर्ष खत्म होते हैं। हमारा दुश्मन जितना जल्दी इस बात को समझ पायेगा उतना बेहतर होगा।

पुतिन ने पहली बार सार्वजनिक तौर पर यूक्रेन के स्पेशल मिलिट्री ऑपरेशन को युद्ध कहा। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वो रूस को कमजोर करने के लिए यूक्रेन का इस्तेमाल कर रहा है। अमेरिका ने हाल ही में एक ऐलान किया है कि वो यूक्रेन को 15 हजार करोड़ रुपये की मदद देगा। इसमें अमेरिका की तरफ से पैट्रियट मिसाइल डिफेंस सिस्टम भी यूक्रेन को दिया जायेगा। इस पर भी पुतिन ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इससे युद्ध पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। रूस इससे निपटने का कोई न कोई रास्ता जरूर ढूंढ निकालेगा। जो भी यूक्रेन को इस तरह की मदद पहुंचा रहे हैं वो इस संघर्ष को और बढ़ा रहे हैं।

**जेलेंस्की को मिला 'हीरो वेल्कम' :** दूसरी ओर यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की रूस से युद्ध शुरू होने के बाद पहली विदेश यात्रा पर अमेरिका पहुंचे। जहां वे अमेरिकी राष्ट्रपति से मिले। व्हाइट हाउस में जेलेंस्की का किसी हीरो की तरह स्वागत किया गया। इस बीच बाइडेन प्रशासन ने घोषणा की कि वह यूक्रेन को 1.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर की सैन्य सहायता प्रदान करेगा।



### अमेरिका ने किया पलटवार

**व्हाइट** हाइस के प्रवक्ता जोन किर्बी ने कहा कि पुतिन ने कोई ऐसा संकेत नहीं दिया जिससे लगे की वो किसी तरह के समझौते के लिए तैयार हैं। किर्बी ने कहा, पुतिन जो यूक्रेन में कर रहे हैं वो उनके जंग खत्म करने के दावों के ठीक उलट हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन युद्ध खत्म करने के लिए पुतिन से बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन उसके लिए रूस को सीरियस दिखना होगा।

### रूसी सैनिक की पत्नी ग्लोबल वांटेड घोषित

**कीव।** एक रूसी सैनिक की पत्नी को ग्लोबल वांटेड लिस्ट में शामिल किया गया है। उस पर अपने सैनिक पति को यूक्रेन की औरतों का रेप करने की परमिशन देने का आरोप है। रूसी सेना के यूक्रेन पर हमले के बाद अप्रैल में इन दोनों की एक कॉल रिकॉर्डिंग वायरल हुई थी। सिक्योरिटी सर्विस ऑफ यूक्रेन ने इनकी इस बातचीत को इंटरसेप्ट किया था। यूक्रेन की जांच एजेंसियों के अनुसार बातचीत में शामिल रूसी सैनिक का नाम रोमन बाइकोव्स्की और उसकी पत्नी का नाम ओल्गा बाइकोव्सकाया है।



## महाराष्ट्र के कई मंदिरों में मास्क लगाना अनिवार्य

**मुंबई।** क्रिसमस और नववर्ष की लगातार छुट्टियां होने के कारण महाराष्ट्र के कई प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए वहां आनेवाले श्रद्धालुओं के लिए मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। शिरडी के साईंबाबा संस्थान को विदेशों में कोविड के बढ़ते प्रकोप के बारे में सतर्क कर दिया गया है। दर्शन के लिए आनेवाले साईं भक्तों को मास्क लगाने, सामाजिक दूरी का पालन करने और सैनिटाइजर का उपयोग करने का आग्रह किया गया है जबकि कोल्हापुर के अंबाबाई मंदिर में, कर्मचारियों के लिए मास्क लगाना अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया है। हालांकि, भक्तों के लिए अब तक मास्क लगाना अनिवार्य नहीं किया गया है। इस बीच, पंढरपुर में भगवान विठ्ठल मंदिर में कल तक मास्क लगाने के संदर्भ में निर्णय लिए जाने की संभावना है। मुंबई के मुंबादेवी मंदिर के कर्मचारियों को मास्क लगाने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा, भक्तों से भी मास्क पहनने का आग्रह किया जा रहा है। नववर्ष के अवसर पर मुंबई और राज्य के अन्य मंदिरों में भी भीड़ होने की संभावना है।

# मैरिटल रेप मामले में पति पर दर्ज होगा केस

### कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा- पत्नी से दुष्कर्म के लिए पति को नहीं मिल सकती छूट

### मैरिटल रेप पर जनवरी 2023 में सुप्रीम कोर्ट से आनेवाला है फैसला

**एजेंसी। बेंगलुरू**

वैवाहिक दुष्कर्म को लेकर कानून में अपवाद की संवैधानिकता पर सुप्रीम कोर्ट के जनवरी 2023 में आने वाले फैसले से पहले कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक मामले में पति पर केस दर्ज करने का आदेश दिया है। राज्य सरकार ने भी इस मामले में पति पर पत्नी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में केस दर्ज करने का समर्थन किया है।

राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले का समर्थन करते हुए सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। इसमें कहा है कि केस दर्ज होना चाहिए। हाईकोर्ट ने पत्नी के साथ जबरन यौन संबंध बनाने के लिए आईपीसी की धारा 376 के तहत पति के खिलाफ लगाये गये आरोपों को बरकरार रखा था। वैवाहिक दुष्कर्म अपवाद की संवैधानिकता पर कोई टिप्पणी किये बिना हाईकोर्ट ने कहा कि इस मामले के तथ्यों और हालात में इस तरह के यौन हमले/दुष्कर्म के लिए पति को पूरी छूट नहीं दी जा सकती है। वैवाहिक दुष्कर्म पर बहस का एक लंबा दौर है। पूर्व में दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल याचिकाओं में दुष्कर्म के कानून के तहत पतियों को दी गयी छूट को खत्म करने की मांग की गयी थी।

#### केंद्र का रुख स्पष्ट नहीं

**केंद्र** सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट में वैवाहिक दुष्कर्म को आपराधिक बनाने पर स्पष्ट रुख अपनाने से परहेज किया था। याचिकाओं में आईपीसी की धारा 375 के अपवाद 2 को चुनौती दी गयी थी। वहीं, कर्नाटक हाईकोर्ट ने वैवाहिक दुष्कर्म की एफआईआर को रद्द करने से इनकार करते हुए फैसला सुनाया था। जस्टिस एम नागप्रसन्ना की एकल पीठ ने कहा कि आईपीसी की धारा 375 का अपवाद 2 पूर्ण नहीं है। इसमें पति को रियायत दी गयी है।

# मनी लॉन्ड्रिंग : कमलनाथ के भतीजे को समन जारी

### 685 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले में आरोपी है रतुल पुरी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता कमलनाथ के भतीजे रतुल पुरी को समन जारी किया है। रतुल उर्वरक घोटाले और रिश्वत के रूप में 685 करोड़ रुपये के भुगतान से जुड़े धन शोधन मामले में आरोपी हैं। विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने पूरक आरोप पत्र का संज्ञान लेने के बाद पुरी को 18 जनवरी को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने कहा कि प्रथम दृष्टया इस मामले में पुरी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। पुरी अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाले से जुड़े मामले में भी आरोपी हैं और जमानत पर बाहर हैं। ईडी ने आरोप पत्र के हवाले से कहा कि उर्वरक घोटाले में राष्ट्रीय जनता दल के राज्यसभा सांसद अमरेंद्र धारी सिंह और इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ यूएस अवस्थी भी शामिल हैं, जो अवस्थी के एनआरआई बेटों और इंडियन पोटाश लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पी एस गहलौत तथा विदेशों में रहने वाले अन्य आपूर्तिकताओं को वर्ष 2007 से 2014 के दौरान कथित रूप से भुगतान किए गए 685 करोड़ रुपये से अधिक के अवैध कमीशन से संबंधित हैं।



## कश्मीर में युवक ने परिवार के तीन लोगों की हत्या की

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में शुक्रवार को मानसिक रूप से विक्षिप्त एक व्यक्ति ने परिजनों पर लाठी से हमला कर दिया जिससे एक महिला सहित कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। उप जिला मजिस्ट्रेट (एसडीएम) पहलगाम सैयद नसीर ने शुक्रवार को यूनीवार्ता को यह जानकारी दी। एसडीएम ने बताया कि ऐशमुकम में कथित मानसिक रूप से विक्षिप्त जावेद हसन राठेर ने अपने माता-पिता सहित कई लोगों पर लाठी से हमला किया, जिसमें उसकी मां और दो अन्य लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गये। उन्होंने बताया कि आरोपी ने पहले अपने परिजनों पर हमला किया और बाद में इलाके में तोड़फोड़ की और अन्य लोगों को पीटकर घायल कर दिया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों के नाम हफीजा बेगम, गुलाम नबी खादिम और मोहम्मद अमीन शाह हैं।

## बर्फ वाला शहर...



**अमेरिका** में क्रिसमस से ठीक पहले बॉम्ब साइक्लोन ने दस्तक दे दी है। तूफान के खतरे को देखते हुए दो दिनों में चार हजार से ज्यादा उड़ाने रद्द कर दी गयीं। इससे लाखों लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई। इस दौरान शिकागो के आसपास के इलाके का तापमान -13 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मिनेपोलिस और सेंट पॉल शहरों में आठ इंच से ज्यादा की मोटी बर्फ की चादर बिछ गई। तूफान का असर कनाडा में भी देखा जा रहा है। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, इस वक्त अमेरिका की 60 प्रतिशत आबादी किसी न किसी विंटर वॉर्निंग से प्रभावित हैं। इनमें से 17.7 करोड़ लोगों को सर्द हवाओं की चेतावनी मिली है।

**सफलता** | पहले प्रयास में फेल हुई फिर भी नहीं बदला इरादा, पिता हैं टीवी मैकेनिक

# सानिया: देश की पहली मुस्लिम फाइटर पायलट बनेंगी

### 27 दिसम्बर से पुणे में ट्रेनिंग होगा शुरू

**एजेंसी। मिर्जापुर**

यूपी के मिर्जापुर की रहनेवाली सानिया मिर्जा देश की पहली महिला फाइटर पायलट बनने जा रही हैं। सानिया ने नेशनल डिफेंस अकादमी (एनडीए) की परीक्षा में 149वीं रैंक हासिल की है। वह यूपी की पहली महिला फाइटर पायलट भी होंगी। 27 दिसम्बर को पुणे में ट्रेनिंग शुरू करके अपने सपने को सच करने जा रही हैं। सानिया मिर्जापुर से करीब 10 किमी दूर जसोवर गांव की हैं। गांव के ही स्कूल से 10वीं की पढ़ाई की। 12वीं के लिए मिर्जापुर आयीं और हिंदी मीडियम से पढ़ाई की। सानिया के पिता शाहिद अली टीवी मैकेनिक हैं। गांव के घर पर ही उनकी दुकान है। एनडीए का रिजल्ट आते ही सानिया देशभर में सुर्खियों में आ गयीं।

**देश की पहली महिला पायलट अवनी से इंस्पायर :** एनडीए में सिलेक्शन के बाद सानिया बेहद खुश हैं। वह कहती हैं, मैंने देश की पहली महिला फाइटर पायलट अवनी चतुर्वेदी का इंटरव्यू पढ़ा था। तभी से मेरे मन में फाइटर पायलट बनने की इच्छा हो गयी। आमतौर पर हम जिस जगह से आते हैं वहां टीचर, डॉक्टर या इंजीनियर के आगे की कोई बात ही नहीं करता है। मेरी पूरी पढ़ाई हिंदी मीडियम से हुई है। 8वीं तक गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ाई की। फिर 10वीं गांव के ही पंडित चिंतामणि दुबे इंटर कॉलेज से किया। सानिया कहती हैं, गांव में अच्छे स्कूल नहीं हैं, इसलिए मेरा एडमिशन मिर्जापुर के गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज में हुआ। यहां से मैंने 12वीं की पढ़ाई की। 12वीं मैंने वढ बोर्ड में जिला टॉप किया है। मेरा मन फाइटर पायलट बनने का था। इसलिए, मैंने 12वीं के बाद मिर्जापुर के ही कोचिंग में एनडीए की तैयारी शुरू कर दी। सानिया बताती हैं, यह एनडीए में दूसरा अटेंम्प था। पहली बार में मेरा सिलेक्शन नहीं हुआ था। जब मेरा सिलेक्शन नहीं हुआ तो मैं थोड़ी उदास हुई, लेकिन परेशान नहीं हुई, बल्कि मैंने अपनी कमजोरी को पहचाना और उस पर काम करना शुरू किया। दूसरे अटेंम्प में मेरा सिलेक्शन हो गया। मेरी 149वीं रैंक हैं। पुणे में 27 दिसंबर से मेरी ट्रेनिंग शुरू हो जायेगी।



#### मैं चाहती हूं कि हर लड़की पढ़ी-लिखी हो...

**सानिया** कहती है : मैं चाहती हूं कि हर लड़की पढ़ी-लिखी हो। हम देखते हैं कि हमारी सोसाइटी में लड़कियों के माता-पिता अपना सारा पैसा लड़की के दहेज में लगा देते हैं। बहुत कम लड़कियां होती हैं जो आगे चलकर बीए/बीएससी करती हैं। मेरे पायलट बनने में मेरे माता-पिता का ज्यादा सपोर्ट रहा है। पिता का ज्यादा सपोर्ट रहा है, उन्होंने मेरे ऊपर कोई दबाव नहीं आने दिया। बता दें कि एनडीए 2022 के एग्जाम में मेल-फीमेल मिलाकर कुल 400 सीटें थीं। इसमें 19 सीटें महिलाओं के लिए थीं। इनमें से सिर्फ दो सीटें फायटर पायलट के लिए रिजर्व थीं। इन्हीं दो सीटों में एक पर सानिया मिर्जा ने कब्जा किया है।

